वर्ष- 11 अंक-124
लखनऊ, गुरुवार 21 दिसम्बर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मोदी के नेतृत्व में हो रहा है नये भारत का दर्शन : योगी 03

ईडी ने लालू और तेजस्वी को भेजा समन 12

## आपराधिक न्याय प्रणाली में होगा आमूल-चूल बदलाव : शाह

**ऐलान**

- आजादी के बाद पहली बार अपराध न्याय प्रणाली से जुड़े तीनों कानूनों का होगा मानवीकरण



**देश को नुकसान करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा**

श्री शाह ने कहा कि इसमें महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता दी गई है, उसके बाद मानव अधिकारों से जुड़े कानूनों और देश की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को प्राथमिकता दी गई है।
देश को नुक़सान करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा ऐसा इसमें प्रावधान किया गया है। इसमें फ़ोरेंसिक साइंस को बहुत तवज्जो दी गई है।

**आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव करने वाले तीन विधेयक लोकसभा में पारित**

भारत में अंग्रेज़ों के ज़माने की दंड आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली को हटा कर उसके स्थान पर न्याय केन्द्रित भारतीय मूल्यों पर आधारित न्यायिक प्रणाली स्थापित करने वाले तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को लोकसभा ने बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक– 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक –2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर दो दिनों तक करीब छह घंटे तक चली चर्चा का गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अंग्रेजों के जमाने के कानूनों में बदलाव कर आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल–चूल बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति की बात कही थी, उसी के तहत गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में बदलाव के लिए गहन विचार किया।

**मॉब लिंचिंग होने पर होगी फांसी की सजा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन नए आपराधिक कानून विधेयकों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानूनों के मुताबिक, मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए मौत की सजा का प्रावधान होगा।
केंद्र के अनुसार नए विधेयकों का उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पुनर्जीवित करना है, जिसमें दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अंग्रेजों ने जो राजद्रोह कानून बनाया था, जिसके तहत तिलक महाराज, महात्मा गांधी, सरदार पटेल और हमारे कई स्वतंत्रता सेनानी वर्षों तक जेल में रहे और वह कानून आज तक चल रहा है। पहली बार, मोदी सरकार ने राजद्रोह कानून को पूरी तरह से खत्म करने का फैसला किया है। अमित शाह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, जो भारतीय दंड संहिता की जगह लेगी, सजा के बजाय न्याय पर केंद्रित है।

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार अंग्रेजों के जमाने के कानूनों में बदलाव कर आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव ला रही है।

श्री शाह बुधवार को लोकसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक- 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक - 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार अंग्रेजों के जमाने के कानूनों में बदलाव कर रही है। आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति की बात कही थी, उसी के तहत गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में बदलाव के लिए गहन विचार किया।

उन्होंने कहा कि तीनों विधेयकों में व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के तीन सिद्धांतों के आधार पर बनाये जा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार अपराध न्याय प्रणाली से जुड़े तीनों कानूनों का मानवीकरण होगा। गृह मंत्री ने कहा कि मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और विधेयकों के पारित होने के बाद बने नये कानून में इस अपराध में फांसी की सजा का प्रावधान है। श्री शाह ने कहा कि उन्होंने तीनों विधेयकों को गहनता से पढ़ा है और इन्हें बनाने से पहले 158 परामर्श सत्रों में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही है, इसके साथ ही राजद्रोह को देशद्रोह में बदला जा रहा है।

## नरेन्द्र मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री : जेपी नड्डा



समृद्धि न्यूज़।

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी पार्टी की प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनेगी और श्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमन्त्री बनेंगे।

अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम मे आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ-3 का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत पहले अर्थव्यवस्था मे 11 वें, 12वे नम्बर पर रहता था लेकिन अब पांचवे नम्बर पर आ गया है। 2024 का चुनाव जीतने के बाद जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनेगे तो तीन साल के भीतर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप मे उभरेगी, ऐसा सकंल्प लेकर हम लोग कार्य करने के लिए तैयार है।

उन्होने कहा कि श्री मोदी विकास को प्राथमिकता देते है। 70 वर्षो से भारत ने खेलों में इतने पदक नहीं जीते जितने मेडल मोदी सरकार मे जीते गये हैं। ये इसलिए हुआ है क्योंकि ओलंपिक गेम, एशियन गेम्स सहित अन्य खेलो मे पहले बड़े शहरो, मुम्बई, कलकत्ता एवं कई प्रदेशो के खिलाड़ियों को बुला कर खिलाया जाता था लेकिन श्री मोदी की नीति से भारत के गरीब, किसान, गांव, कस्बो के खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने का मौका मिला और उनके द्वारा अधिक से अधिक मेडल प्राप्त किया गया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी संसद भवन मे एक सांसद का वीडिओ बना कर संसद की तथा पार्टी की गरिमा को गिराने का काम किया है जो निन्दनीय है। गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने अपनी भोजपुरी सिटी मे राहुल गांधी को कैमरामैन रखने के लिए जगह खाली किया है, अगर राहुल गांधी द्वारा आवेदन किया जायेगा तो सांसद रवि किशन उन पर विचार करके कैमरामैन का कार्य करने का मौका देंगे। कांग्रेस पिछड़ों के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीटती है, जब पिछड़ों लिए कुछ करना होता है तो वो कार्य सिर्फ भाजपा सरकार करती है। वो दिन चले गये, जब चेहरा देख कर विकास होता था योजनांए शुरू होती थी जब से भाजपा की केन्द्र मे सरकार बनी है तब से देश का तथा किसानों, गरीबो,असहायों के लिए कार्य किये जा रहे है।

**दावा**

- नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा

**खेलों को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी द्वारा किये जा रहे ऐतिहासिक कार्य**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारत में खेलो को बढ़ावा देने के लिए पीएम द्वारा ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे है 2014 मे खेल का बजट लगभग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक था लेकिन उस बजट को बढ़ा कर भाजपा सरकार ने तीन हजार करोड़ से अधिक कर दिया है। ओलंपिक की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सहायता राशि अभी तक नही दिया जाता था लेकिन अब उन्हे सहायता राशि उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश के चार एक्सप्रेसवेज पर 26 चार्जिंग स्टेशन बनाएगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पहचान अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में बन चुकी है। प्रदेश में अभी 6 एक्सप्रेसवे संचालित हैं जबकि 7 निर्माणाधीन हैं। योगी सरकार अब प्रदेश के चार बड़े एक्सप्रेस–वे पर पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाने जा रही है। यूपीडा की तरफ से इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसके अंतर्गत बुंदेलखंड, पूर्वांचल, आगरा–लखनऊ और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर कुल 26 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन्हे प्रदेश की ईवी पॉलिसी और भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय की गाइडलाइन्स के अनुरूप तैयार किया जाएगा। वहीं इसके अलावा एक्सप्रेसवे के किनारे सरकार अन्य यात्री सुविधाओं को भी डेवलप करेगी।

### भारतीय तटरक्षक के लिए छह अत्याधुनिक स्वदेशी पोत खरीदे जायेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तट रक्षक के लिए नयी पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोत की खरीद के लिए मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।
रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस खरीद पर (भारतीय–आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कुल 1614.89 करोड़ रुपये की लागत आयेगी । इन छह पोत में से चार पुराने पोत की जगह लेंगे जबकि दो अन्य से भारतीय तटरक्षक बेड़े में वृद्धि होगी। इस खरीद का उद्देश्य भारतीय तटरक्षक की क्षमता को बढाना है। ये आधुनिक और उच्च तकनीक वाले पोत निगरानी, कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव, समुद्री प्रदूषण से निपटने और मानवीय सहायता सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### दो और सांसदों को किया गया निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर लोकसभा में विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी है। लोकसभा में तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना करने को लेकर बुधवार को दो विपक्षी सदस्यों सी थॉमस और ए एम आरिफ को संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। अभी तक लोकसभा और राज्यसभा के 143 सासंदों को निलंबित किया चुका है।

### नरेंद्र सिंह तोमर म.प्र. के वि.स. अध्यक्ष बने

**भोपाल, एजेंसी।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बुधवार को सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को 66 वर्षीय तोमर को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने समर्थन किया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी तोमर को स्पीकर चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने समर्थन किया।

## कोरोना के बढ़ते मामलों से सहमा बाजार

**समस्या**

- सेंसेक्स-निफ्टी में हाहाकार

एजेंसी।



**केरल में 24 घंटे में 292 मरीज, तीन की मौत**

देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं जिनमें से अकेले केरल में 292 लोग संक्रमित हुए हैं। दुनिया भर में लाखों लोगों को मौत की नींद सुला देने वाली कोरोना महामारी से एक बार फिर देश में चिंता बढ़ने लगी है। इसकी वजह है कि कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने लगे हैं और लोगों की मौत भी होने लगी है। बुधवार 20 दिसंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं जिनमें से अकेले केरल में 292 लोग संक्रमित हुए हैं। केरल में ही इसलिए 24 घंटे के दौरान 3 मरीजों की मौत हो गई जिसकी वजह से चिंता बढ़ रही है।

**मुंबई।** देश में कोरोना के नये वेरिएंट से संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ ही ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 930.88 अंक अर्थात् 1.30 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक से नीचे 70,506.31 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 302.95 अंक यानी 1.41 प्रतिशत का गोता लगाकर 21,150.15 अंक पर आ गया।

मुनाफावसूली का अधिक दबाव बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर रहा। इससे मिडकैप 3.12 प्रतिशत लुढ़ककर 35,056.63 अंक और स्मॉलकैप 3.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 40,879.42 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3921 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3177 में भारी बिकवाली जबकि 658 में लिवाली हुई। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां नुकसान जबकि शेष चार लाभ में रही। विश्लेषकों के अनुसार, देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन 1 से संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में 614 संक्रमितों की पहचान हुई है। इससे निवेशक सहमे हुए हैं। साथ ही बाजार के ऊंचे भाव पर निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की है, जिससे बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आई है।

इससे बीएसई के सभी 20 समूहों के शेयर नुकसान में रहे। इस दौरान कमोडिटीज़ 3.51, सीडी 2.55, ऊर्जा 2.18, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.58, हेल्थकेयर 2.00, इंडस्ट्रियल्स 2.85, आईटी 1.84, दूरसंचार 4.36, यूटिलिटीज़ 4.65, ऑटो 2.30, बैंकिंग 0.97, कैपिटल गुड्स 2.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.51, धातु 3.57, तेल एवं गैस 2.23, पावर 4.33, रियल्टी 2.43, टेक 1.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 4.20 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.79, जापान का निक्केई 1.37 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.66 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.08 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.03 प्रतिशत उतर गया। ■

### साहित्य पुरस्कार अकादमी 2023 घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साहित्य अकादमी पुरस्कार,2023 की घोषणा बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में कर दी गयी जिसमें हिंदी के लिए संजीव , अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर और उर्दू के लिए सादिक़ा नवाब सहर को पुरस्कृत करने की बात कही गयी। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सभी 24 भारतीय भाषाओं के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2023 घोषित किए गए हैं, जिनमें नौ कविता-संग्रह, छह उपन्यास, पांच कहानी-संग्रह, तीन निबंध, तथा एक आलोचना की पुस्तक शामिल हैं। पुरस्कारों की अनुशंसा 24 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समिति ने की है तथा साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में इन्हें अनुमोदित किया गया

## उत्तर प्रदेश में नहीं बढ़ेंगी कीमतें, बढ़ेगा आबकारी का राजस्व

**स्पष्टता**

- योगी सरकार की नई आबकारी नीति को एक्साइज कमिश्नर ने किया स्पष्ट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी सरकार की नई आबकारी नीति लागू होने के बाद प्रदेश में न सिर्फ कंट्री मेड शराब की कीमतों में कमी आएगी, बल्कि सरकार के खजाने को भी समृद्ध किया जा सकेगा। प्रदेश के आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी ने नई आबकारी नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में कंट्री मेड शराब की विभिन्न कैटेगरीज को संक्षिप्त करते हुए इन्हें अब केवल चार हिस्सों में बांटा गया है। पहले ये नौ श्रेणियों में होती थीं और इनके दाम भी अलग अलग होते थे। उन्होंने बताया कि शराब की कीमतों में कमी लाने का सबसे बड़ा कारण यूपी में ग्रेन अल्कोहल को बढ़ावा देने की नीति है। इससे प्रदेश की दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म हुई है और राजस्व को भी फायदा मिल रहा है। आबकारी आयुक्त के अनुसार सरकार शीरे वाली शराब की जगह ग्रेन (अनाज) वाली शराब को बढ़ावा दे रही है। दुनियाभर में ग्रेन अल्कोहल को सबसे ज्यादा क्वालिटी युक्त माना जाता है।

### नीतीश के वाराणसी से चुनाव लड़ने की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बीते दिन दिल्ली में अहम बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस, जेडीयू, आम आदमी पार्टी समेत 28 विपक्षी दलों के नेता पहुंचे। बैठक में फैसला लिया गया कि जल्द से जल्द विपक्षी दलों के बीच सीटों का बंटवारा किया जाएगा। इस बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे को पीएम कैंडिडेट बनाने की भी मांग की गई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने किस चेहरे को उतारा जाए, इस पर भी चर्चा की गई। पहला नाम कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का आया और दूसरा नाम नीतीश कुमार का।

## दो साल में खत्म हो जाएगी साइबर वित्तीय धोखाधड़ी : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी।



सरकार ने दो साल के भीतर साइबर धोखाधड़ी को खत्म करने और करोड़ों मासूम नागरिकों को साइबर सुरक्षा प्रदान करने और मोबाइल फोन पर अवांछित कॉल से मुक्ति दिलाने का वादा किया है।

केन्द्रीय संचार, सूचना प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां संवाददाताओं से दूरसंचार विधेयक 2023 के बारे में चर्चा करते हुए यह वादा किया। उन्होंने कहा कि नये दूरसंचार कानून में मोबाइल सिम हासिल करने की प्रक्रिया को पासपोर्ट की तर्ज पर पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाया जा रहा है जिसमें सिम को आधार कार्ड से लिंक करना, केवाईसी सत्यापन करना और उपयोगकर्ता की जिम्मेदारी तय करने के प्रावधान किये हैं। दूसरे के नाम से सिम लेना दंडनीय अपराध करार दिया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि मोबाइल फोन से वित्तीय धोखाधड़ी के जामताड़ा गैंग को नेस्तनाबूद करने के लिए कदम उठाये गये हैं। सिम कार्ड बेचने में नियमों की अवहेलना करने वाले करीब 47 हजार सिम कार्ड विक्रेताओं को प्रतिबंधित किया गया है तथा 57 लाख सिम कार्ड को निष्क्रिय किया गया है।

उन्होंने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ छापों की कार्रवाई की गयी है। संचार मंत्री ने विदेशी सिम एवं सर्वर के उपयोग को कानून के दायरे में लाने के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विधेयक में इसी प्रकार से टेलीकॉम आइडेंटीफायर के दुरुपयोग को दंडनीय अपराध बनाया गया है। विदेश स्थित सर्वरों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया गया है। भारत सरकार को जर्मनी, पाकिस्तान, चीन, बंगलादेश आदि किसी भी देश में स्थित सर्वरों को जब्त करने एवं भारत सरकार को हस्तांतरित करने तथा इसे अंजाम देने वाले अपराधियों के प्रत्यर्पण का इंटरपोल के माध्यम से अनुरोध करने का अधिकार मिल जाएगा।

### ममता ने लंबित केंद्रीय निधि को लेकर मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ तृणमूल कांग्रेस के नौ सांसदों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। तृणमूल सांसद प्रतिनिधिमंडल ने श्री मोदी को एक पत्र भी सौंपा जिसमें राज्य की लंबित केंद्रीय निधि जारी करने का अनुरोध किया गया है। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मांगों को सुना और उन्होंने आश्वासन दिया कि वह समाधान खोजने के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की व्यवस्था करेंगे।

**अब सत्यापन के बाद ही बनेगा 18 साल से अधिक आयु के लोगों का आधार**

## आधार के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति अनिवार्य

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**अब पासपोर्ट की तरह होगा सत्यापन**

इन अधिकारियों के सत्यापन के बाद ही 18 साल से अधिक आयु के लोगों का आधार कार्ड बन सकेगा। इसके लिए अब पासपोर्ट की तरह सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। ऐसे लोगों के लिए आधार नामांकन की सुविधा कुछ चुने हुए आधार केंद्रों पर ही उपलब्ध होगी। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक जिले का मुख्य डाकघर, उप डाकघर और प्राधिकरण द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र शामिल है जिनकी संख्या 1136 है । इन केंद्रों पर आधार नामांकन के उपरांत सूचना प्राधिकरण को भेज दी जाएगी जहां डेटा क्वालिटी जांच के उपरांत इस आवेदन को सर्विस प्लस पोर्टल पर सत्यापन के लिए भेज दिया जाएगा।

अब सत्यापन के बाद ही 18 साल से अधिक आयु के निवासियों का आधारकार्ड बनेगा। अब राज्य सरकार की अनुमति के बाद वयस्क लोगों के आधार कार्ड बनाए जा सकेंगे। इसके लिए जिला स्तर पर और सब-डिवीजन स्तर पर नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी को और सब-डिवीजन स्तर पर एसडीएम को नामित किया गया है। इनके द्वारा सत्यापन के बाद ही 18 साल से अधिक आयु के लोगों का आधार कार्ड बन सकेगा।

सर्विस पोर्टल पर आने वाले आवेदन का सत्यापन एसडीएम अपने स्तर पर करवाएंगे। इसमें लगाए गए सभी दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। अगर सब सही पाया जाता है तो आधार जारी करने की अनुमति दे देंगे जिसके बाद 180 दिनों के अंदर आधार बन जाएगा। अगर सूचना संदिग्ध होगी तो नोडल अधिकारी इसे रिजेक्ट कर देंगे। उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि ये दिशा निर्देश 18 साल से अधिक वर्ष के उन निवासियों के लिए है जो पहली बार अपना आधार बनवा रहे है। एक बार आधार बन जाने के बाद वे भी सामान्य प्रक्रिया के अंतर्गत अपना आधार अपडेट करवा सकते है किसी प्रकार के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी।

ऐसे सभी निवासी जिनके आधार पहले से बने है वे अपने आधार में सुधार,अपडेट आसानी से करवा सकते है ऐसे लोगों को इस नई व्यवस्था से नहीं गुजरना पड़ेगा।

### रामलला के दर्शन कराएंगी 1000 स्पेशल ट्रेनें

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए देश के कोने-कोने से अयोध्या के लिए 1000 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये जानकारी रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने दी। वे बुधवार को रामनगरी पहुंचीं और अयोध्या, रामघाट हाल्ट और गोंडा जिले के कटरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के विभिन्न स्थानों से स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। ये ट्रेनें 19 जनवरी से अयोध्या के लिए रवाना होंगी। इनका संचालन करीब सौ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। यदि कहीं ट्रेनें फुल हो गई हैं और वहां अयोध्या आने वालों की संख्या ज्यादा है तो दूसरी विशेष ट्रेन की व्यवस्था की जाएगी।

## दुष्कर्म व हत्या के मामले में अब तक दो लोगों को मिल चुकी है मृत्यु दंड की सजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- 2 लाख 20 हजार रुपये का लगाया गया जुर्माना

चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में अपर जिला विशेष पाक्सो एक्ट न्यायधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त शाहिद पुत्र इकरार हुसैन निवासी कटिया थाना कम्पिल को दोषी करार देते हुए मृत्यु दण्ड की सजा व 2 लाख 20 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 12 सितम्बर 2023 को सुबह 9 बजे मेरी भतीजी चार वर्षीय घर के बाहर से खेलते समय गायब हो गयी थी। परिवारीजनों ने काफी खोजबीन की, परन्तु पता नहीं चला। मुझे लगभग 6 बजे शाम गांव के लोगों ने बताया कि सुबह 10 बजे करीब शाहिद व उसके दोस्त दारेन को मुर्गीफार्म के पीछे जाते हुए देखा।

जानकारी मिलने पर हम अपने साथ अन्य लोगों के साथ शाहिद के मुर्गीफार्म की तरफ गए। वहां जाकर खोजबीन की। मुर्गीफार्म से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बच्ची का शव मिला था। मेरी भतीजी के साथ शाहिद व दारेन ने दुष्कर्म कर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचक थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने विवेचना कर आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की। मुकदमा विचारण के दौरान अभियुक्त दारेन की पत्रावली किशोर न्यायालय में पृथक हो गयी। अभियोजन पक्ष ने उक्त मामले में 16 गवाह प्रस्तुत किये। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त शाहिद को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा व 2 लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। इससे पहले भी ऐसे ही एक मामले में एक अभियुक्त को इन्हीं न्यायाधीश ने मृत्यु दंड की सजा से दंडित किया है।

(शेष समाचार-पृष्ठ 10 पर देखे)

# मोदी के नेतृत्व में हो रहा है नये भारत का दर्शन : योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/बस्ती।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने बुद्धवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया को नये भारत का दर्शन हो रहा है।

सांसद खेल महाकुम्भ-3 के उद्घाटन के अवसर पर उन्होने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ सांसद खेल महाकुम्भ मील का पत्थर साबित हो रहा है। साढ़े नौ वर्षो के भीतर श्री मोदी के नेतृत्व मे नये भारत का दर्शन हो रहा है। 142 करोड़ लोगो को आगे बढ़ने का पूरा मौका मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश की सरकार निरन्तर सबके हितो के लिये कार्य कर रही है। खेलो को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन बहुत ही सराहनीय है जिसकी जितनी भी प्रशंसा किया जाये कम है।

उन्होने कहा कि सभी क्षेत्रो मे निरन्तर कार्य किये जा रहे है। प्रदेश सरकार ने खेलो को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिए प्रत्येक गांव मे खेल मैदान बनाने का कार्य शुरू किया है। प्रत्येक गांव के खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने के लिए उन्हे मौका तलाश करने की आवश्यकता नही पड़ेगी क्योंकि प्रत्येक ब्लाक स्तर पर मिनी स्टेडिएम का निर्माण कराया जा रहा है और वहां पर खेलो का आयोजन भी कराया जायेगा। प्रदेश सरकार द्वारा 65 हजार खिलाड़ियों को स्पोर्ट किट वितरित किया गया है।

श्री योगी ने कहा कि ओलंपिक गेम,एशियन गेम्स मे प्रतिभाग करने वाले या मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार ने नायब



तहसीदार,डिप्टी एसपी सहित अन्य पदों पर चयन करने का फैसला किया है। जो खिलाड़ी तैयारी कर रहे है उनको तैयारी कराने के साथ-साथ उन्हे आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जा रहा है तथा 5 लाख रूपया का अलग से बजट आवंटित किया गया है। 500 खिलाड़ियों को नौकरी मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए दो प्रतिशत का आरक्षण भी देने का नियम लागू किया गया है।

उन्होने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश मे जापानी इंसेफेलाइटिस नामक बीमारी ने 40 वर्ष के भीतर लगभग 50 हजार बच्चो को निगल गया था लेकिन प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की सहायता से इस बीमारी से निपटने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश मे अभियान चला कर इस पर कार्य किया गया और इसे समाप्त कर दिया गया है स्वास्थ्य,शिक्षा के क्षेत्र मे निरन्तर कार्य किये जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक गांव मे खेल मैदान,ओपेन जिम की स्थापना का कार्य किया जा रहा है अलग-अलग खेलो को पहले प्रमुखता से नही खेला जाता था लेकिन अब अलग-अलग खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा के लिए पूरी तरह से कटिबद्व है। इस सांसद खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को आगे खेलने का मौका मिलेगा जिससे बस्ती जनपद का ही नही पूरे भारत का नाम रोशन हो सके।

# प्रेरणा गर्ल्स स्कूल के 20 साल पूरे होने पर मना वार्षिक खेल दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज

20 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए प्रेरणा गर्ल्स स्कूल ने बुधवार को अपने वार्षिक खेल दिवस - खेलो प्रेरणा का आयोजन गोमती नगर स्थित संस्कृत विद्यापीठ में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की महानिदेशक रेणुका मिश्रा थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल जलाने की के साथ हुई। विद्यार्थियों ने चार सदनों के झंडे प्रदर्शित करते हुए मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। प्रेरणा गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल राखी पंजवानी ने दर्शकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि, रेणुका मिश्रा ने कहा, प्रेरणा को 20 साल की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर हार्दिक बधाई। बच्चों में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में खेलों कूद का बहुत योगदान है । आज




प्रत्येक प्रदर्शन में कड़ी मेहनत दिखाई दी है।

स्टडी हॉल एजुकेशन फाउंडेशन (शेफ) की सीईओ डॉ. उर्वशी साहनी ने कहा, प्रेरणा की शुरुआत 2003 में हुई थी। हमने शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने के 20 साल पूरे कर लिए हैं। प्रेरणा में शिक्षा का हर पहलू लड़कियों को सशक्त बनाने और अपने जीवन को अपनी मर्ज़ी से जीने के लिए शिक्षित करना है। प्रेरणा गर्ल्स स्कूल, स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (एसएचईएफ) का एक इकाई, 2003 में शुरू हुई थी।

## खबरें एक नजर में

### डिप्टी सीएम पहुंचे पीजीआई, दुर्घटना की ली जानकारी

**लखनऊ।** एसजी पीजीआई में हुए अग्निकांड के बाद बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अस्पताल पहुंच कर मरीजों का हाल-चाल जाना। दुर्घटनास्थल पर चिकित्साधिकारियों के साथ पहुंच कर प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराई जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। राजधानी स्थित पीजीआई पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीधे घटनास्थल का रुख किया और अस्पताल प्रबंधन से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि फिलहाल दुर्घटनास्थल को सील कर दिया गया है। साफ-सफाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि पीजीआई सहित प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों एवं ऑपरेशन थियेटरों का फायर ऑडिट कराया जा रहा है।

### ऊर्जा राज्य मंत्री ने विद्युत प.जू.इं.सं के अधिवेशन का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के 76 में वार्षिक महा अधिवेशन का भव्य उद्घाटन ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर द्वारा किया गया। संगठन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा कि विद्युत अभियंताओं की कार्यकुशलता एवं मेहनत की बदौलत प्रदेश उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी अभियंताओं एवं ऊर्जा परिवार को मिलकर हमें इस प्रकार का कार्य करना चाहिए की उपभोक्ताओं का विश्वास विद्युत अभियंताओं के प्रति और बढ़े। ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा संगठन प्रतिनिधियों के प्रति माह बैठक कर बेहतर उपभोकता सेवा और मांगो व समस्याओं पर चर्चा उनका समाधान किया जायेगा। महाधिवेशन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियर और प्रोन्नत अभियंताओं ने प्रतिभाग किया तथा बेहतर उपभोकता सेवा हेतु प्रस्ताव और संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विशेष रूप से आल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई आर के त्रिवेदी,महासचिव इं अभिमन्यु धनकर, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर के सलाहकार ई सुधीर पवार,डिप्लोमा महासंघ उत्तर प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ई एच के मिश्र, महासचिव ई नितिन श्रीवास्तव ने प्रदेशभर से आए जूनियर इंजीनियर एवम प्रोन्नत अभियंताओं को महाधिवेशन शुभकामनाएं दी।

### 141 संसद सदस्यों का निलंबन सीधे लोकतंत्र की हत्याः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष का बहुत महत्वपूर्ण रोल है परंतु कि संसद के सामने माथा टेकना वाले पीएम मोदी के राज में 141 सम्मानित संसद सदस्यों को संसद से निष्कासित किया गया जो लोकतंत्र में ठीक नहीं है। यह सीधे लोकतंत्र की हत्या है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी की बीजेपी गाँधीजी,लोकनायक जय प्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह, अम्बेडकर ,डॉक्टर लोहिया के विचारों से दूर हो गई है। बीजेपी मूल्यहीन पार्टी है जो तानाशाही राज करना चाह रही है। देश की जनता ने आजादी के बाद तानाशाही राज नहीं बर्दाश्त किया है।1977 में तानाशाही के खिलाफ जनता पार्टी की सरकार बनी थी वैसे मोदी सरकार के खघ्लिाफइंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन यूपी में डबल इंजन की सरकार का बैंड बजा देंगी। लोकसभा की 80 में 8व सीट जीतेगी।

# प्रमुख सचिव एम. देवराज की उपस्थिति में आज बृहद रोजगार मेले का होगा आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि आज प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 एम. देवराज एवं मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन रमेश रंजन की उपस्थिति में आज 21 दिसम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का किया जा रहा है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एमए खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 7700 से 27400 रूपये प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी। इच्छूक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# लखनऊ ट्रॉमा सेंटर के कर्मचारियों ने वेतन कटौती पर नाराज होकर की तालाबंदी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ केजीएमयू के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन कटौती से नाराज होकर बुधवार को सुबह कामकाज ठप कर दिया। ट्रॉमा सेंटर का गेट बंद कर दिया। इसकी वजह से मरीज का इलाज ठप हो गया। नए मरीजों की भर्ती प्रभावित हो गई। भर्ती मरीज के तीमारदारों को ट्रॉमा सेंटर से बाहर नहीं आने दिया गया। इससे वह मरीजों की दवा तक लाने के लिए परेशान हुए। वहीं ओपीडी में भी मरीज का इलाज काफी देर प्रभावित रहा। केजीएमयू में करीब 4000 आउटसोर्सिंग कर्मचारी तैनात हैं। इसमें नर्स, टेक्नीशियन, वार्ड बॉय,



वार्ड आया,कंप्यूटर ऑपरेटर, सोशल वर्कर समेत अन्य श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं। ट्रॉमा सेंटर बंद होने से प्रदेश भर से आए मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। मौके पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा है। नही व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में कोई कदम उठाया गया है। इससे ट्रामा सेंटर में भगदड़ जैसी स्थिति बनी हुई है। दूर दराज से आए मरीज बिना इलाज तड़प रहे हैं। ट्रामा सेंटर में चारों तरफ चीख पुकार मची हुई है। तीमारदार रो रहे हैं। अपनों की जान बचाने के लिए कर्मचारियों के आगे गिड़गिड़ा रहे हैं।कर्मचारियों ने बताया कि महीने की 5 तारीख तक वेतन मिल जाना चाहिए। पर, अफसर की लेट लतीफी जारी है। इसकी वजह से 18 तारीख को कर्मचारियों का वेतन मिला। इसमें साप्ताहिक व सार्वजनिक छुट्टियों का वेतन काट लिया गया। जबकि किसी भी दूसरी संस्थान में यह व्यवस्था नहीं है।

## चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया जायेः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने जीवन पर्यत शोषितों और और वंचित वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है। चौधरी साहब को जब भी अवसर मिला उन्होंने किसानों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य से किया।

रोहित अग्रवाल ने पत्र में कहा कि चौधरी सहाब कहते थे कि देश कि ष्समृद्धि और खुशहाली का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है और इसलिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ग्रामीण भारत के विकास हेतु समर्पित कर दिया। चौधरी चरण सिंह ने कई संवैधानिक पदों को सुशोभित किया,वे उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्री रहे।

# तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कल से

▸ ड्राइंग, गायन, नृत्य, वाद्ययंत्र, स्पीच और कबाड़ से जुगाड़ आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखवायेंगे छात्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज

छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिये तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिमा उत्सव आगामी 22 दिसम्बर से एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में शुरू हो रहा है। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शुरू हो रहे इस उत्सव का उद्घाटन प्रातः 11 बजे होगा, जबकि समापन कार्यक्रम 24 दिसम्बर को अपराह्न दो बजे होगा। उत्सव के मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि उत्सव की शुरूआत प्रातः दस बजे शंखनाद व मंत्रोच्चारण के साथ होगी। इसके




उपरान्त विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी आर्ट, ड्राइंग, गायन, नृत्य, वाद्ययंत्र, स्पीच और कबाड़ से जुगाड़ आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे, जो अगले दिन 23 दिसम्बर प्रातः दस बजे से साढ़े चार बजे और 24 दिसम्बर प्रातः दस बजे से दोपहर एक बजे के बीच जारी रहेगी।

उत्सव का समापन 24 दिसम्बर को अपराह्न दो बजे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत एवं सामाजिक एवं क्षेत्रीय विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को सम्मानित करने के साथ किया जायेगा। मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण संकल्प, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा एवं कॅरियर मार्गदर्शन, आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जागरूकता, नशामुक्त समाज का संकल्प दिलाने आदि पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, ताकि छात्रों को बेहतर जीवन बनाने के साथ अपना कॅरियर बनाने में मार्गदर्शन मिल सके।

## पर्यटन मंत्री आज से आगरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद दौरे पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आगरा, फिरोजाबाद तथा मैनपुरी के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री कल अपराह्न 01 बजे से प्रस्थान कर अपराह्न 04 बजे तक बटेश्वर धाम आगरा पहुंचेगे। सीएम के कार्यक्रमों के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन 22 दिसम्बर को पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त सरस्वती विद्या मंदिर बंशीगौहरा मैनपुरी में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की जयन्ती पर आयोजित गणित विज्ञान प्रदर्शनी एवं मेले में शामिल होंगे। इसके पश्चात नगला निरंजन मैनपुरी में सीडीओ आफिस तक सीसी रोड, सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। 24 दिसम्बर रविवार को सिरसागंज फिरोजाबाद कैम्प कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे।

# उच्च न्यायालय ने प्रमुख सचिव शिक्षा को जारी किया अवमानना नोटिस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज


उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ द्वारा अवमानना आवेदन (सिविल) संख्या 3118/2023 (सी/एम लखनऊ एस्थेटिक डेवलपमेन्ट सोसाइटी बनाम दीपक कुमार, प्रमुख सचिव शिक्षा, लखनऊ व अन्य) में सुनवाई करते हुए वाद संख्या 15790/2019 में पारित आदेश दिनांक 26.08.2022 का अनुपालन न करने के लिए दीपक कुमार, प्रमुख सचिव, शिक्षा, लखनऊ को अवमानना का नोटिस जारी किया है।

उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया कि स्टैंडिंग काउन्सल को अनुपालन का हलफनामा जमा करने के लिए समय देने के बावजूद आज तक आदेश दिनांक 26.08.2022 का अनुपालन नहीं किया गया है। उक्त अवमानना आवेदन में आदेश दिनांक 15.12.2023 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय ने अनुपालन हलफनामा



दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसे न कर पाने की स्थिति में माननीय उच्च न्यायालय इसके लिए दोषी प्राधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दे सकती है। ज्ञात हो कि राज्य सरकार को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (2) के अनुरूप प्रतिपूर्ती राशि का निर्धारण करना होता है। उत्तर प्रदेश राज्य ने वर्ष 2013 से अभी तक इसकी घोषणा नहीं की है। इस संबंध में लखनऊ लखनऊ एस्थेटिक डेवलपमेन्ट सोसाइटी ने वर्ष 2019 में उच्च न्यायालय में वाद संख्या 15790 दाखिल किया था।

# भाव और भजन दोनों एक साथ हों तो व्यक्ति भवसागर पार हो जाता हैः प्रेमभूषण जी महाराज



लखनऊ, समृद्धि न्यूज

मनुष्य की बड़ी समस्या है कि वह अपने चाहे जैसा भी रहे अपने बच्चों को बहुत ही सुशिक्षित, सुशील और संस्कारवान बनाना चाहता है। यह कैसे संभव हो सकता है कि जो लोग अपने स्वयं संस्कारवान नहीं हैं उनके बच्चे कहीं और से जाकर संस्कार सीख कर आयें। यह अपेक्षा करना ही गलत है।भजन में रहने वाले को दिन-रात का पता नहीं चलता।

जो मनुष्य भगवान में लग जाता है, भगवान में रम जाता है उसे समय का पता नहीं चलता है। आत्मिक सुख के रस में डूबा है वही व्यक्ति जिसके जीवन में निरंतर भजन बना हुआ है। सरस् श्रीराम कथा गायन के लिए सर्वप्रिय प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने उक्त बातें लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस विद्यालय के मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। श्री रामकथा गायन के माध्यम से भारतीय और पूरी दुनिया के सनातन समाज में अलख जगाने के लिए सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण महाराज ने प्रभु श्रीराम और अन्य भाइयों की बाल लीलाओं का गायन करने के क्रम में कहा कि जब कोई व्यक्ति तीर्थ, यज्ञ, हरि कथा और अन्य सत्कर्मों में लगा रहता है तो जितनी देर वह उसमें जुड़ा होता है, उसे अपने समय के बीतने का पता नहीं लगता है। बड़ी संख्या में विशिष्ट जन उपस्थित रहे हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोता गण को महाराज जी के द्वारा गाए गए दर्जनों भजनों पर झूमते हुए देखा गया। कथा से पूर्व आज सुबह महाराज श्री ने प्रेस के साथियों के साथ मुलाकात में कहा कि देश और सनातन संस्कृति के सम्मान से खिलवाड़ करना बहुत ही गलत बात है। संवाददाताओं के सवालों का उत्तर देते हुए पूज्यश्री ने कहा कि भगवा हमारे लिए। शौर्य, सम्मान और विरक्त भाव से जुड़े लोगों के प्रति सम्मान दर्शाने वाला रंग है। किसी भी प्रकार से चाहे कोई फिल्म बनाकर करें या जिस किसी भी तरह से करें अगर वह सनातन संस्कृति का मखौल उड़ाने की कोशिश करता है तो वह अपराधी है और उसे कानून के दायरे में उचित दंड दिया जाना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा की पर्याय बन चुकीं ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित राम अमृत महोत्सव के चौथे दिन श्याम नंदन जी, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, सहकारिता मंत्री जेपीएसस राठौर, भाजपा नेता अपर्णा यादव, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश महामंत्री संजय राय ,लोकप्रिय चिकित्सक डॉ सुनील प्रधान,सहित प्रदेश के प्रतिष्ठित डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासक,एवं व्यवसायी उपस्थित होकर महराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग उप्र को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने को तैयार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज

प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग सतही स्तर पर सामाजिक आर्थिक विकास के साथ स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर पैदा करने की अपनी निहित क्षमताओं के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्धारित रोडमैप के अनुरूप राज्य को वर्ष 2027 तक एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने के लिये तैयार है।

देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग क्षेत्र की कम्पनियों की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने बुधवार को यहां आयोजित एक समारोह में यह घोषणा की। एसोसिएशन ने कहा कि यह उद्योग विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, व्यक्तियों, स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बिना बिचौलियों के उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है जो राज्य सरकार के उक्त लक्ष्य की रूपरेखा के अनुरूप है। आईडीएसए के अनुसार, वर्ष 2021-22 के आंकड़ों में आधार पर प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग 1926 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ उत्तरी राज्यों में लगातार शीर्ष स्थान पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद तीसरे सबसे बड़े बाजार के पायदान पर है। उद्योग ने राज्य में 17.1 लाख से अधिक लोगों को स्वरोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान किये हैं जिनमें 7.5 लाख से अधिक महिलाएं हैं।

आईडीएसए ने कहा कि राज्य में प्रत्यक्ष बिकी कारोबार आठ प्रतिशत से अधिक की सालाना विकास दर से बढ़ रहा है तथा इस आधार पर चालू वित्त वर्ष में इसके 2300 करोड़ रुपये को पार करने जाने के प्रबल आसार हैं। उद्योग जहां करों के माध्यम से राज्य के खजाने में लगभग 290 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करता है वहीं जबकि 19,030 करोड़ रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 10त्न से अधिक है।

समारोह में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपभोक्ता मामलों के विभाग के मंत्री आशीष पटेल ने अपने सम्बोधन में देश और राज्य के विकास में उद्योग




के सतत योगदान की सराहना की। उन्होंने उद्योग को राज्य में अपनी उत्पादन इकाईयां और भंडारण सुविधाएं स्थापित करने में अधिकाधिक निवेश के लिए आमंत्रित किया और राज्य सरकार की ओर से इसमें हरसम्भव सहयोग मुहैया कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने आईडीएसए को यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम 2021 में परिकल्पित निगरानी समिति के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएगी।

आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने देश में प्रत्यक्ष बिक्री परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा ÷उत्तर प्रदेश प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के लिये प्रमुख और प्राथमिकता वाले बाजारों में से एक है। आठ प्रतिशत से अधिक की विकास दर स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि राज्य में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग नये आयाम छूने के लिये तेयार है और इसमें प्रत्यक्ष विक्रेताओं की अथक मेहनत की पुष्टि भी होती है। उन्होंने कहा कि इस उद्योग ने देश में लगभग 84 लाख लोगों के लिये स्थायी स्वरोजगार और सूक्ष्म उद्यमिता के अवसर प्रदान किये हैं और इसे गत चार वर्षों की अवधि में लगभग 13 प्रतिशत की औसतन सीएजीआर के साथ लगातार और निरंतर विकास किया है। आईडीएसए की 19 सदस्य कम्पनियां गर्व और आत्मविश्वास के साथ उपभोक्ता हितों के साथ राज्य में 17.1 लाख से अधिक प्रत्यक्ष विक्रेताओं के हितों की सफलतापूर्वक रक्षा करने का दावा कर सकती हैं श्री कटोच के अनुसार केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने देश में प्रत्यक्ष बिक्री कम्पिनयों के परिचलन पर नियामक स्पष्टता लाने और उपभोक्ताओं के संरक्षण हेतु दिसम्बर 2021 में उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम 2021 अधिसूचित किये हैं।

अब तक आठ राज्यों में इन नियमों में निहित प्रावधानों के अनुपालन में निगरानी समितियां (मॉनिटरिंग कमेटी) गठित की जा चुकी हैं तथा उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करने की प्रक्रिया में हैं। इस अवसर पर प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 20 महिला उद्यियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईडीएसए की कोषाध्यक्ष अपराजिता सरकार, वूमैन शाईन की संस्थापक अपर्णा म्श्रिा तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री के रिश्तेदार समेत ग्यारह लोगों को नगर पालिका ने दी नोटिस

# नोटिस से कब्जेदारों में मचा हड़कंप, डीएम से मिले पीड़ित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

नजूल की जमीन को बिना फ्री होल्ड कारण मकान बना लेने के मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री रहे योगेश प्रताप सिंह के रिश्तेदार सहित ग्यारह लोग फंस गए हैं। नगर पालिका प्रशासन ने सभी को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने को कहा है। पालिका प्रशासन की नोटिस से कब्जेदारों में हड़कंप मचा है। वहीं पालिका की नोटिस मिलने के बाद मंगलवार को इस कालोनी में रहने वाले लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर नोटिस को रद्द कराए जाने और समस्या के निस्तारण कराने की मांग की है।



नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत कई मोहल्ले में लोगों ने नजूल की जमीन पर आशियाना बनकर रहना शुरू कर दिया है। शहर में शायद ही कोई ऐसी मोहल्ला हो जहां पर मकान बनाकर लोग रह ना रहे हों। ऐसा ही एक मामला वाल्मीकि कॉलोनी का है। इस कालोनी में करीब 250 मकान बने हैं।

कई परिवार पीढ़ियों से यहां रहते आ रहे हैं। इन्ही में सपा के पूर्व मंत्री रहे योगेश प्रताप सिंह के रिश्तेदार डाक्टर डीपी सिंह का मकान भी है?। अधिकतर परिवार वाल्मीकि समाज के हैं और वह नगर पालिका के कर्मचारी भी हैं। अब पालिका परिषद ने इस जमीन को नजूल की जमीन बताकर यहां रह रहे लोगों को जमीन खाली करने का निर्देश दिया है। पालिका परिषद की तरफ से 11 लोगों को नोटिस जारी की गई है। जिसमें डाक्टर डीपी सिंह समेत सोमनाथ, अकबर अली, मकसूद, अमित शुक्ल, कृष्ण कुमार शुक्ल, गीता, शिवकुमार, राम दयाल, मीना व बबली का नाम शामिल है।

नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी की तरफ से अकबर अली व अन्य को दी गई नोटिस में कहा गया है कि सिविल लाइन छावनी सरकार के उत्तरी छोर पर वाल्मीकि मोहल्ले में रहने वाले लोगों ने अवैध रूप से नजूल की जमीन पर पक्का मकान बना लिया है। इसकी रिपोर्ट नजूल प्रभारी ने दी है। ऐसे में सभी लोग नजूल की जमीन को खाली कर दें। ऐसा न करने पर अभियान चलाकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की नोटिस मिलने के बाद यहां रहने वाले परिवारों में हड़कंप मच गया है। यहां रह रहे लोगों का कहना है कि वह लोग कई पीढ़ी से यहां मकान बनाकर रह रहे हैं। बाकायदा नगर पालिका परिषद को टैक्स भी दे रहे हैं।

अचानक नगर पालिका परिषद की ओर से जगह खाली करने के लिए नोटिस भेज दी गई है, जिससे वह लोग परेशान हैं। यहां पर रहने वाले अधिकतर लोग नगर पालिका परिषद के कर्मचारी भी हैं। जो सफाई आदि का कार्य करते हैं। मंगलवार को इन लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर नोटिस को रद्द कराए जाने और समस्या के निस्तारण कराने की मांग की है।

# भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : एसपी

- नवागत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पत्रकारों से की वार्ता



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत की और अपने कार्य प्रणाली के बारे में पुलिस महकमें के साथ-साथ गोण्डा जनपद के आम लोगों को भी बताने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने साथ तौर पर निर्देश दिया कि महकमे में किसी तरह का भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे

उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा। पुलिस अधीक्षक के रूप में लखनऊ से गोण्डा जिले में स्थानांतरित होकर आए विनीत जायसवाल ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए साफ तौर पर कहा कि जनता को गुणवत्तापूर्ण तरीके से न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी और वह कोशिश करेंगे की जनता दर्शन में आए हुए हर एक फरियादी से थाने का फीडबैक जरूर लिया जाए। अगर किसी भी कार्य में पुलिस के लोगों की लापरवाही दिखाई देगी तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

नवागत पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला अपराध पर नियंत्रण रखना और जिले को प्रदेश की रैंकिंग में पहला स्थान दिलाए रखने की भरपूर कोशिश होगी।इसीलिए उनका फोकस एंटी रोमियो, मिशन शक्ति और मिशन सखी समेत तमाम कार्यक्रमों पर विशेष तौर पर होगा।पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि गांव, चौराहों और विद्यालयों में तमाम तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करके महिला अपराध के विषय में जागरूकता फैलाने की कोशिश की जाएगी।इसके साथ ही साथ कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए इलाके के पेशेवर अपराधियों को जेल के अंदर डालने की पूरी कोशिश होगी।पुलिस अधीक्षक में यह भी कहा कि अनावश्यक तौर पर सड़क जाम करने वाले और सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसलिए ऐसे लोग सावधान हो जाएं और ऐसी हरकतों से बाज आएं।

### नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय की शाखाओं व परिसर का किया भ्रमण

बुधवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय की शाखाओं का भ्रमण कर क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, वाचक कार्यालय, अंकिक शाखा, एल0आई0यू0, महिला सहायता प्रकोष्ठ, मॉनिटरिंग सेल, अभिलेख ब्यूरो , अपराध शाखा, आईजीआरएस, प्रधान लिपिक शाखा, सीसीटीएनएस आदि शाखाओं का भ्रमण कर शाखा में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा कर अभिलेखों के ठीक ढंग से रखरखाव व कार्यालय की साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए शुरू किया अनसन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**



कौड़ियां थाना क्षेत्र में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाने के दौरान कुछ दबंगो ने हमला कर के मार पीट किया और सरदार पटेल, डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर, गौतमबुद्ध की फोटो को क्षतिग्रस्त किया। इस घटना का मुकदमा पुलिस ने नही दर्ज किया तो पीड़ित ने क्लेट्रेट में अनसन शुरू कर दिया। कौड़ियां थाना क्षेत्र के बेलवा बाजार निवासी बरसाती उर्फ सन्तोष पुत्र जवाहिर, भवानी प्रसाद पुत्र मोती लाल, गौरी शंकर, राज कुमारी, महेश, राम नाथ, नान बच्चा, सरवन कुमार ने बताया कि बीते 4 नवम्बर को सरदार पटेल की जयंती मनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में गांव के तमाम लोग मौजूद थे। तभी प्रताप नारायण दुबे, मोनू दूबे सहित दो दर्जन लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुँच गये। समाज को तोड़ने का आरोप लगाते हुऐ माल्यापर्ण के लिए लगाई गई सरदार बल्लभ भाई पटेल, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, गौतमबुद्ध की फोटो को क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव के मौजूद तमाम लोगो ने बीच बराव कराया गया। 112 नम्बर पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस भी पहुँच गई। कौड़ियां थाने पर मुकदमा लिखाने के लिए प्राथना पत्र दिया गया। इस के बाद भी मुकदमा नही लिखा गया। पुलिस अधीक्षक को भी पत्र दिया गया। इस के भी मुकदमा नही लिखा गया। मुकदमा लिखाने के लिए क्लेट्रेट में अनशन शुरू कर दिया है।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान बन्धुओं की बैठक सम्पन्न

- बैठक में प्राप्त शिकायतों का समय से करें समाधान संबंधित अधिकारी
- छुट्टा पशु को पकड़ कर गौशालाओं में करें संरक्षित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।

बैठक में किसानों द्वारा खाद, बीज, सिंचाई, केसीसी, ऋण, विद्युत, गन्ना, सहकारी समितियां, छुट्टा पशु, आदि को लेकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई जिस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें। कृषि विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने छुट्टा पशुओं की समस्याओं के बारे में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि जिन-जिन क्षेत्रों से किसानों द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई है, वहां पर अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश को पकड़वाया जाय। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई। अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस की इस बैठक का आयोजन निरंतर होता रहेगा। प्रशासन पूरी तरह से किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और निस्तारण के लिये निरंतर प्रयास कर रहा है। किसान बंधु इस बैठक में अपनी समस्या लेकर आते हैं तो उनका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उचित निस्तारण कराया जाएगा। इसके अलावा भी किसान बंधु अन्य दिनों में कार्यालय में संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। बैठक में उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, एक्सईईएन सिंचाई विभाग, नहर विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### परसपुर में हरे भरे पेड़ों की हो रही कटान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तहसील के परसपुर क्षेत्र में खुलेआम धड़ल्ले से हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान हो रही है। वन माफियाओं के लिए यह क्षेत्र पेड़ों की कटान के लिए हब बनता जा रहा है।यहाँ प्रतिदिन हरे भरे पेड़ों की कटान के बाद उसके बोटों को ट्रैक्टर ट्रालियों पर लादकर मुख्य बाजार से होते हुए आरा मशीनों तक पहुंचाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। वहीं सब कुछ देखते हुए जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए है। परसपुर विकास मंच के संयोजक डॉक्टर अरूण सिंह ने डीएम से अवैध कटान पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। आपको बता दें कि पर्यावरण दिवस पर हरियाली संरक्षित करने के लिए पौधारोपण के नाम पर सरकार करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। इस मौके पर जिले के कमिश्नर व डीएम नेहा शर्मा सहित तमाम अफसर पौध रोपित करके लोगों को जागरूक करते नहीं थक रहे हैं,वहीं हरियाली के दुश्मन लकड़कट्टों द्वारा जमकर खुलेआम बड़े पैमाने पर हरे भरे पेड़ों को धराशायी किया जा रहा है। हरे भरे पेड़ों की कटान के बाद उसके बोटों को ट्रैक्टर ट्रालियों पर ढुलाई के कारनामें की तस्वीर थाने सहित कस्बे में लगे सीसी टीवी कैमरे में कभी भी देखा जा सकता है। परसपुर विकास मंच के संयोजक डॉक्टर अरुण सिंह ने कहा कि अगर इसी तरह हरियाली पर आरा चलता रहा तो आने वाले समय में लोगों को पेड़ों की छाया तक नसीब नहीं होगी।

### चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी

- पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को लगाई न्याय की गुहार




**कर्नलगंज,/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली पुलिस चोरी की गंभीर घटनाओं पर अंकुश लगाना तो दूर अब चोरी का मुकदमा ही दर्ज नहीं कर रही है। क्षेत्र के एक गाँव में रात्रि में चोरों द्वारा ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना के पांच दिन बीतने के बाद भी मुकदमा दर्ज ना होने से पीड़ित महिला थाने के चक्कर लगा रही है लेकिन पुलिस उन्हें टरका रही है। महिला ने पुलिस के इस मनमानी रवैये से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। पीड़िता कोमल मिश्रा पत्नी राज कुमार (नान्हू) निवासिनी ग्राम छतईपुरवा मौजा सकरौरा ग्रामीण थाना कर्नलगंज ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह अपने मायके में थी,दिनांक 16.12.2023 को रात करीब 12 बजे उसके घर में चोरी हो गयी,जिसमें जेवर व रुपये लगभग 40,000/- तथा कपड़ों की चोरी चोरों द्वारा ताला तोड़कर कर लिया गया। यह सूचना उसे रात्रि लगभग दो-ढाई बजे प्राप्त हुई फिर उसने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दिया। रात्रि में पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ पुराने कपड़े जो बाग में पड़े थे उसे व खाली सन्दूक को उसके घर पर रखवा दिया और पुलिस वापस चली गई। कुछ पड़ोसी लोग उसको एक महीना पहले धमकी दिये थे कि तुम्हारे घर में चोरी कर लेंगे व तुम्हें जान से मार डालेगें। जिनका नाम रमेश, राकेश, खुशी, संजय, गंगाराम आदि है। इनके यहां कुछ संदिग्ध लोग भी आते रहते हैं।उसे आशंका है कि इन लोगों ने चोरी कराया है। महिला ने उक्त प्रकरण की जांच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने व दोषी जनों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने और उसके जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर कोतवाल देहात पर केस दर्ज करने का निर्देश

- सीजेएम कोर्ट ने कोतवाल देहात को पेश होने के दिए निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सीजेएम कोर्ट ने कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक पर कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया है। साथ ही 21 दिसंबर को सुबह अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने का भी निर्देश दिया है।

कोतवाली देहात के हठीला शाहपुरजोत युसूफ निवासी मोहम्मद रजी पुत्र बाबू ने अपने अधिवक्ता अरशद कुद्दूस के माध्यम से न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दाखिल किया था।उनका कहना है कि कोतवाली देहात पुलिस उन्हें किसी मामले मे थाने बुला रही है। ऐसे में अगर उसके खिलाफ कोई मुकदमा है तो वह न्यायालय में आत्मसमर्पण करना चाहता है और पुलिस उत्पीड़न के चलते वह कोतवाली नहीं जा रहा है। वादी के पत्र पर न्यायालय मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्रा 5 दिसंबर से निरंतर कोतवाली देहात की पुलिस से आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दे रहे हैं।इसके बाद भी 14 दिन से मामला लंबित है कोतवाली देहात पुलिस द्वारा आख्या प्रस्तुत नहीं किया जा रहा इसको लेकर मंगलवार को मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट नेइस कृत्य को न्यायालय के आदेशों की अवहेलना और घोर लापरवाही मानते हुए उन्होंने कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध केस दर्ज करने के निर्देश दिए साथ ही 21 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

# सड़क हादसों में पिकअप चालक समेत दो की मौत

- लखनऊ मार्ग पर प्राइवेट बस और पिकअप में टक्कर, बस खड्ड में पलटी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के फखरपुर और कैसरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें पिक अप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जबकि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लखनऊ बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में कोनारी डाक बंगले के निकट मंगलवार सुबह आठ बजे प्राइवेट बस और पिक अप में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस एक पेड़ के सहारे खड्ड में पलट गई। हादसे में बस सवार सभी





यात्री सुरक्षित बच गए। जबकि पिकअप चालक कानपुर नगर निवासी नरेंद्र राजपूत (50) पुत्र महेंद्र राजपूत घायल हो गए। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। फखरपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने प्राइवेट बस संख्या यूपी 40 एटी 1118 ने बाइक सवार को सुबह नौ बजे टक्कर मार दी। बाइक सवार फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विजौवा निवासी मोहम्मद पुत्र कमरुद्दीन घायल हो गया। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। उधर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजाधरपुर के मजरा मकनी पुरवा निवासी राम मूर्ति पुत्र दुर्गा प्रसाद को अज्ञात वाहन ने देर रात में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत आयोजित हुआ कैंप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** तहसील कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम सभा नत्थनपुर में विद्युत विभाग द्वारा एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में उपस्थित कर्मचारियों ने लोगों के घर-घर जाकर के उनके विद्युत कनेक्शन की रीडिंग और उनके पिछले बकाया बिल की जानकारी दी। जानकारी देते हुए आलोक कुमार श्रीवास्तव टीजीटू ने उपस्थित लोगों को बताया कि रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद आप बिल किस्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। उस पर भी आपको छूट मिल रही है, और अगर आप एक मुस्त बिल जमा करते हैं तो उसे पर भी आपको 100 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इस तरीके से डोर टू डोर संपर्क करके सरकार द्वारा विद्युत विभाग में जारी योजनाओं और छूट संबंधी जानकारी को घर-घर और हर व्यक्ति तक पहुंचाया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बच्चों के विवाद में महिला को पीटा, मेडिकल कालेज रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जंगल से सटे गांव राम नगर कंडा निवासी महिला को उसके जेठ ने बच्चों के विवाद में जमकर पीट दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है।



कोतवाली मुर्तिहा का राम नगर कंडा गांव कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के जंगल से सटा हुआ है। गांव निवासी महिला सुनीता (23) पत्नी नंद किशोर का मंगलवार शाम को जेठ घनश्याम के बच्चों से विवाद हुआ। जेठ के बच्चों ने घर जाकर सूचना दे दी। इससे आग बबूला जेठ घनश्याम ने सुनीता की लाठी से पिटाई कर दी। लाठी की पिटाई से महिला गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गई। महिला के गंभीर घायल होने की सूचना कोतवाली में दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया । यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात में महिला का इलाज शुरू हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला के जेठ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है। महिला की हालत गंभीर होने पर पहले उसे इलाज की जरूरत थी। मालूम हो कि महिला का मायका देवरिया जनपद में है। उसके पति चेन्नई में काम कर करते हैं।

# चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- दो दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के भिलौरा बसंती ग्राम पंचायत के बसाहिया गांव में दो घरों में हुई चोरी का फखरपुर पुलिस ने खुलासा किया है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी किए गए सामान बरामद कर लिया है। तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भिलौरा बसंती के मजरा बसहिया में 18 दिसंबर की रात में गांव निवासी सुभाष वर्मा व रामकृष्ण गुप्ता के घर पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों के कीमती जेवरात व नगदी उठा कर ले गए थे। जिसके सम्बन्ध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू की।थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया चोरी में मिली निशान देही के अनुसार की गई नाकाबंदी पर बौडी वजीरगंज मार्ग कर्बला मैदान के पास से तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 13600 नगद व एक जोड़ी झाला, चार जोड़ी बिछुआ, एक जोड़ी पायल बरामद हुआ है।इनकी पहचान सफीक अहमद नत्थू पुर ढखेरवा बौडी, ननकू पुत्र जमाल सिरौली थाना बौडी और इरशाद पुत्र अब्दुल आब्दीन सरजुपुरवा थाना हरदी के रूप में हुई है। बरामद सामान को पुलिस ने सीज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक अमित गुप्ता, अमित सिंह, शैलेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल अंजनी त्रिपाठी, संतोष यादव, अमित निषाद शामिल रहे।

# मानदेय की मांग को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

- जिलाधिकारी को सौंपा मांगो का शिकायती पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के फखरपुर ब्लॉक में तैनात समूह की महिलाओं को दो वर्ष से मानदेय नहीं मिला है। जिसके विरोध में बुधवार को समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। बहराइच जिले के फखरपुर ब्लॉक में तैनात स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंची। सभी ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। एनआरएलएम की सीनियर आईसीआरपी ललिता सिंह का कहना है लगभग 2 वर्षो से सभी का मानदेय नहीं मिला। जिसको लेकर लगातार वह अधिकारियों के दर का चक्कर काट रही हैं। लेकिन कहीं भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्वयं सहायता समूह आईसीआरपी सीनियर के पद पर तैनात ललिता सिंह ने बताया कि लाख कोशिशे के बावजूद भी उन्हें उनका बकाया मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते स्थिति बद से बस्तर होती चली जा रही है। फीस का जमा कर पाने के कारण स्कूल से उनके बच्चों का नाम काटा जा रहा है। समूह चलाने के लिए दैनिक खर्च भी नहीं निकल पा रहे हैं। उनका कहना है अब तो घर से भी उन्हें पैसा मिलना बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि विगत पिछले सप्ताह भी उनके द्वारा डीडीओ से मिल गया। बावजूद उनके मामले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनके द्वारा बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र सौंपा गया। जिलाधिकारी ने उनके प्रकरण को दोबारा से बीडीओ के समक्ष ट्रांसफर कर दिया गया। हालांकि स्वयं सहायता समूह के संचालिका ललित सिंह ने बताया कि यही हाल पूरे जनपद का है। जिले के सभी 14 ब्लॉक में काम करने वाली स्वयं सहायता समूह आजीविका मिशन की महिला कार्यकर्तियों का मानदेय नहीं मिल रहा है। जिससे तकरीबन 10 हजार से 15 हजार महिलाएं प्रभावित हैं। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# सीडीओ ने किया ग्राम सभा बंभौरा का निरीक्षण

- जल निकासी समस्या से सीडीओ हुई अवगत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सांसद बहराइच के पत्र पर जलशक्ति मंत्री के निर्देश पर जरवल क्षेत्र मे जलनिकासी की समस्या के निराकरण के लिए मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने राजस्व टीम कैसरगंज के साथ ग्राम बम्भौरा में पहुंचकर जलभराव एवं निकासी मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



जरवल विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्भौरा में जलनिकासी की समस्या गम्भीर होने के कारण ब्लाक प्रमुख जरवल विपेंद्र सिंह ने जलभराव की समस्या से अवगत कराते हुए सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोंड से नाला निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी। जिसके संबंध में सांसद बहराइच ने उक्त समस्या के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से निराकरण कराए जाने की मांग की थी। सांसद बहराइच ने अपने पत्र में यह भी लिखा था कि ग्राम बम्भौरा के अंतर्गत जरवलरोड बाजार में नाला निर्माण न होने के कारण किसान इण्टर कालेज जरवलरोड के खेल मैदान में जल भराव रहता है। इसके अलावा ग्राम पंचायत रेवढ़ा घूरनपुर करमुल्लापुर रिठौरा अलीनगर तथा आसपास के अन्य क्षेत्र में वर्षा व बाढ़ का पानी जमा होने से किसानों की अपनी फसलों की बुवाई नहीं हो पा रही। बाढ़ का पानी आदमपुर से होते हुए नहर से रास्ते 15 किलोमीटर तक के क्षेत्र में किसानो की फसले पूरी तरह से नष्ट हो जाती हैं तथा संपर्क मार्ग भी बंद हो जाता है। पांच वर्ष से यहां के किसान बदहाली की स्थिति में जीवन जीने को मजबूर है।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे, ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता संजय राव ,बंभौरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज राव, जतौरा प्रधान अजमत अली, सरवन यादव, राहुल सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य मोनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्र की लोकप्रिय योजनाओं के चलते रायबरेली भी रचेगा इतिहास

**लालगंज रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लालगंज के गेगासो पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बड़े ही भरोसे के साथ कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन प्रिय योजनाओं के चलते रायबरेली के लोग भी इतिहास रचने वाले हैं और 2024 मे रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जन मानस के विकास को लेकर भारत विकसित संकल्प यात्रा चल रही है। सशक्त भारत की परिकल्पना को यह यात्रा साकार कर रही है। भारत अब विकास के पथ पर बढ़ चुका है ।केंद्र की मोदी सरकार जनता की जन भावनाओं का सम्मान करते हुए समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को सेवा देने का काम कर रही है। हमारी सरकार चार मूल मंत्रो के साथ काम कर रही है। गरीब ,युवा, महिला ,किसान को विकसित बनाना ही मोदी की गारंटी है ।गरीब का उत्थान हो, महिला को सम्मान हो , किसान का कल्याण हो ,युवाओं को प्रोत्साहन मिले यह हमारी सरकार की गारंटी है ।आजादी के 70 वर्षों तक कांग्रेस की सरकारों ने गरीबों को और गरीब बनाने का काम किया ।2014 के बाद गरीबों का उत्थान शुरू हुआ है जो अनवरत चालू है ।सेवा के लिए हमारी सरकार ने गरीबों को चुना है ।करोड़ों लोगों के खाता खुलवाने का काम किया है ।खाता के माध्यम से किसान सम्मान निधि सहित अन्य सब्सिडी दी जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मोदी जैसे नेता आगे मिलने वाले नहीं है। मोदी योगी पर विश्वास करो और 2024 में भी मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ जिससे 2047 में हिंदुस्तान पूर्ण रूप से विकसित देश की श्रेणी में खड़ा हो जाए। उन्होंने कहा कि धारा 370 समाप्ति के बाद आतंकवाद समाप्त हो गया है ।श्रीनगर चौक पर भारत माता की जय जयकार हो रही है। सिंचाई मंत्री ने 2025 तक सरेनी विधानसभा की नहरो को दुरुस्त कराने और उनमें भरपूर पानी दिलाने का भी आश्वासन दिया।



# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

## ठंड के मौसम में कैदियों को गर्म कंबल उपलब्ध कराया जाए



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला जज तरुण सक्सेना और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बैरकों की साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने कैदियों को दिए जाने वाले भोजन,पानी की गुणवत्ता भी परखी। कहा कि डाइट चार्ट के अनुसार ही कैदियों को भोजन दिया जाए। जिलाधिकारी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया की सभी कैदियों की समय से चिकित्सकीय जांच भी कराई जाए। यदि कोई कैदी बीमार है तो उसका उचित उपचार कराया जाए। इसके अतिरिक्त इस बात का ध्यान रखा जाए की कारागार में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैलने पाए। ठंड के मौसम में कैदियों को गर्म कंबल उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर कारागार के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



कराटे एसोसिएशन रायबरेली के तत्वाधान में ब्लैक बेल्ट पास खिलाडियों को आज अपर जिलाधिकारी ने ब्लैक बेल्ट दे कर सम्मानित किया 2023 में ब्लैक बेल्ट में जिले के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें 14 कराटे खिलाडियों ने परीक्षा पास की थी जिन्हें आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूजा मिश्रा ने सभी कराटे खिलाड़ी को अपने कार्यालय मे सम्मानित किया सम्मानित खिलाडियों में शिवेंद्र सिंह, सूर्यांश पांडे, रितिका गुप्ता, अहाना त्रिपाठी, अविका सिंह, परणिका सिंह, कसक सोनकर, निशा, सिमरन, पिंकी, विवेक कुमार वर्मा, आदेश सोनकर, अंकुश कुमार, धर्मवीर प्रजापति, को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ तो वही कराटे एसोसिएशन रायबरेली के सचिव/ कोच राहुल कुमार पटेल को अच्छे कोच के रूप में कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता को अपर जिलाधिकारी ने जिले में आत्मरक्षा के लिए चलाए अभियान वा बालक/बालिक को आत्मरक्षा, सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

अपर जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए निरंतर प्रगति करने और रायबरेली का नाम रोशन करने का आशीर्वाद और स्नेह प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालय के शौचालय में हो रहा घटिया ईंटों का प्रयोग

**नौनिहालों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़**

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



घटिया ईंटों से हो रहा है विद्यालय में शौचालय का निर्माण। नौनिहालों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़। विकासखंड क्षेत्र के मोहनगंज गांव में बन रहे दिव्यांग शौचालय में जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है । जहां मानक विहीन ईंटें लगाकर इतश्री किया जा रहा है वही मसाले में भी हो रहा है खेल सरकार जहां विद्यालय का कायाकल्प और उनकी स्थिति बदले इसके लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है तो वही ग्राम प्रधान और जिम्मेदारों की मिली भगत से जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है और अपनी जेबें भरी जा रही है लोगों ने पैसा कमाने की होड में जहां आज विद्यालय को भी नहीं छोड़ रहे हैं इस विद्यालय का शौचालय जब बनकर तैयार होगा तो कितने दिन चलेगा यह राम ही जाने।

इस विषय मे जब खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा ठीक है हम इसको दिखवाते हैं।

# 300 साल पुराने कुएं को पाटकर किया कब्जा

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



एक ओर जहां सरकार पुरानी विरासत को बचाने में जुटी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ जमीन की भूख ने लोगों को इस तरह बदल दिया है कि वह अब पुरानी विरासतों पर भी कब्जा करने से गुरेज नहीं करते। मामला महराजगंज कस्बे के रूद्र नगर का है जहां करीब 300 वर्ष पूर्व एक कुएं पर अतिक्रमणकारियों द्वारा उसे पाटा जा रहा है और कब्जा किया जा रहा है। हिंदू धर्म के लोगों द्वारा यहां पर शादी विवाह सहित पूजन का कार्यक्रम होता रहता है लेकिन अब कुआं पाट जाने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।इस विषय में रुद्र नगर के रामराज पुत्र परमेश्वर ने बताया कि हमारे लोध बिरादरी एवं अन्य लोग कुएं पर पूजन करते हैं और यह बहुत ही पुरातन की कुआं है करीब 300 वर्ष से अधिक पुरानी कुआं है जिस पर घनश्याम चौरसिया द्वारा पाटकर कब्जा किया जा रहा है।

रुद्र नगर निवासी ननऊ पुत्र मिट्ठू ने बताया की बहुत पुरानी कुआं है और इस पर कब्जा किया जा रहा कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन किसी ने नहीं सुना तहसील दिवस में भी शिकायत की गई है लेकिन किसी अधिकारी और कर्मचारियों ने अभी तक कब्जा कर रहे कब्जेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है ।राजकुमारी पत्नी रामराज निवासी रूद्र नगर ने बताया कि लगभग 300 वर्ष पुरानी कुआं है हम लोग यहां पर पूजा अर्चना का कार्यक्रम करते रहते हैं घनश्याम चौरसिया द्वारा कुआं को पाट कर उस पर कब्जा किया जा रहा है इसकी कई बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मोहल्ले वासु ने यह भी बताया कि सम्भ्रांत लोगों ने इसका फैसला भी कर दिया था और घनश्याम चौरसिया ने कुएं पर से अपना कब्जा हटा लिया था लेकिन फिर दोबारा कुएं पर कब्जा कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने दहेजहत्या के वांछित को पकड़ा

**उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाया। जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दहेजहत्या के वांछित को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र में संदिग्ध एवं वांछित व्यक्ति तलाश अभियान चलाया गया। इस दौरान बिन्दानगर चौकी प्रभारी जन्मेदय सिंह हमराहियों के साथ पोनी रोड पर गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दहेजहत्या के वांछित रहमतनगर निवासी चांद उर्फ पप्पू पुत्र स्व. अब्दुल रहमान पोनी रोड तिराहे के पास खड़ा है। जिसपर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जिसके बाद दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

### सीओ ने कोतवाली का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**उन्नाव।** बुधवार को गंगाघाट कोतवाली का सीओ सिटी ने अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। जहां उन्हें सलामी दी गई। उन्होंने परिसर से लेकर बैरक, कार्यालय, अभिलेखों के रखरखाव को भी देखा। इसके साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर खास जोर देते हुये महिलाओं से संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बुधवार दोपहर सीओ सिटी आशुतोष कुमार गंगाघाट कोतवाली में अर्धवार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों के रखरखाव की व्यवस्था देखी। सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर मौजूद मातहतों से दर्ज शिकायतों पर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी की। इसके साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई आदि की व्यवस्था भी देखी।

### महिला सभासद ने बोर्ड की बैठक बुलाने की उठाई मांग

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर पालिका बोर्ड की महिला सभासद ने चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर विविध कर शुल्क एवं स्वकर निर्धारण नियमावली आपत्ति जताई है। सभासद ने नियमावली पर विचार हेतु एक सप्ताह के अंदर बोर्ड की बैठक आहुत किए जाने की मांग उठाई है। नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज उत्तरी अंबेडकर नगर की महिला सभासद शिवदेवी द्वारा आज बुधवार को पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता और अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि पालिका प्रशासन द्वारा जारी पत्रांक 1820 विविध कर शुल्क उपविधि 2023-24 एवं स्वकर निर्धारण नियमावली 2023 में वर्णित विभिन्न शुक्ल तथा टैक्स को लेकर घोर आपत्ति है। जिसपर बोर्ड की बैठक में विचार-विमर्श किया जाना अति आवश्यक है।

### करेन्ट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**उन्नाव।** कस्बा औरास के मोहल्ला कटरा के शांतिनगर निवासी 16 वर्षीय छोटू पुत्र सुखवीर मंगलवार रात बोर्ड मे मोबाइल फोन चार्जिंग के लिए लगा रहा था तभी वह करेंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे सीएचसी औरास ले गये जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वही नागरिकों में युवक की मौत फांसी से होने की बात कही गई। परिजनों ने गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक पांच भाइयों मे चौथे नंबर का था मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल रहे।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार




**शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत शिवगढ़ पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा नहर पटरी के पास से मोटर साइकिल चोरी के दो वांछित आरोपियों अरुण कुमार पुत्र प्रतिपाल निवासी पहरावां थाना महराजगंज,धर्मेंद्र यादव पुत्र भारत लाल निवासी हसनगंज थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं गिरफ्तार करने वाली शिवगढ़ पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव, मुख्य आरक्षी आबिद अली, आरक्षी अनिल कुमार मौजूद रहे।

# पटवा समाज की जनजागरण यात्रा का किया स्वागत

## जनजागरण यात्रा से समाज को राजनीतिक पहचान मिलेगी

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



बुधवार को अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी के निर्देश एवं नेतृत्व में 1200किमी. की जनजागरण यात्रा आज रायबरेली पहुँची, यात्रा का जनपद आगमन पर समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर समाज में जनजागरण उत्थान के उद्देश्य से 17 दिसम्बर से 1200 किमी के लिए यात्रा रवाना हुई है, इसी क्रम में आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के नेतृत्व में पटवा समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा को सम्बोधित करते हुए श्री सोनकर ने कहा कि पटवा समाज देश के हर प्रदेश में सामाजिक ताना बाना के साथ राष्ट्र और देश हित के लिए कार्य करता आ रहा है। जनजागरण यात्रा से समाज को राजनीतिक पहचान मिलेगी। श्री सोनकर ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा को प्रतापगढ़ जनपद हेतु रवाना किया। यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से टी.एन. गुप्ता, आकाश पटवा, शिवरतन पटवा, राकेश गुप्ता, आशुतोष पटवा, रोहित पटवा, अम्बर पटवा आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव गांव के बाहर खेत में पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। परिजनो द्वारा बिना पुलिस को सूचना दिए व कानूनी कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम मवई घनश्याम के मजरा गहिरा निवासी 19 वर्षीय रीता पुत्री रामौतार बीते मंगलवार को दोपहर में घर से खेत के लिए गई हुई थी किंतु शाम 4 बजे उसका शव खेत में स्थित अमरूद के पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी होने के बाद अनेक ग्रामीण मौके पर आ गए किंतु पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजनो ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। युवती की मौत के बाद से ग्रामीणों में अनेक तरह की चर्चा चल रही है। बताते हैं कि घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस गांव तक पहुंची तथा पूंछताछ कर वापस लौट गई।

# अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने की आत्महत्या

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सगौड़ा निवासी अशोक कुमार उर्फ बबलू निषाद की पत्नी सुनीता (28) अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस व तहसील कर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव कब्जे में ले विच्छेदन हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

मालूम हो कि यह घटना आज सुबह हुई। मृतका सुनीता के पति बबलू ने बताया कि वह आज सुबह स्कूल के बच्चे छोड़ने गया था। वापस घर लौट कर आया तो देखा कि सुनीता घर पर नहीं थी। घर के अंदर जाकर देखा तो छप्पर से फांसी के फंदे पर लटक रही थी। आनन-फानन में उसे उतारकर डॉक्टर के पास ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे लगभग 4 वर्षीय पुत्री गरिमा को छोड़ गई है। पारिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दूसरी ओर मायके में मां भाई और बहन बहनोई शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने दे रहे थे। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस व तहसील कर्मियो में कानूनगो व लेखपाल के काफी समझाने-बुझाने के बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### एसपी ने माखी थाने का किया औचक निरीक्षण, हड़कम्प

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा दोपहर को अचानक माखी थाना पहुंच गए जिससे हड़कंप मच गया। उन्होंने महिला व पुरूष बैरक देखा, जहां गंदगी दिखी। जिसपर साफ-सफाई के साथ ही लम्बित विवेचनाओ के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी बुधवार दोपहर को अचानक माखी थाना पहुंचे और उन्होंने पूरे थाना का निरीक्षण किया। साथ ही महिला पुरूष बैरक का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद जनसुनवाई व विवेचना रजिस्टर देखा जिसमें करीब 55 विवेचना लम्बित देख थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

# पीएम श्री केवी संगठन शिवगढ़ में हुआ वार्षिकोत्सव समारोह

**शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




पीएम श्री केवी शिवगढ़ में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम महराजगंज राजितराम गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह के साथ ही पूर्व प्रधानाध्यापक गोविंद नारायण शुक्ल के पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने दोनो अतिथियों का बैज लगाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गौरतलब हो की बुधवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संगठन शिवगढ़ में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करने के साथ ही विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की वहीं मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी महराजगंज राजित राम गुप्ता ने बोर्ड परीक्षाओं एवं विद्यालय के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ ही शील्ड देकर सम्मानित किया विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें अनेकता में एकता की एक झलक देखने को मिली।

# विकसित भारत यात्रा के तहत हुआ कार्यक्रम, बांटे कंबल

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**



बुधवार को सरैयां ग्रामसभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं राजस्व विभाग की ओर से जरूरतमंदों को कंबल बांटे गये।

केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के लिए ग्रामसभाओं में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उसी को लेकर बुधवार को सरैयां ग्रामसभा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जहां सरकार की पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना का बखान किया। कार्यक्रम में घरौनी व वरासत देकर किसानों को सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने देश भक्तिगीत गाये और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसपर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान राजेन्द्र लोधी, नन्हकऊ साहू, लेखपाल सत्यम शर्मा, दीपक पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते युवक नीम के पेड़ की डाल पर साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया। मृतक के पुत्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। डीहा गांव निवासी बउवा उर्फ दिलीप कुमार 45 पुत्र छेदीलाल का शव बुधवार की सुबह नीम के पेड़ पर लटकता हुआ मिला। मृतक के पुत्र लवकुश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है। मृतक के दो पुत्र लवकुश व विनोद हैं और एक पुत्री लक्ष्मी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर का कहना है कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।


# रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

## सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की स्वराज नगर योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैः-

| क्रम संख्या | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता/पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण/नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री मो. इब्राहिम पुत्र श्री मो. जकरिया खां | भवन संख्या ई.डब्लू.एस.-04 | स्वराज नगर योजना | श्री मो. असद खां पुत्र स्व. मो. इब्राहिम खां | मो. छोटी बाजार रंगमहल रायबरेली | मृत्यु उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन/भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव,रायबरेली विकास प्राधिकरण रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता/सकती है अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**रायबरेली विकास प्राधिकरण**
**रायबरेली।**

# सांसदों का निलंबन कितना जायज

नया संसद भवन और नया, अभूतपूर्व आदेशज्एक ही दिन में, एक साथ, लोकसभा और राज्यसभा के 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। लोकसभा के 33 और राज्यसभा के 45 विपक्षी सांसदों को यह सजा स्पीकर और सभापति ने दी है। इससे पहले 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। मंगलवार को लोकसभा के 49 और विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इनमें हिमाचल के मंडी की सांसद प्रतिभा सिंह भी शामिल हैं। इस तरह शीतकालीन सत्र में ही कुल 141 विपक्षी सांसदों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ये अत्यंत क्रूर और एकाधिकारवादी फैसले हैं। स्पीकर और सभापति के अपने विशेषाधिकार होते हैं। हम संसदीय कार्यवाही के निरंतर साक्षी रहे हैं। सदन में हंगामा, नारेबाजी, पोस्टरबाजी और अध्यक्ष के आसन तक पहुंच कर विरोध-प्रदर्शन कब नहीं किए गए? हमें तो ये संसदीय लोकतंत्र के हिस्से लगते हैं। जब भाजपा विपक्ष में थी, तो कई कथित घोटालों पर कई-कई दिन तक, संसद की कार्यवाही चलने नहीं दी जाती थी। हंगामे इतने उग्र और बुलंद होते थे कि हमें लिखना पड़ता था-संसद को अखाड़ा न बनाएं। यह संसद है या कोई मंडीज्! संसद का औचित्य ही क्या है? लेकिन फिर भी ऐसे आदेश कभी नहीं दिए गए कि सांसदों को पूरे सत्र के लिए ही निलंबित कर दिया गया हो! वर्ष 1989 में राजीव गांधी की सरकार थी। तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़ी ठक्कर आयोग की रपट पर विपक्ष ने हंगामा मचाया था, तो 63 सांसद निलंबित किए गए थे। वह पराकाष्ठा थी। उसके बाद 2004- मई, 2014 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के 10 सालों में भी 50 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया, लेकिन 2014-23 के कालखंड में मोदी सरकार के दौरान अभी तक 201 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया जा चुका है। लोकसभा के 3 और राज्यसभा के 11 सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपा गया है। उसकी रपट तीन माह में आ सकती है, लिहाजा विपक्षी सांसद तब तक निलंबित रहेंगे। शीतकालीन सत्र ही मौजूदा लोकसभा का अंतिम सत्र है। उसके बाद तो फरवरी में लेखानुदान पेश किया जाएगा और पूर्ण बजट जुलाई में प्रस्तुत हो सकेगा। बेशक विपक्ष ने अमर्यादित आचरण किए हैं। हंगामा ही नहीं, आक्रोश और गुस्से में नियमों की किताब तक फाड़ी है। आसन के माइक उखाड़ने तक की हरकतें की गई हैं। सदन में तख्तियां लहराना तो आम बात है। मेजों पर चढ़कर सांसदों ने नृत्य तक किए हैं। यहां तक कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति जगदीप धनखड़ का निर्देश तक मानने से इंकार कर दिया। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता, एक किस्म के नेता विपक्ष, अधीर रंजन चौधरी तक को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल हम न्यायाधीश नहीं हैं, लेकिन संसद और लोकतंत्र के सजग प्रहरी जरूर हैं। विपक्ष की प्रभावी मौजूदगी के बिना संसद 'विकलांग' लगती है। जनादेश सभी चुने हुए सांसदों ने हासिल किए थे। निलंबन प्रतीकात्मक भी हो सकते हैं।

बाल संरक्षण आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं अपराध होने पर उसे संज्ञान में लेकर उस पर कार्रवाई के लिए प्रयास कर सकती हैं, किंतु असली कार्य तो अपराध को रोकने का परिवार एवं समाज को ही करना है, जहां से अपराध की शुरूआत होती है। कार्टून, फिल्म और ओटीटी पर वेबसीरीज बनाने वाले लोग इसी समाज से आते हैं जो द्विअर्थी संवाद एवं बहुत कुछ हिंसात्मक, भाषायी रूप से अश्लील एवं घटिया सामग्री नित-रोज परोस रहे हैं। कार्टून के बीच में कंडोम के विज्ञापन आना बता रहा है कि ट्राई या अन्य नियामक संस्था का किसी को कोई डर नहीं है। मैं फिर कहूंगी कि बच्चे भोले मन के होते हैं, वह जो देखते और समझते हैं आगे वैसा ही व्यवहार करते हैं। ऐसे में सरकार इतना तो कर ही सकती है कि जितनी भी इस तरह की सामग्री इंटरनेट पर सर्च सांकेतिक भाषायी (की) से सर्च होती है, उन सभी पर रोक लगा दे। जो बाजार की जरूरत के नाम पर ओटीटी या इसी प्रकार के अन्य प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता परोस रहे हैं, वह इसका निर्माण बंद कर दें और अभिभावक होने के नाते हम भले ही कितने ही व्यस्त हों, लेकिन यह जरूर देखें कि हमारे बच्चे मोबाइल और किसी भी स्क्रीन पर टाइम बिताते वक्त आखिर देख क्या रहे हैं।

# क्यों खुल रही हैं व्यभिचार की साइट्स?

डॉ. निवेदिता शर्मा



**भारत में 2018 के बाद से पॉर्न वीडियो देखने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। लगभग 75 फीसदी की इसमें वृद्धि हुई है। इसके साथ ही भारत में मानसिक रोगियों और यौन अपराध के ग्राफ में वृद्धि देखी गई है। हां, केंद्र सरकार के इस दिशा में प्रयास जरूर बीच में कुछ समय के लिए प्रभावी दिखे, जिसमें कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई ) की सख्ती और पोर्न वेबसाइट्स को ब्लॉक करने के बाद भारत दुनिया में तीसरे स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गया था । किंतु तथ्य यह है कि आज देश की कुल आबादी में करीब 10 करोड़ की आबादी पॉर्न वेबसाइट के लत में है। 10 करोड़ की आबादी में करीब 3 करोड़ बच्चे और 7 करोड़ वयस्क पॉर्न वेबसाइट की चपेट में हैं। यह सही है कि सरकार ने पोर्नोग्राफी पर प्रतिबंध लगाते हुए एक हजार से अधिक वेबसाइट्स पर प्रतिबन्धित लगाया, लेकिन वह भी कारगर नहीं रहा, क्योंकि कई वेबसाइट अन्य नाम से फिर से इंटरनेट पर आ गईं । सजा के सख्त नियम हैं, फिर भी यह अपराध भारतीय समाज में फलफूल रहा है।**

यह घटना उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की जरूर है पर देश के लिए नई नहीं है। मैं स्वयं कई जगह ऐसी घटनाओं पर संज्ञान लेकर पीड़ित एवं उनके परिवारजन से मिलने गई हूं। देश में आए दिन ऐसी अनेकों वारदात हो रही हैं। इनमें जो समानता है- वह है, विकृत मानसिकता और किसी-किसी घटना में विपरीत लिंग के प्रति संबंध बनाने की जिज्ञासा । कई जानबूझकर इसके शिकार बनाए जा रहे हैं और अनेक बिना जाने कौतुहल वश इसके चंगुल में फंस अपराध कर रहे हैं। प्रश्न है आखिर इसके लिए दोष किसे दिया जाए? क्या परिवार को दोषी माना जाए ? जिसकी परवरिश में कमी है । क्या संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को दोषी ठहराया जाए ? जो यह नहीं सिखा पा रही कि अपने आयुवर्ग या अन्य भी किसी के साथ कैसे व्यवहार करना है। क्या इसका दोषी संपूर्ण समाज है ? या फिर इस प्रकार के आ रहे मामलों के लिए राज्य एवं केंद्र की सरकार दोषी हैं? जिनका काम कानून व्यवस्था को बनाए रखना है । बलिया में घटी घटना में किशोर ने जो कहानी बताई, वह चौंकाने वाली है। उससे यह सहज पता चलता है कि आखिर हमारे बच्चे मोबाइल में गेम खेलने के साथ वह सब भी देख रहे हैं जोकि उन्हें अभी अवस्क रहते हुए नहीं देखना चाहिए, बल्कि मेरा मानना है कि वयस्क होने पर भी इन सब से दूर ही रहना चाहिए। इस 14 साल के किशोर ने बताया कि कैसे पिता के मोबाइल में उसने अश्लील वीडियो देखा, पश्चात उसके मन में गलत ख्याल आने लगे। जब ये घटना घटी तब दोनों ही खेल रहे थे, फिर खेलते-खेलते किशोर उसे एक सुनसान जगह पर ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान बच्ची की हालत बिगड़ गई, यह देख किशोर बच्ची को उसी हालत में छोड़ भाग गया। खून से लथपथ बच्ची घर पहुंची तो परिजनों के होश उड़ गए। फिर पुलिस की कार्रवाई और आगे किशोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया । जिस बच्ची के साथ यह घटना घटी वह अभी भी सदमे में है। आगे जो होना है वह इस केस में भी होगा। कानून अपना काम करेगा और जिसे सजा मिलनी है वह भी दी जाएगी । किंतु फिर वही प्रश्न घूम फिरकर सामने आ जाता है कि आखिर भारतीय समाज में इस प्रकार की वारदातें घट क्यों रही हैं ? नाबालिग इसके शिकार हो रहे हैं और हमारी तमाम संवैधानिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी मिलकर इन्हें रोकने में नाकामयाब साबित हो रही हैं! भला कौन है इसके पीछे दोषी? तो कहीं न कहीं दोषी तो हम सभी हैं। स्वाभाविक तौर पर देखा जाए तो सुधार की यह प्रक्रिया आज परिवार से शुरू करते हुए समाज एवं कानून के स्तर पर सरकारों तक जाने की आवश्यकता है । यह हाल में आया आंकड़ा है जिसमें बताया गया कि भारत में 2018 के बाद से पॉर्न वीडियो देखने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। लगभग 75 फीसदी की इसमें वृद्धि हुई है। इसके साथ ही भारत में मानसिक रोगियों और यौन अपराध के ग्राफ में वृद्धि देखी गई है। हां, केंद्र सरकार के इस दिशा में प्रयास जरूर बीच में कुछ समय के लिए प्रभावी दिखे, जिसमें कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई ) की सख्ती और पोर्न वेबसाइट्स को ब्लॉक करने के बाद भारत दुनिया में तीसरे स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गया था । किंतु तथ्य यह है कि आज देश की कुल आबादी में करीब 10 करोड़ की आबादी पॉर्न वेबसाइट के लत में है। 10 करोड़ की आबादी में करीब 3 करोड़ बच्चे और 7 करोड़ वयस्क पॉर्न वेबसाइट की चपेट में हैं। यह सही है कि सरकार ने पोर्नोग्राफी पर प्रतिबंध लगाते हुए एक हजार से अधिक वेबसाइट्स पर प्रतिबन्धित लगाया, लेकिन वह भी कारगर नहीं रहा, क्योंकि कई वेबसाइट अन्य नाम से फिर से इंटरनेट पर आ गई । सजा के सख्त नियम हैं, फिर भी यह अपराध भारतीय समाज में फलफूल रहा है। समाज एवं देश में व्याप्त होती यह गंदगी रुकने को तैयार नहीं और छोटे बच्चे लगातार इसके शिकार बन रहे हैं। आज हम 2023 के आखिरी महीने में हैं। इस साल सबसे ज्यादा अश्लील फिल्में किसने देखीं? पोर्नहब के अध्ययन में सामने आया कि फिलीपींस ने । दूसरा स्थान पोलैंड का है। भारत इस सूची में तीसरा है। हालांकि कहने वाले बचाव में यह कह सकते हैं कि भारत, सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के नाते, स्वाभाविक रूप से अन्य कम जनसंख्या वाले देशों की तुलना में उच्चतम अनुपात दिखाता है। लेकिन यहां सोचिए; क्या इस प्रकार बोलकर अपनी कमियों पर पर्दा डालना उचित होगा? इस सूची में अगले स्थान पर वियतनाम, तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान हैं। मोरक्को, ईरान और जर्मनी क्रमशः 8वें, 9वें और 10वें स्थान पर हैं। पॉर्न हब की यह रिपोर्ट चेता रही है कि 11 से 16 साल के 53 फीसदी बच्चे पॉर्न वीडियो देख रहे हैं। इसमें भी चौंका देनेवाली बात यह है कि भारत में पोर्न देखने वाले कुल उपभोक्ताओं में महिलाओं की भागीदारी 30 फीसदी है, जो कि विश्व में सबसे ज्यादा है। यानी कि सिर्फ पुरुष समाज को ही इसके लिए पूरी तरह से दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। महिलाएं स्वयं भी इस अपराध के लिए उनके साथ बराबर की हिस्सेदार हैं। वास्तव में यह डरावना सच हमें अपने वर्तमान और भविष्य के प्रति सावधान होने के लिए कह रहा है ।

# इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक के निहितार्थ

प्रोफेसर डॉ. योगेन्द्र यादव

**इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में पूरे देश में विपक्षी गठबंधन की आठ से दस मीटिंग्स होंगी। गठबंधन के लोग अगर एक मंच पर नहीं आएंगे, तो लोगों को कैसे मालूम चलेगा। विपक्षी दलों के सबसे बड़े सियासी गठबंधन इंडिया में प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया जा रहा है। उनके नाम के साथ न सिर्फ दक्षिण भारत की सियासत मजबूत होगी उत्तर भारत में जातिगत समीकरणों में उसका लाभ मिलेगा। गठबंधन भले ही आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं हुई है। लेकिन आमतौर पर अधिकांश दल उनके नाम पर सहमत हैं। इसके पीछे असली वजह खरगे का न सिर्फ दलित चेहरा होना है बल्कि दक्षिण के राज्यों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जा रही है।**

जब किसी बड़ी ताकत से लड़ना हो, तो छोटे छोटे लोगों को अपने पक्ष में करके, उनका विश्वास अर्जित करके और उन्हें मिला कर, समहमति बना कर चुनाव लड़ना चाहिए। तभी चुनाव जीता जा सकता है। भाजपा इस समय एक ऐसी पार्टी है, जो मजबूत स्थिति में होने के बावजूद साल के तीन सौ पैंसठ दिन जनता के बीच में रहती है। उनकी सुनती है और उनका मार्गदर्शन भी करती है। बातचीत में उन्हें ऐसा समझा देती है कि भाजपा के खिलाफ उनके मन में जो गुबार रहता है, वह दूर हो जाता है। वहीं उनके पास राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसा संगठन है। जो निरंतर जमीन पर काम करता है। नेताओं पर, मंत्रियों पर अंकुश लगाता है। जनता में यह संदेश देता है कि मंत्री मायने कुछ भी नहीं। लेकिन ऐसा नहीं है कि भाजपा को हराया नहीं जा सकता है, उसे हराया जा सकता है, लेकिन इंडिया गठबंधन जो कह रहा है, उस पर अमल करे और वह उनके कार्यों में दिखे। खैर इस दिशा में इंडिया गठबंधन के सभी दल काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हर सियासी दल बड़े ही साफ साफ शब्दों में अपनी बात कह रहा है, इसी कारण विचार करने और समस्याओं के निराकरण करने और आम सहमति बनाने में आसानी हो रही है। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की चौथी महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली में सम्पन्न हो गई। बैठक में सीट शेयरिंग और गठबंधन के संयोजक को लेकर गहन विचार विमर्श हुआ। लेकिन अभी कोई निश्चित फार्मूला नहीं निकाला जा सका। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जनवरी तक राज्यवार सब कमेटियां बना दी जाएंगी। गठबंधन का झंडा भी साझा होगा। इसके अलावा जनवरी से साझा रैलियों की शुरुआत होगी। संयुक्त रैलियों में पटना, नागपुर, कोलकाता और चेन्नई को प्राथमिकता पर रखा गया है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हार के बावजूद कांग्रेस अपने वोट प्रतिशत को लेकर उत्साहित नजर आई। हिंदी पट्टी के राज्यों में गठबंधन की दूसरी पार्टियों का कोई विशेष जनाधार न होने के कारण यहाँ पर कांग्रेस को अधिक सीटें मिलने की संभावना है। कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में उसकी सरकार है। इस कारण वहाँ उसे इसका सीधा फायदा मिलेगा। इसलिए पार्टी इन राज्यों में अन्य दलों को सीट नहीं देने के मूड में नहीं है। इसके अलावा राजस्थान, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड और गुजरात में कांग्रेस एक भी सीट दूसरे दलों को देने को तैयार नहीं है।

कांग्रेस पार्टी ने बैठक में साफ कहा कि इन राज्यों में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है। इंडिया गठबंधन में वही सियासी चुनौती देने में सक्षम है। बैठक में महाराष्ट्र, यूपी, पंजाब, दिल्ली और बिहार के सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हुई। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस दो सौ सत्तर सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। शेष सीटें अन्य दलों को देने के लिए तैयार है। बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर को लेकर मोटे तौर पर बनी सहमति के अनुसार दो सौ सत्तर सीट ऐसी हैं जहां कांग्रेस अपने उम्मीदवार उतारेगी। जबकि बाकी दो सौ सत्तर ऐसी सीटें हैं जहां गठबंधन दलों के साथ साझा करेगी। इन सीटों का बंटवारा करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें संबन्धित पार्टियों के वरिष्ठ नेता रहेंगे। कांग्रेस महाराष्ट्र की अड़तालीस, बिहार की चालीस, तमिलनाडु की उनतालीस और उत्तर प्रदेश की अस्सी सीटें एनसीपी, शिवसेना उद्धव, द्रमुक, आरजेडी और सपा के साथ मिलकर लड़ेगी। इन राज्यों में एक सौ सत्तानबे सीटें हैं। बैठक में केरल की बीस, बंगाल की बयालीस, पंजाब की तेरह और दिल्ली की 7 सीटों पर चर्चा हुई। इन चार राज्यों में बयासी सीटें हैं। केरल में सीट शेयरिंग बहुत आसान नहीं है। बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी के बीच ही सीटों की शेररिंग पर बात होगी। पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सहमति होनी है। इसलिए इन राज्यों का निर्णय बाद में लिया जाएगा। इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में पूरे देश में विपक्षी गठबंधन की आठ से दस मीटिंग्स होंगी। गठबंधन के लोग अगर एक मंच पर नहीं आएंगे, तो लोगों को कैसे मालूम चलेगा। विपक्षी दलों के सबसे बड़े सियासी गठबंधन इंडिया में प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया जा रहा है। उनके नाम के साथ न सिर्फ दक्षिण भारत की सियासत मजबूत होगी उत्तर भारत में जातिगत समीकरणों में उसका लाभ मिलेगा। गठबंधन भले ही आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं हुई है। लेकिन आमतौर पर अधिकांश दल उनके नाम पर सहमत हैं। इसके पीछे असली वजह खरगे का न सिर्फ दलित चेहरा होना है बल्कि दक्षिण के राज्यों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जा रही है। इससे इंडिया गठबंधन को सियासी तौर पर मजबूती मिलेगी। मल्लिकार्जुन खरगे के नाम के साथ विपक्षी दलों का गठबंधन समूह एक तो दलित राजनीति के लिहाज से मजबूत होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि दक्षिण भारत में जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी या अन्य स्थानीय घटक दल मजबूत हैं उसमें भी मल्लिकार्जुन खरगे दक्षिण भारत के बड़े चेहरे के तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यही वजह रही कि गठबंधन की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे के नाम को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर आगे रखने की चर्चा की गई। हाल के दिनों में हुए विधानसभा के चुनाव के परिणाम के बाद इस बात की पुष्टि हुई है कि दक्षिण भारत में कांग्रेस का जनाधार बढ़ा है। अगर दक्षिण भारत के ही किसी बड़े चेहरे को आगे कर लोकसभा के चुनाव में जाया जाए तो गठबंधन को फायदा हो सकता है। जिसका सियासी नफा सिर्फ दक्षिण भारत में ही नहीं होगा, बल्कि उत्तर भारत में भी उसका असर देखा जा सकता है। मल्लिकार्जुन खरगे को जिस तरह से दलित चेहरे के तौर पर प्रोजेक्ट किया गया है। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भी बूस्टर डोज जैसा है। विपक्षी दलों के गठबंधन समूह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा कोई बड़ा दलित चेहरा नहीं है। ऐसे में अगर उनके नाम को आगे किया जा रहा है तो निश्चित तौर पर उत्तर भारत में दलितों के वोट बैंक पर भी गठबंधन समूह की बड़ी नजर है। इससे अगर मायावती अलग होकर चुनाव लड़ती हैं, तो उन्हें खरगे के नाम पर शिकस्त दी जा सकती है। उनके नाम की घोषणा के पूर्व ही कई दलित चेहरे कुछ पार्टियों से छिटक कर कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के लिए सीटों के बँटवारे मेन चार राज्यों की वजह से रोड़ा आज भी बना हुआ है। हालांकि उसका समाधान निकालने के लिए सभी दल प्रयासरत हैं। इससमें उत्तर प्रदेश समेत पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच में ÷फॉर्मूला 21÷ का इस्तेमाल किया जा सकता है। गठबंधन की बैठक से पहले ही इस तरह की कवायद शुरू हो गई है। दरअसल उत्तर प्रदेश में गठबंधन के दलों के बीच में यह वह फार्मूला है, जिसमें उत्तर प्रदेश की तकरीबन ऐसी इक्कीस सीटें हैं, जिसमें समाजवादी पार्टी कभी चुनाव नहीं जीती है। ऐसे में वह इक्कीस सीटें समाजवादी पार्टी कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के लिए छोड़ दे। इस बैठक में सीट बंटवारे पर किसी भी तरीके की तल्खी और कड़ा रुख नहीं देखा गया। ज्यादातर राज्यों में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला पहले से ही तय हो गया है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी का कहना है की सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस पार्टी या अन्य दलों के साथ ना कोई तल्खी है और न ही कोई अडिगता है। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक तकरीबन सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर सहमति बन चुकी है। कांग्रेस पार्टी की ओर से भी कोई ऐसी सीट शेयरिंग की डिमांड नहीं की जा रही है, जिस पर समाजवादी पार्टी को कोई आपत्ति हो। कांग्रेस किसी भी तरीके का नाजायज दबाव डालकर सीट बंटवारे की बात नहीं कर रही है। उत्तर प्रदेश के अलावा सीटों में पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में भी शेयरिंग के फॉर्मूले पर पेंच फंसा हुआ है। तो दिल्ली में मौजूद पार्टी के प्रमुख नेताओं की तरफ से सबसे पहले राज्य स्तर पर सीट शेयरिंग के फॉर्मूले को समझकर आगे बढ़ने का मसौदा पेश किया गया। तय यही हुआ कि सभी राज्य अपने-अपने स्तर पर पहले सीटों के फॉर्मूले को राज्य स्तर पर ही आगे बढ़ाएं। उसके बाद 31 दिसंबर तक सीटों के शेयरिंग फॉर्मूले को लागू कर दिया जाए। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि जिन राज्यों में सीट शेयरिंग को लेकर कुछ पेचीदगियां हैं उन पर चर्चा हुई है। यदि आगामी लोकसभा चुनाव मोदी बनाम खरगे हुआ तो इंडिया गठबंधन को कितना फायदा होगा? आइये इस पर भी विचार कर लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनकी बातों पर जनता को विश्वास है। उनकी अलग अपनी एक बेदाग छवि है। वे पिछले लगभग दस वर्षों से देश के प्रधानमंत्री हैं। अभी हाल में ही जिस तरह से चार राज्यों में उनके नाम पर जनता ने वोट किया है, उससे ऐसा लगता है कि आज भी जनता के बीच उनका जादू बरकरार है। इस कारण उन्हें शिकस्त देना, इंडिया गठबंधन के लिए टेढ़ी खीर है। प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर भाजपा को अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने का रिकॉर्ड दर्ज है, तो हिमाचल प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों की हार भी उनके नाम पर दर्ज हैं। खरगे के नाम पर अभी इंडिया गठबंधन में कोई सहमति नहीं बनी है, लेकिन यदि उनके नाम पर अंतिम सहमति बनी, तो यह कांग्रेस के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकता है। विशेषकर दक्षिण भारत के राज्यों में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को नई संजीवनी मिल सकती है। कर्नाटक और तेलंगाना में जिस तरह कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल की है, उसके पीछे मल्लिकार्जुन खरगे का नाम बहुत अहम माना जाता है। ऐसे में यह मानने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए कि यदि खरगे को इंडिया गठबंधन ने पीएम उम्मीदवार के रूप में पेश किया, तो इससे उसकी साख को मजबूती मिलेगी। उत्तर भारत के राज्यों में मल्लिकार्जुन खरगे की विश्वसनीयता कितनी होगी, यह कहना आसान नहीं है, लेकिन इसका एक सकारात्मक संदेश अवश्य जाएगा और कांग्रेस के साथ-साथ दूसरे दलों को इसका लाभ हो सकता है। कांशीराम-मायावती के बाद की राजनीति में कोई ऐसा चेहरा नहीं है, जो दलितों का प्रतिनिधित्व करता हो।



# राशिफल

**मेषः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**बृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्कः**- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुलाः**- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः**- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।


**मकरः**- कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

# वाराणसी की टूटी उदासी, गोवा से ज्यादा पर्यटक आने लगे

आर.के. सिन्हा



**बीते सावन के दिनों में काशी भर गया था टूरिस्टों से। आंकड़ों के मुताबिक सावन महीने में करीब 2.5 से 3 लाख पर्यटकों का रोजाना काशी में आगमन हुआ। कहना न होगा कि बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से काशी की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध हुए हैं। काशी आने वाले सबसे ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन, वाराणसी के घाटों की गंगा आरती करने, नमो घाट और सारनाथ का भ्रमण करने के लिए पहुंचते हैं। वाराणसी में अनेक प्रकार के फेस्टिवल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी समय-समय पर आयोजित किया जाता है। मुझसे कुछ समय पहले मेरे ईस्ट अफ्रीकी देश केन्या के मित्र स्टीफन मुंगा कह रहे थे कि वे अपनी आगामी भारत यात्रा के समय काशी जरूर जाना चाहेंगे। मैंने उनकी काशी के प्रति दिलचस्पी की वजह पूछी तो कहने लगे कि भारत को समझने के लिए काशी को देखना जरूरी लगता है।**

अगर कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टूरिस्ट समुद्र किनारे तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में 7.02 करोड़ टूरिस्ट वाराणसी पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट । यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ( अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजा-विधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनीतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था ढ्ढ संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी। लेकिन, गंगा की ''ब्रांडिंग'' तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टूरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे । वाराणसी के चाहुर्मुखी विकास ने पर्यटकों को भरपूर आकर्षित किया। काशी का गोवा को पीछे छोड़ना सामान्य बात नहीं है। आमतौर पर तो यही माना जाता था कि गोवा से ज्यादा टूरिस्ट कहीं जा ही नहीं सकते। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर सिर्फ एक भव्य इमारत नहीं है, बल्कि; यह हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता का प्रतीक है। यही नहीं यह काशी की आर्थिक समृद्धि में नए चैप्टर को जोड़ने का काम करेगा। अगर उन्होंने यह बात कही थी तो आंकड़े उसे प्रमाणित भी कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान पुनर्वास का मुद्दा भी उठा था। विपक्ष लगातार इस बात को उठा रहा था कि आम लोगों को उजाड़ा जा रहा है। लेकिन जिन 300 संपत्तियों का अधिग्रहण किया गया था उससे जुड़े लोगों का पुनर्वास हो चुका है। भरपूर मुआवजा मिला है सो अलग। काशी में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के अलावा पर्यटकों की सुविधा का भी खास ख्याल रखा जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। काशी पूरे देश में उत्तर प्रदेश डोमेस्टिक टूरिज्म का हब बन गया है। इसके साथ ही काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स बौद्ध पर्यटक केंद्र सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोध गया में आत्मज्ञान प्राप्त करने के पश्चात पहला प्रवचन यहां ही दिया था। उन्होंने जहां प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने 500 ईस्वी में करवाया था। हालांकि, कोविड के कारण बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रहीं हैं, पर अब श्रीलंका, थाईलैंड, साउथ कोरिया, जापान और शेष बौद्ध देश के नागरिक यहां आने लगे हैं। काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी टूरिस्ट नजर आते हैं। जाहिर है, इनमें ज्यादातर बौद्ध देशों के ही होते हैं। इन सभी क्षेत्रों की देखरेख आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तरफ से की जाती है। हम आमतौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं। लेकिन, इस जगह को आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित कर रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# ठंड से बचाव के संबंध में डीएम ने ली बैठक

## बैठक में चार अधिकारियों के अनुपस्थित होने पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

ठंड से बचाव के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज हमीरपुर व राठ ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला विद्यालय निरीक्षक का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। वर्तमान ठंड / कोहरे आदि के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के गड्ढो एवं डिवाइडर आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन करा दिया जाय । ब्लैक स्पॉट की लिस्टिंग कर वहां पर जरूरी संकेतक व स्पीड ब्रेकर आदि लगवाए जाएं। नगरीय क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों को क्रियाशील रखी जाए। रोडवेज की सभी बसों में रिफ्लेक्टर /रेडियम स्टीकर आदि लगवा दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी रैन बसेरे का निरीक्षण कर वहां पर ठंड से बचाव के सभी जरूरी संसाधन रखे जाए। रात्रि में कोई भी सड़क या फुटपाथ पर ना सोने पाय ।

जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे की सूचना/ प्रचार प्रसार हेतु जरूरी संकेतक बोर्ड बस स्टॉप, जिला अस्पताल ,रेलवे स्टेशन मेंन बाजार आदि पर अवश्य लगवा दिया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलों में रैन बसेरो का कल तक सत्यापन अवश्य कर लिया जाए । ठंड में अलाव आदि के दृष्टिगत अग्नि शमन विभाग 24 घंटे अलर्ट मोड में रहे। सभी गौशालाओं का सत्यापन कर वहां पर ठंड से बचाव के सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिषदीय स्कूलों में शत प्रतिशत बच्चे ठंड के यूनिफॉर्म पहनकर आए तथा उनके प्रतिदिन के फोटोग्राफ उपलब्ध कराए जाएं।

### रक्तवीरों ने पीजीआई लखनऊ जाकर मासूम की बचाई जिंदगी

**हमीरपुर।** किडनी की बीमारी से जूझ रहे विद्युत विभाग में तैनात जेई अशोक कुमार के पुत्र आयुष सिंह (14) का इलाज लखनऊ के पीजीआई में चल रहा था, जिसको रक्त की कमी के कारण इलाज हो पाना असंभव था। इस पर चिकित्सकों ने तुरंत दो यूनिट एबी पार्ज़ीटिव रक्त की मांग की। बहुत कोशिशों के बाद भी बच्चे को रक्त नहीं मिल पाया। तब जेई ने कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष ज़रिगाम सिद्दीकी से संपर्क किया। इस पर सिद्दीकी इसे गंभीरता से लेते हुए वह हमीरपुर से अपने साथ दो रक्तदाता पुष्पेंद्र सिंह व अकबर अली को लेकर पीजीआई लखनऊ पहुंचे और दोनों रक्त वीरों से रक्तदान करवाया।

# जूनियर में हर्षित व सीनियर में विकास रहे अव्वल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

दरियापुर गांव में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जूनियर वर्ग में हर्षित व अमन तथा सीनियर वर्ग में विकास ने परचम फहराया।



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। आयोजन के प्रथम दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुंडौरा अरविंद प्रताप सिंह यादव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस मौके पर लंबी कूद में जूनियर वर्ग में हर्षित व सीनियर वर्ग में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में जूनियर वर्ग में हर्षित व सीनियर में दीपक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में जूनियर वर्ग में अमन व सीनियर वर्ग में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि चक्का फेंक में जूनियर वर्ग में अमन व सीनियर वर्ग में देवशरण ने प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम फहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने बताया कि इसके अलावा 100, 200 व 400 मी की दौड़ प्रतियोगिता भी कराई गई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर यह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, विजय कुमार, अनिल कुमार मौर्य,गीता,नरेंद्र कुमार याज्ञनिक, मनोज पांडेय, आराधना सिंह व प्रीति कुमारी सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### पात्र हुए अपात्र, अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास

**हमीरपुर।** विकासखंड सुमेरपुर के ग्राम बांकी के ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवासों में कई अपात्रों को मनमानी तरीके से पैसे लेकर आवास दिए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। ग्राम पंचायत सदस्य गौरीशंकर सोनी ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि जिनको बकरी पालन व आवास मिल गए हैं उन्हें आवास मिल गया है। जिनके पहले से पक्के मकान बने हैं वह भी आवास का लाभ पा चुके हैं। जबकि जिनके पास कुछ भी नहीं है। उन्हें जांच में अपात्र कर दिया गया है। वर्तमान में ओमपाल सोनी का पूरा मकान पक्का बना है उन्हें आवास दिया गया है। गांव की असहाय महिला अर्चना नामदेव दिव्यांग है। उसका आवास चयन में काट दिया गया है। राजेंद्र सैनी जिनको बकरी पालन घर मिला है उसी को दोबारा आवास दिया गया है।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की हुई बैठक

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।



बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन एवं नवीनीकरण आदि के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने नियमानुसार जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का नियमित रूप से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्र नियमानुसार चल रहे हैं। किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण का लिंग परीक्षण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नियमों के अनुरूप नहीं चल रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में सर्वे कर अवैध/ फर्जी डायग्नोस सेंटर /पैथोलॉजी/नर्सिंग होम आदि को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। कहा कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे सभी फर्जी /अवैध डायग्नोज/ पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई की जाए, जो मानक एवं नियमों के अनुरूप नहीं है।

# शिक्षकों की दो दिवसीय कला प्रदर्शनी संपन्न

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

डायट संस्थान चरखारी द्वारा दो दिवसीय कला संस्कृति एवं नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया प्रदर्शनी के दूसरे दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत द्वारा कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।



दो दिवसीय कला संस्कृति एवं नवाचार महोत्सव,प्रदर्शनी का आयोजन डायट प्राचार्य संतोष कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें माध्यमिक विद्यालय एवं परिषदीय विद्यालयों के 55 शिक्षको ने प्रतिभाग किया और 370 प्रशिक्षुओं ने अपनी कला कृति, क्राफ्ट,म्यूरल्स, टीएलएम, मूर्ति,क्लेमॉडलिंग, कोलाज, स्टोनआर्ट आदि के माध्यम से विभिन्न विषयों पर अपनी अपनी कला कृतियों का प्रदर्शन किया गया जिसमें विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख निर्भय सिंह,एकेडमी डायरेक्टर कुलदीप भटनाकर, दिनेश गुन्नी घोष,तथा कार्यक्रम संयोजक डायट प्रवक्ता जयराम कुटार एवं सह संयोजक डायट प्रवक्ता मनीष के स र वा नी, दि व्या श्रीवास्तव,आशुतोष कुमार एवं कामेश्वर प्रसाद, प्रशान्त कुमार सक्सेना,चोखेलाल, शशिलता, प्रतिज्ञा त्रिवेदी,प्रार्थना गुप्ता,देवेश खरे,सहित प्रतिभागी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं भारी संख्या में प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# बरेली में होने वाले व्यापारियों के प्रांतीय सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

**हमीरपुर, राठ। समृद्धि न्यूज**

उप्र उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक उत्सव पैलेस में जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष को लेकर चर्चा वार्ता हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि 23 एवं 24 दिसंबर को व्यापारियों के प्रशिक्षण शिविर एवं प्रांतीय अधिवेशन के रूप में हो रहा है। जिसकी जिम्मेदारी बरेली महानगर को दी गई है। प्रांतीय सम्मेलन में दो दिन तक कई सत्रों में युवा व्यापारियों का प्रशिक्षण शिविर, संगठनात्मक चर्चा तथा व्यापार के बदलते परिदृश्य पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यापारियों की भूमिका भी तय की जाएगी। युवा व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि 23 एवं 24 दिसंबर को संपन्न होने वाले प्रशिक्षण शिविर एवं व्यापारियों के प्रांतीय अधिवेशन में युवा व्यापारियों को भी अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। अभी हाल में निकाली गई स्वर्ण जयंती रथ यात्रा जिसने पूरे उत्तर प्रदेश के 80 जिलों में भ्रमण किया है उसमें संगठन के प्रति समर्पित व्यापारियों एवं वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जायेगा। नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जिला हमीरपुर से भी प्रांतीय अधिवेशन में लगभग 15 व्यापारी 22 दिसंबर को राठ से रवाना होंगे।

## खबरें एक नजर में

### बालक को अपहरण करने वाले बाबा को भेजा जेल

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के देवीगंज गांव में श्रीमद् भागवत कथा के भंडारे पांच वर्षीय बालक को बहला फुसलाकर कर ले जाने पर बालक के चाचा ने एक तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। देवीगंज गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव में श्रीमद् भागवत कथा का समापन होने के बाद मंगलवार को भंडारे का आयोजन हो रहा था। तभी आस पास के गांव के लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने आए थे। भंडारे में पांच वर्षीय भतीजा आर्यन भी आया था। तभी मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव निवासी बालक दास उर्फ ठाकुरदास पुत्र गणेश नाथ मेरे भतीजे को बहला फुसला कर ले गया। भंडारे में दिखाई न देने पर उसकी तलाश शुरू की गई।

### आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के श्रीगायत्री तपोभूमि में चल रही वर्षगांठ व मेले के अवसर पर डॉ .इमाद की ओर से आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एसडीएम पवन प्रकाश पाठक व एसडीएम खालिद अंजुम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष पप्पू दुबे, डॉ.शमा, मंजीता अहिरवार, डॉ.जयराम पाल, डॉ. नसीमुद्दीन, डॉ.विजय नारायन, डॉ.बीआर मलिक, डॉ.प्रकाश, संतोष भारतीय शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक रामबाबू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.भवानीदीन व जलीस खान ने किया।

### सिपाही ने की युवक के साथ मारपीट

**राठ।** पूंछताछ का झांसा देकर थाने के सिपाही ने युवक को बुलाकर युवक को कमरे में बंद करके बेरहमी से मारपीट कर दी। युवक ने आरोपी पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। नगर के सिकन्दरपुरा मुहल्ला निवासी शिवम राजपूत पुत्र निर्दोष ने बताया कि रुपयों के लेनदेन सम्बधी एक मामले में पूंछताछ के बहाने राठ कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने उसे फोन किया और उसे थाने बुलाया। बताया कि जब वह कोतवाली के अंदर पहुंचा तो वहां पर मौजूद सिपाही ने बिना किसी बात के उसे पकड़कर खींचता वहीं पास के कमरे में ले गया और बंद करके गालियां देते हुए बेरहमी से मारपीट कर दी। थाने बुलाकर बिना किसी बात के सिपाही के द्वारा की गई मारपीट से वह अत्यधिक परेशान और आहत है।

### नुमायश पंडाल में हुआ साइंस क्विज का आयोजन

**इटावा।** महोत्सव पंडाल में साइंस क्विज का आयोजन 6 राउंड में प्रतियोगिता इंचार्ज अभिषेक वार्ष्णेय व हिमांशु सेंगर के संचालन में किया गया। क्विज प्रतियोगिता में 27 टीम पहले राउंड में प्रतिभागी रहीं। यह क्वालीफाइंग राउंड था जिसके बाद 5 टीम अन्य राउंड में शामिल रहीं। फाइनल राउंड के बाद संत विवेकानंद सीनियर सेकेण्डरी स्कूल विजेता रहा। सेंट मैरी इंटर कॉलेज की टीम दूसरे जबकि अर्चना मेमोरियल व सुदिति ग्लोबल एकेडमी की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं कोलाज प्रतियोगिता में सुदिति की छात्रा त्रिशा ने प्रथम, जीजीआईसी की छात्रा नीलम कुमारी ने वह अर्चना मेमोरियल की छात्रा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# नेहरू इंटर कालेज के शिक्षकगण ड्रेस कोड में दिखे



> जिससे छात्र छात्राएं भी अनुकरण कर सके

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

नेहरु इंटर कॉलेज पनवाड़ी का माहौल एक दम बदल गया जबसे डॉ प्रमोद कुमार पाठक ने प्रधानाचार्य ने

चार्ज ग्रहण किया ठीक उसी दिन से स्कूल की दिशा व दशा में परिवर्तन दिखने लगा है लगातार अच्छी गुणबत्ता पूर्ण शिक्षा पर डॉ पाठक प्रतिवद्ध है जब तक स्टूडेंट्स को नैतिक एवम पूर्ण रूप से अनुशासन में नही बदल देते वो चैन से नही बैठेंगे।

गौरतलब हो कि यहाँ के शिक्षक गण भी अब अपने आप ड्रेस कोड में टाई के साथ स्कूल आने लगे जिससे छात्र छात्राएं भी मोटीवेट हो कि जब टीचर्स ड्रेस में आ रहे तो हमे भी स्वतः ड्रेस में आना होगा गौरगलब हो कि कोई भी स्टूडेंट्स या अध्यापक अब देर से स्कूल नही जाता सभीनिर्धारित समय के दस मिनट पूर्व पूरा स्टाफ मौजूद रहता है और उल्लेखनीय हो कि प्रार्थना में स्टूडेंट्स को मोरल कहानियां सुनाकर महापुरुषों की जीवन परिचय बताकर उनको प्रेरित किया जाता है अब यहाँ के स्टूडेंट्स शिक्षा के साथ साथ अब अन्य गतिविधियों में भी रुचि लेकर जिले और प्रदेश में अपने स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं इस स्कूल को नंबर एक का स्कूल बनाना एक चुनौती पूर्ण कार्य था जिसके डॉ पाठक ने स्वीकार ते हुए स्कूल की दिशा व दशा बदलने में अपनी महती भूमिका निभाई।

# सभी ग्राम पंचायतों में जायेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : जितेंद्र सिंह सेंगर

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश बताते हुए मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को उसकी पात्रता के अनुसार केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना है! भाजपा संगठन के कबरई मंडल के ग्राम सिरसीकलां एवं करहरा में मोदी के गारंटी का वाहन पहुंचा, नोडल अधिकारी के देखरेख में सभी विभागों ने अपने स्टाल लगाए, जिसमें जाकर गांव वालों को अधिकारियों ने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, पात्र व्यक्तियों के फॉर्म भरे गए एवं कागज



जमा किए गए, इस प्रकार से सरकारी विभागों को अपने बीच में प्रकार ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिली, मोदी जी की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीण प्रसन्न नजर आए। जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ जल्द से जल्द पहुंचाया जाए एवं सभी ग्राम वासियों की समस्याओं का निदान भी तुरंत किया जाए! कार्यक्रम के जिला संयोजक मयंक तिवारी ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने आप का हाल चाल कभी नही पूछा, पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से आप लोगों का हाल-चाल जाना है।

उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह, सहित उपस्थित रहा केंद्र सरकार की चल रही विभिन्न योजनाओं में वार्ड वासियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया!

### तहसील प्रशासन ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अलाव जलवाए

**मौदहा।** शीत लहरी को देखते हुए स्थानीय तहसील प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्र के पांच सार्वजनिक इलाकों में व नगर पालिका परिषद है नौ स्थान पर मंगलवार से अलाव जलाने की शुरुआत कर दी है। उपजिला अधिकारी ने बताया कि लगातार गिरते तापमान से शीत लहरी बढ़ रही है और आम जनमानस को राहत देने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर फिलहाल अलाव जलाने के निर्देश नगर पालिका परिषद को दिए गए थे। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र से मुस्करा, बिवांर, सिसोलर व इचौली के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया गया है। तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बुधवार कोआज नगरी क्षेत्र का के अलावा स्थलों का सत्यापन किया उन्होंने कहा कि सात स्थानों पर अलाव जलते हुए पाया गया है।

# कर्मचारी नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत पांच सूत्रीय मांगों वेतन विसंगति, सेवा नियमावली में संशोधन, रिक्त पदों पर भर्ती, पुरानी पेंशन बहाली, नलकूप चालकों का विनियमितकरण के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना के नेतृत्व में मंडल कार्यालय/ सिंचाई संघ कार्यालय पर भोगनीपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर इटावा एवं नलकूप खंड प्रथम इटावा का संयुक्त रूप से सम्पन्न हुआ।

प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अपर मुख्य सचिव



ज्ञापन देते राज्य कर्मचारी।

सिंचाई उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मंडल इटावा/अधीक्षण अभियंता नलकूप कार्य मण्डल इटावा के माध्यम से प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष/प्रमुख अभियंता यांत्रिक सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक दिलीप मिश्रा, सिंचाई संघ के संरक्षक रामवीर सिंह यादव, प्रदीप कुमार सक्सेना,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, अरविन्द शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, भोगनीपुर प्रखण्ड के अध्यक्ष अवधेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कांत यादव, आशु ओझा, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, अनिकेत कुमार गौड़, राहुल तोमर, संजय, जिला अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी अजय कुमार, सुनील शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, आकाश मोहन, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एनआई एक्ट विशेष लोक अदालत 22, 23, 24 जनवरी को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव-1 ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इटावा के आदेशानुसार 22, 23 व 24 जनवरी 2024 को जनपद न्यायालय प्रांगण इटावा में राष्ट्रीय एनआई एक्ट के वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत, 29, 30 व 31 जनवरी 2024 को विद्युत अधिनियम 2003 से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। आगामी विशेष लोक अदालतों में अधिक से अधिक संख्या में धारा 138 एनआई एक्ट व विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामले निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को विशेष लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये। उन्होंने कहा कि विशेष लोक अदालत व विद्युत वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत में अपने लम्बित मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु उक्त लोक अदालतों में भाग लेना सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोग विशेष लोक अदालत का लाभ उठाये।

## राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में

# सेंट मैरी की शानवी का प्रोजेक्ट हुआ चयनित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सेंट मैरी इंटर कालेज की छात्रा शानवी का प्रोजेक्ट राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य स्तर के लिए जनपद इटावा से चयनित किया गया है। इस विशेष प्रोजेक्ट को जनपद इटावा 066 पर्यावरणविद, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में विद्यालय के सह निर्देशक डेविड सर के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था।



बाल विज्ञानी कु. शानवी के साथ प्रिंसिपल फादर जॉबी जोसेफ, सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी।

ज्ञात हो कि,सेंट मैरी की छात्रा शानवी ने इटावा जनपद में पाई जाने वाली विभिन्न विषधारी और विषहीन प्रजातियों के विषय पर प्रोजेक्ट में सभी का ध्यानाकर्षण किया था। यह प्रोजेक्ट जनपद स्तर पर राज्य स्तर पर चयनित हुए अन्य प्रोजेक्ट्स में से ही एक है। जूनियर वर्ग समह में शानवी ने पर्यावरणविद डॉ आशीष के त्रिपाठी के कुशल दिशा निर्देशन में जनपद के निकट के ग्रामों में जाकर प्रोजेक्ट के लिए जरूरी जानकरी एकत्र की थी। ज्ञात हो कि,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित किया गया है जिसके अंतर्गत मृतक के परिवार को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि भी शासन द्वारा नियमानुसार दी जाती है। इस प्रोजेक्ट के साथ जनपद से अन्य छह प्रोजेक्ट भी राज्य स्तर के लिए चयनित हुए है।शानवी की इस सफलता पर फादर जॉबी जोसेफ सहित समस्त विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**बयान** — लोकसभा चुनाव में हल्लाबोल हटाकर भाईचारा लाना है

# सर्वजन सुखाय पार्टी की विशाल सामाजिक न्याय रैली का आयोजन 24 को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सर्वजन सुखाय पार्टी की विशाल सामाजिक न्याय रैली का आयोजन 24 दिसम्बर दिन रविवार को सुबह 10:30 बजे रामलीला मैदान में किया जा रहा है, रैली में हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ेगा।



पत्रकारों से वार्ता करते सर्वजन सुखाये पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव। समृद्धि न्यूज

उक्त जानकारी सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव ने ज्ञान स्थली एकेडमी में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रैली की अध्यक्षता केसी यादव करेंगे तथा रैली में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. राम बख्श वर्मा पूर्व सांसद, डीपी यादव पूर्व सांसद, विजय यादव पूर्व विधायक, प्रो. मोहम्मद सुलेमान अध्यक्ष इंडियन नेशनल लीग पार्टी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बसपा के पूर्व कोर्डिनेटर जसकरन सिंह कठेरिया को सर्वजन सुखाय पार्टी में शामिल होने उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सपा के निकित कांत ने भी साथियों सहित पार्टी ज्वाइन की। सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने कहा सैफई परिवार ने 40 वर्ष तक घोसी यादव समाज का शोषण किया और अपने परिवार को बढ़ावा दिया। सर्वजन सुखाय पार्टी आशा की किरण बनकर समाज के सामने आई है। पार्टी इंसाफ और इंसानियत की बात करती है, लोकसभा चुनाव में हल्लाबोल हटाकर भाईचारा लाना है अभी पार्टी ने 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का खाका तैयार किया है। उन्होंने सर्वसमाज के लोगों से सामाजिक न्याय रैली में भाग लेने की अपील की है। प्रेसवार्ता में प्रेम सिंह यादव जिला अध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी औरैया, जितेंद्र यादव जिलाध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी इटावा, रामदास यादव प्रदेश सचिव सर्वजन सुखाय पार्टी, अम्बुज यादव जिला उपाध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी औरैया मौजूद रहे।

# डीएम ने पशुपालन एवं मत्स्य पालन की प्रगति पर लगायी फटकार

- डीएलआरसी, डीसीसी की मीटिंग में जिलाधिकारी ने की समीक्षा
- संभाव्यतायुक्त ऋण योजना पुस्तिका 2024-25 का विमोचन कराया



मीटिंग में कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय — समृद्धि न्यूज

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला सलाहकार समिति ( डीएलआरसी, डीसीसी ) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एनआरएलएम, स्वयं सहायता समूह, स्वनिधि योजना, मत्स्य, पशुपालन आदि गहन समीक्षा कर जिलाधिकारी ने बैंकर्स व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए विकास परक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे बैंक संबंधित विभागों के साथ आपस में वार्ता कर आवेदनों को त्वरित गति से निस्तारण करें साथ ही प्राप्त आवेदनों को समयबद्धता के साथ व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निस्तारण करेंगे। उन्होंने समस्त बैंक को निर्देशित किया कि जनपद के ऋण जमा अनुपात को राष्ट्रीय औसत 60 प्रतिशत तक प्रगति लाएं। उन्होंने पशुपालन एवं मत्स्य पालन की प्रगति खराब होने पर फटकार लगाते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी विशेष रूप से रुचि के साथ लाभार्थियों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें, साथ ही बैंकों में लंबित आवेदनों को निस्तारण कर प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें, लापरवाही की स्थिति में कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने समस्त बैंक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों पर कड़ी फटकार लगाई साथ ही निर्देशित किया कि एक माह के अंदर समस्त लंबित पत्र वालियों का निराकरण कर बैंक प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज को सभी बैंकों को प्रचार प्रसार करने के लिए एवं इस योजना के तहत लाभार्थियों को सम्मानित भी करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस दौरान संभाव्यतायुक्त ऋण योजना पुस्तिका 2024-25 का विमोचन कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, अग्रणी जिला प्रबंधक संदीप सिन्हा आदि सिहित अधिकारी मौजूद रहे।

# जयनगरा में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

तुलसीपुर,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज




**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत जयनगरा मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी व तुलसीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने मोबाइल वैन के माध्यम से सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जयनगरा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्याम मनोहर तिवारी ने कहा कि इस यात्रा का आयोजन 15 नवंबर से शुरू किया गया है जो 26 जनवरी तक चलेगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य की जनपद में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खासतौर से वंचित आश्रित लोगों तक समृद्धि तरीके से पहुंचे तथा स्वच्छता सुविधांए आवश्य वित्त पोषण सेवाएं एलपीजी कनेक्शन गरीबों के लिए आवास खाद सुरक्षा उचित पोषण विश्वासनीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छ पेयजल गुणवत्तापूर्ति शिक्षा सुविधाओं का लाभ मिले। प्रवीण सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनजन तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जा रही है जिससे उनका लाभ मिल सके। इसी के तहत योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास प्रमाण पत्र, किसान सम्मन निधि प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास के तहत लाभार्थी को चाबी सौपा गया। मेरी जुबानी मेरी कहानी के तहत उपस्थित लोगों में से आवास योजना, समूह की महिलाएं, आयुष्मान कार्ड धारक, पीएम किसान सम्मन निधि, उजाला की लाभार्थी, मुक्त राशन लाभार्थी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लव के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी गणेशप्रसादसोनी महंतरामगुप्ता कृपाशंकरत्रिपाठी शुभम तिवारी व उषा मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मृतका की मां ने थाने में तहरीर देकर लगाया हत्या का आरोप

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज




**स्थानीय थाना** अंतर्गत ग्राम पंचायत भाथर के मजरा नेटहवा की रहने वाली अनीता पत्नी सर्वजीत चौहान ने थाना पर तहरीर देकर उसकी लड़की चंदा 16 वर्ष की हत्या का आरोप गांव के ही निवासी किरन पत्नी राम मिलन एवं इनके दो बेटे प्रभु, संजय के खिलाफ थाने में हत्या की तहरीर दी है। मृतका चंदा की मां अनीता ने बताया कि उसका पति गांव के उत्तर घारी बना है उसी में भैस पालन कर रहते हैं।शाम को मृतका चंदा अपने पिता को रात्रि 9 बजे खाना देने गई थी। सुबह 6 बजे जब मां अनीता घारी पर गयी तो चंदा नही मिली पिता ने बताया कि वह रात में ही चली गई थी। मृतका की मां ने पुलिस को फोन किया मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने चंदा का शव घारी से 150 मीटर उत्तर आफताब के सागवन के बाग चंदा का शव मिला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि।मृतका की मां अनीता की तहरीर पर तीनो आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर व जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक केशव कुमार,एडिसनल एस पी योगेश कुमार,सी ओ तुलसीपुर राघवेन्द्र प्रताप सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में लोगो से जानकारी ली।

## अन्तर जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र,कोन।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में मादक पदार्थो की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु बुधवार को थाना प्रभारी कोन लक्ष्मण पर्वत द्वारा मयहमराह के साथ अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गोखुल प्रजापति पुत्र नन्हकू प्रजापति निवासी खेमपुर के कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया । प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोखूल प्रजापति को अबैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। इससे पहले भी अभियुक्त जेल जा चुका ह अभियुक्त को सुबह 6.15 बजे लाल विजौरा तिराहा के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद हेड कांस्टेबल संजय चौहान कांस्टेबल पन्ना लाल यादव सहित कांस्टेबल रमेश कुमार मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**जहानडीह** के नरायनपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें अतिथियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में उद्घाटन मैच का आयोजन हुआ। जिसका अतिथियों व ग्रामीणों ने खूब लुफ्त उठाया। प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जगदंबिका प्रसाद मिश्र ने फीता काटकर शुभारंभ किया । इस दौरान उन्होंने सभी क्रिकेट प्रेमियों से भाईचारा के साथ खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलजुल कर भाई चारे के साथ खेलना है। ग्रामीण क्रिकेट का उठा रहे है लुफ्त हर वर्ष क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाता है।ग्रामीण इलाकों में क्रिकेट का बड़ा ही रोमांच होता है। वहीं दूर दराज की टीम हिस्सा लेती है और हार जीत के लिए दम खम दिखाती है।नारायन पुर क्रिकेट क्लब द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन कियागया है। जिसमे पहला मैच एनसीसी इलेवन और खान फाइटर इलेवन के बीच हुआ जिसमे एनसीसी इलेवन ने 14 रनो से जीत दर्ज की ।इस मौके पर अध्यक्ष सलामुद्दीन,उपाध्यक्ष सूफियान खान, कोषाध्यक्ष अमित सैनी, सहित दर्शक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आवास पर चल रहे बुलडोजर के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन



**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय लोढ़ी में सैकड़ों गरीब जिनके मकान को सरकारी बुलडोजर से धराशाही कर बेघर कर दिया गया। जिलाधिकारी का घेराव किया। नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज में जोड़ा गया नया वार्ड 4 सहिजन खुर्द महाल रउप पंच मुखी मंदिर के नीचे लगभग 40–50 सालों से 20–25 कच्चा पक्का मकान है। जिसमें कई मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए हैं इसमें दलित गरीब को पूंजी और मेहनत लगा है। सभी भूमिहीन मजदूर हैं जो किसी प्रकार काम धंधा करके स्वयं तथा अपने परिवार का भरण पोषण करते चले आ रहे हैं लेकिन प्रशासन बिना किसी अग्रिम लिखित सूचना दिए इन गरीबों के मकान को बुलडोजर से धराशाही कर दिया जिसके कारण से करो मजदूर बूढ़े बच्चे खुले आसमान के नीचे रोड पर आ गए हैं और इस कड़कड़ाती सर्दी में जीवन व्यतीत करने के लिए विवश है। पीड़ित परिवारों ने जिलाधिकारी के सामने अपने व्यवस्था की गुहार लगाई जिलाधिकारी ने गरीबों को चुर्क काशी राम आवास में अस्थाई बसेरा करने का निर्देश दिया है। पीड़ित परिवार से जिलाधिकारी पूरा विवरण उपलब्ध करने का निर्देश दिया है। साथ ही अगले एक दो हफ्ते में भूमि पट्टा देने का आश्वासन दिया है। दलित गरीबों नेतृत्व मोती लाल कोल, रमेश गौतम ने किया। मांग पत्र देने में राजमान पुत्र बंधु, लाल बहादुर पुत्र गया, ईश्वर प्रसाद पुत्र रामू, तारा देवी पत्नी श्री लखन, अशोक पुत्र बंधु, केवली पत्नी बसंत लाल, गीता देवी पत्नी छोटे लाल, सुशीला पत्नी राजकुमार, रीता पत्नी श्याम बिहारी, विमलावती पत्नी बाबूलाल, अन्ती देवी पत्नी दुलारे, दशरथ पुत्र रंगीलाल, फगुनी पत्नी राजाराम, मोतीलाल पुत्र बचाऊ आदि शामिल रहे।

### प्राथमिक विद्यालय कलकलीबहरा प्रथम में निपुण बाल मेले का हुआ आयोजन

**दुद्धी -सोनभद्र।** खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में फ्रनिपुण बाल मेलेफ्रका आयोजन किया गया। विद्यालय में बच्चों के मेले को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि त्रिपुरारी बरनवाल शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया दुद्धी ने बच्चों और अभिभावकों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को सदैव सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। विद्यालय के छात्र-छात्राएंअपने परिश्रम और लगन से ही अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्राज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा ओजपूर्ण प्रेरणासभा का प्रस्तुती किया। कार्यक्रम में आए समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों के अभिनंदन में भारतनाट्यम परिधान में बच्चों ने स्वागत नृत्य तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने तथा अभिभावक आत्मीयता स्थापित करने के लिए आयोजित निपुण बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय में बच्चों द्वारा बनाए और सजाये गये शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) तथा विभिन्न नवाचारी अभिनव प्रयोगों के अवलोकन, निरीक्षण व उत्साहवर्धन करते हुए किया गया। विशिष्ट अतिथि एआरपी श्रवण कुमार, ग्राम प्रधान सुरेश चंद, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ जयसवाल, संकुल शिक्षक मुसईराम, समाजसेवी बालकृष्ण जायसवाल, भानु प्रताप, सरिता देवी, पप्पू , अनिल समेत समस्त अभिभावक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका वर्षा रानी जायसवाल के द्वारा किया गया। उत्साह पूर्वक संलग्न सहायक अध्यापिका सरिता , अविनाश कुमार गुप्ता व शिक्षामित्र लक्ष्मी पुरी समेत जनेवा देवी, जगती देवी , अनारो देवी, रंजन कुमार व मुस्कान सम्मिलित रहें।

### संसद सेंध मामले में उरई से एक आरोपी गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** पिछले दिनों देश की सर्वोच्च संसद की दर्शक दीर्घा से सदन में कूंदने और स्मोक बम फोड़ने के बहुचर्चित मामले में दिल्ली पुलिस ने उरई निवासी एक वामपंथी विचारक को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि अतुल कुलश्रेष्ठ बच्चा निवासी रामनगर उरई के नाम के इस विचारक का किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं रहा है। लेकिन छात्र जीवन से ही शहीदे आजम भगत सिंह की विचारधारा से उनका लगाव जुनूनी स्तर पर रहा है। वह इसके लिए गोष्ठियों और सभाओं का आयोजन कराते रहे हैं लेकिन न तो उनका कोई क्रिमिनल रिकार्ड है और न ही वह कभी किसी अराजक गतिविधि में संलिप्त रहे हैं। संभवतः संसद में सेंध लगाने वाले ग्रुप से जुड़कर वह उन लोगों से चैट करते रहे हैं जिसके कारण संदेह के आधार पर दिल्ली पुलिस उन्हें पूंछतांछ के लिए अपने साथ ले गयी है। स्थानीय पुलिस के अधिकारी इस बारे में उन्हें कोई जानकारी न होने की बात कह रहे हैं। फिलहाल मामले में विधिक कार्यवाही किये जाने की बात सामने आयी है। लेकिन जैसे ही उक्त मामले की जानकारी नगरवासियों को पता चली तो उनमें भी इसको लेकर चर्चायें चलती रही। खास बात तो यह है कि अतुल कुलश्रेष्ठ उर्फबच्चा के पकड़े जाने की जानकारी उसके आसपास रहने वालों तक को नहीं हो पायी।

### सीएचसी में जिला अस्पताल जैसी सुविधायें सुलभ कराने की मांग

**जालौन (उरई)।** तहसील क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख की आबादी पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। सीएचसी में जिला अस्पताल के समान सुविधाएं बढ़ाने और भवन का क्षेत्रफल बढ़ाने की मांग नगरवासियों ने क्षेत्रीय सांसद व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है। अधिवक्ता उमेश दीक्षित, अशफाक राईन, विपुल दीक्षित, महेंद्र शिवहरे आदि ने क्षेत्रीय सांसद भानुप्रताप वर्मा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर लिखा कि जालौन तहसील का काफी बड़ा क्षेत्रफल है जिसमें लगभग 220 गांव आते हैं। जबकि नगर में एक लाख से अधिक जनसंख्या यहां निवास करती है। तहसील क्षेत्र के सैंकड़ों की संख्या में मरीज प्रतिदिन सीएचसी में आते हैं। प्रतिदिन की ओपीडी करीब 600 से 800 मरीजों की है। ऐसे में मरीजों की सुविधा के लिए सीएचसी का भवन पर्याप्त नहीं है। सीएचसी पर सुविधाएं भी आबादी के लिहाज से पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की है कि इतनी बड़ी जनसंख्या को देखत हुए सीएचसी पर जिला अस्पताल के समान ही सुविधाएं दी जाएं। इससे न सिर्फजिला अस्पताल पर मरीजों का भार कम होगा। बल्कि जालौन क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलने से उन्हें अधिक रुपये और खर्च नहीं करना पड़ेगा। इसके अतिक्ति सीएचसी पर होने वाली मरीजों की भीड़ को देखते हुए सीएचसी में खाली पड़ी भूमि पर नई बिल्डिंग बनवाई जाए ताकि मरीजों और तीमारदारों को परेशान न होना पड़े।

# नियम की अनदेखी करने वाले 330 वाहन चालकों पर चार लाख छत्तीस हजार का जुर्माना

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**15 दिसंबर** से शुरू हुए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मैं 20 दिसंबर तक यातायात विभाग द्वारा बिना हेलमेट बिना लाइसेंस गलत पार्किंग ट्रिपलिंग करने नाबालिक द्वारा वाहन चलाने और गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने सहित यातायात नियमो का पालन न करने पर 330 वाहनो पर चार लाख छत्तीस हजार रुपये का चालान किया है। शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में 15 से 20 दिसंबर तक बिना हेलमेट के बाइक चलाने पर 36 लोगों का करते हुए 36 हजार रुपए का जुर्माना किया गया इसी तरह बिना लाइसेंस के 32 लोगों पर 16 हजार ,वाहन को गलत पार्किंग करने वाले 31 लोगों पर 15 हजार पाच सो,यातायात नियम का पालन न करने वाले पर नौ लोगों पर 18 हजार रुपए नाबालिक के द्वारा वाहन चलाने पर तीन चालान करते हुए 15 हजार, गलत नंबर प्लेट या डिजाइन वाला नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने पर तीन चालान करते हुए 15 हजार, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर दो चालान करते हुए दो हजार,बिना बीमा के वाहन चलाने पर दो चालान करते हुए चार हजार का जुर्माना, प्रेशर फॉर्म का प्रयोग करने पर दो वाहन चालकों पर एक हजार का जुर्माना, चेकिंग के दौरान फिटनेस पेपर ना दिखाने पर एक चालान करते हुए पाच सो, यात्री बस में पावदान पर खड़े होकर यात्रा करने पर एक चलन करते हुए पांच सौ का जुर्माना व बिना फिटनेस के वाहन चलाने पर एक चालान करते हुए पाच सो रुपये सहित अब तक 330 वाहनों पर यातायात विभाग द्वारा चार लाख छत्तीस हजार का जुर्माना किया गया है।

## चालकों सहित 50 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

सहायक संभागीय परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड पर बस चालको और रोडवेज कर्मियों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया एआरटीओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉक्टर टीपी यादव और नेत्र सर्जन डॉक्टर सुबोध सिंह द्वारा करीब 50 चालको और रोडवेज कर्मियों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 20 लोगों को निकट एवं दूर दृष्टि दोष पाते हुए नेत्र चिकित्सक द्वार उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी गई।

# शासन से मिली तीन एम्बुलेंस को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया रवाना



उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय ने राज्य सरकार द्वारा प्रदत 03 एम्बुलेंस को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ सेवा के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इन नए एम्बुलेंस के शामिल होने जनपद के स्वास्थ्य सेवायें और बेहतर होंगी। मुख्यमंत्री के निर्देशो पर जनपद से गम्भीर रोगियो को उच्च संस्थानो में ले जाने हेतु तीन नई एडवान्स लाइफ सर्पोट एम्बुलेन्स शासन द्वारा जनपद को उपलब्ध कराई गई हैं। ए0एल0एस0एम्बुलेन्सो में सभी जीवन रक्षक उपकरण वेन्टीलेटर सहित सुसज्जित हैं, तथा आपात स्थितियो में गम्भीर रोगियो को सघन चिकित्सा ईकाई जैसी सुविधाये देते हुये उच्च संस्थान में गम्भीर रोगियों को ले जाने में सक्षम हैं तथा इनके प्रशिक्षित कार्मिक हमेशा उपलब्ध रहते हैं। जन-मानस को आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार निम्नलिखित ए0एल0एस0 एम्बुलेन्सो की सेवाये टोल फ्री नम्बर-0522 2466510 डायल करने पर प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एन0डी0 शर्मा व पत्रकार बंधु सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — प्रत्येक शिक्षक समाज का निर्माता होता है : अभिषेक कुमार

# शिक्षा को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिये टेबलेट की महती उपयोगिता: गौरीशंकर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज


शिक्षकों को टेबलेट वितरित करते सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा

**बुधवार को** बेसिक शिक्षा विभाग (उप्र शासन) द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र मड़ोरा, विकासखंड डकोर में टेबलेट वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर अभिषेक कुमार आईएएस के रूप में पधारे। टेबलेट वितरण का शुभारम्भ विद्या की अधिष्ठानी देवी मॉ सरस्वती का पूजन सदर विधायक, एसडीएम सदर एवं डायट प्राचार्य रवीन्द्र सिंह द्वितीय के द्वारा सम्पन्न होकर कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय मड़ोरा की बालिकाओं द्वारा पारम्परिक वेशभूषा से सुसज्जित होकर शास्त्रीय नृत्य व सरस्वती वन्दना के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों की गरिमा बतलाते हुये कहा कि एक शिक्षक की वह शक्ति है, जो सम्पूर्ण समाज को परिवर्तित करने की क्षमता रखता है, मैं आज भी अपने विद्याध्ययनकाल के गुरूओं को प्रणाम करता हूं, वह कहीं भी किसी भी समय मुझे मिल जाये। एसडीएम सदर अभिषेक कुमार ने कहा कि आज मैं जिस पद पर कार्यरत हूं वह निश्चित ही मेरे गुरू की शिक्षा का परिणाम है, शिक्षक समाज का निर्माता है। बेसिक शिक्षाधिकारी चन्द्रप्रकाश ने टेबलेट के बारे में बतलाते हुये कहा कि यह टेबलेट आधुनिक शिक्षा के लिये वरदान सिद्ध होगा। इसमें दीक्षा, रोड एलांग, डीबीटी, निपुण लक्ष्य जैसे महत्वपूर्ण एपप्री-डाउनलोड हैं। जो कि हमार शिक्षकों के लियेअत्यन्त मददगार साबित होगें कार्यक्रम को बेहत रबनाने के लिये रवीन्द्र शाक्यवार व अरविन्द निरंजन आदि शिक्षकों का अतुलनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला समन्वयक विश्वनाथ दुबे व एआरपी डकोर रोहित ने शिक्षकों से टेबलेट को सुरक्षित व अपनेसाथ रखने को कहा। कार्यक्रम के अन्तमें खण्ड शिक्षा अधिकारी डकोर ज्ञानप्रकाश अवस्थी ने सभी अतिथियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कुठौंद नेत्रपाल सिंह, एआरपी शत्रुघन सिंह राजपूत, एआरपी देवेन्द्र सविता, एआरपी मनीष सहित बीआरसी स्टाफ व क्षेत्र डकोर के प्रत्येक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधान अध्यापक सहित तमाम सहायक अध्यापक उपस्थित होकर अपना-अपना टेबलेट प्राप्त किये।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष हुए पूर्ण

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सोनभद्र द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन शिव शक्ति स्टील सिविल लाइन रोड अजीत जयसवाल जी के प्रतिष्ठान पर किया गया। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री राजेश बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन इसे स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मैं मना रही है जिसका समापन अधिवेशन उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से किया जाएगा। रजत जयंती वर्ष में व्यापार मंडल ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें व्यापार मंडल व्यापारीयो के प्रतिष्ठान, टोल फ्री मिस्ड कॉल अभियान, व पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारिक स्वाभिमान यात्रा निकाली जा चुकी है वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना पूर्व सांसद श्रद्धा श्याम बिहारी मिश्रा जी वृद्धि लाल विशंभर दयाल अग्रवाल जी ने मां गंगा के पावन तट के किनारे वाराणसी में आज से किया था वर्ष 2023 में अपने 50 वर्ष पूरे होने पर संगठन विविध कार्यक्रमों को करते हुए इसको स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रही है। युवा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने बताया विभिन्न सत्रों के माध्यम से व्यापारियों को बदलते बाजार और संशोधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा वह ऑनलाइन बाजार की चुनौतियों पर भी विषय रखा जाएगा इससे व्यापारियों को बताया जाएगा कि संसाधनों का उपयोग करके अपने बाजार को इससे बड़ा बनना होगा या सब कैसे हो इस पर भी चर्चाएं होंगी। पत्रकार वार्ता में जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल नगर अध्यक्ष आनंद प्रताप युवा जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता नगर संगठन मंत्री अभिषेक केशरी मौजूद रहे।

# केन्द्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हर तबके को मिल रहा लाभः वीरसिंह भदौरिया

- सदर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौधरियापुर मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी, लाभ उठाने की अपील की

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**सदर ब्लाक** क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौधरियापुर एवं चौराचांदपुर में आयोजित हुये विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर ब्लाक प्रमुख रामू कठेरिया ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने ग्रामीणों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई।

बुधवार को ग्राम पंचायत चौधरियापुर में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने कहा कि मोदी सरकार गरीब को समर्पित है, गांव को समर्पित है, महिलाओं को समर्पित है, युवाओं को समर्पित है, किसानों को समर्पित है। केन्द्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हर तबके को मजबूती मिल रही है। श्री भदौरिया ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को देश और प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की यह अभिनव पहल है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक फायदा उठाने की लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारत की अखण्डता और विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं को इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जुड़कक लाभान्वित होने के लिए आगे आएं। सदर ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया ने अपने सम्बोधन में सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की और कैसे भारत को विकसित बनाना है इस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामन्त्री हरिबक्श सिंह, रामवीर कठेरिया, सदर खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय पाठक, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण मोहम्मद तसलीम, ग्राम पंचायत सचिव आरती यादव समेत तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## मंडलीय पेंशन अदालत का आयोजन 10 जनवरी को

**उरई (जालौन)।** मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आयुक्त झांसी मण्डल झांसी की अध्यक्षता में 10 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। इस आयोजित पेंशन अदालत में झाँसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर व जालौन के समस्त राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त, मृत शासकीय कार्मिकों व उनके आश्रितो के लम्बित सेवानिवृत्तक लाभों, दावों (यथा-पेंशन, उपादान, सामूहिक बीमा, अवकाश का नगदीकरण, पेंशन पुनरीक्षण आदि) से सम्बन्धित वाद-पत्र, प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेशन, पुराना विकास भवन, कमिश्नरी कम्पाउण्ड, झांसी मण्डल झांसी में व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल के द्वारा 26 दिसंबर 2023 को अपरान्ह 5 बजे तक प्राप्त करा सकते हैं।

# खबरें चलते-चलते

### न्यायिक अधिकारियों ने जिला कारागार का किया साप्ताहिक भ्रमण

**उरई (जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत ने बुधवार को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण किया तथा जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को विधिक जानकारी दी गयी। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरुद्ध बंदियों से पूंछतांछ करते हुये उनकी समस्याओं को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण में सचिवध्अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत ने बंदियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायताध्सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खानपान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बंदियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार जो बंदी दोष सिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये।

### गोवध का विरोध और गोसेवा, गोपालन से समृद्धि संभवः समाहिता दीदी

**जालौन (उरई)।** श्री सिकरी सरकार मंदिर पर पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमदभागवत महापुराण कथा का अंतिम दिन समापन किया गया। जिसमें भागवताचार्या साध्वी समाहिता दीदी ने सुदामा चरित की कथा सुनाई और लोगों से गोपालन की अपील की। कथा के अंतिम दिन भागवताचार्या साध्वी समाहिता दीदी ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तो को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। उन्होंने कई उपदेशात्मक वृतांत सुनाकर भक्तों को निहाल भी किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य का जीवन कई योनियों के बाद मिलता है। इसे कैसे जीना चाहिए, यह भी समझाया। कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा का उद्धार किया। मित्रता निभाते हुए सुदामा की स्थिति को सुधारा।

### यात्री परिवहन करते दो लोडर पकड़े ,लगाया एक लाख का जुर्माना

**उरई (जालौन)।** दो दिन पहले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में चार लोगों की मौत के बाद हरकत में आये प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी। बुधवार को एआरटीओ ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे ऐसे वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी जो माल ढुलाई के नाम पर यात्रियों का परिवहन करने में लिप्त थे। थोड़ी ही देर में दो लोडरों से दर्जन भर से ज्यादा यात्रियों को यात्रा करते पकड़ लिया और उन्हें भविष्य में माल ढोने वाले वाहनों में यात्रा न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया जबकि पकड़ी गयी दोनों लोडरों को कोतवाली में खड़ा करवाकर उन पर एक लाख से अधिक का जुर्माना लगाया। इसीक्रम में जालौन कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर भारी वाहनों जिसमें प्रेशर हॉर्न व यात्री परिवहन करते पकड़े गये उन्हें भी चेतावनी दी गयी।

# सपाईयों ने नववर्ष कैलेण्डर वितरण अभियान में सपा शासनकाल की गिनाई उपलब्धियां

- पूर्व मंत्री जुगुल किशोर बाल्मीकि के नेतृत्व में सपाईयों ने मोहल्ला शेखवाना में घर-घर पहुंचकर दी आगामी नववर्ष की शुभकामनाएं

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूर्व मंत्री जुगुल किशोर बाल्मीकि के नेतृत्व में सपाईयों ने घर-घर पहुंचकर नववर्ष का कलेण्डर वितरण अभियान चलाया साथ ही सपा लोगों को शासनकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी।

बुधवार को जोन प्रभारी युवा सपा नेता हसीब हसन के क्षेत्र मोहल्ला शेखाना में सपा नेताओं के साथ घर-घर पहुंचे सपा के पूर्व मन्त्री जुगुल किशोर ने जहां लोगों को आगामी नव वर्ष की बधाई दी तो वहीं सपा मुखिया के चित्र छपा नववर्ष का कैलेंडर वितरित किया। इस दौरान उन्होने समाजवादी पार्टी की नीतियों-रीतियों से अवगत कराया साथ ही सपा सरकार के दौरान प्रदेश भर में कराये गये विकास कार्यों को गिनाया। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में विकास कार्यों की गंगा बही, किन्तु वर्तमान में भाजपा सरकार विकास कार्यों से कोसों दूर है। कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में कई ऐसी परियोजनाएं हैं, जिन्हें सपा सरकार में शुरु कराया गया था, किन्तु कई अधूरी परियोजनाओं को नजर अंदाज कर भाजपा सरकार ने उन्हें लगभग बन्द करा दिया। कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है। किसान बेहाल है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, जोन प्रभारी हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, अंशुल दोहरे, आसिफ हुसैन सभासद, आरिफ़ज़मा, आनंद बाबू, नेम सिंह यादव, मोंटू राठौर, साद सिद्दीकी, रोहित कुशवाहा, नितिन यादव, गुलशाद अहमद, बीपी यादव, ब्रजभान सिंह यादव, हारून सिद्दीकी, समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 57 बच्चों को स्कूल में ड्रेस और मोजे वितरित किए गए

**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



प्राथमिक विद्यालय बंजारन डेरा में एबीएसए डॉक्टर विमल तिवारी एआरपी कुलदीप यादव वह प्रधान अध्यापक की मौजूदगी में बच्चों को ड्रेस से वितरित की गई। प्राथमिक विद्यालय बंजारन डेरा में 57 बच्चों को ड्रेस व जूता मौजा वितरण एबीएसए डॉक्टर विमल तिवारी आरपी कुलदीप यादव प्रधान अध्यापक प्रदीप दीक्षित सहित सहायक अध्यापक व शिक्षामित्र की मौजूदगी में 57 बच्चों को स्कूली ड्रेस व जूता मौजा उपलब्ध कराए गए एबीएसए डॉक्टर विमल तिवारी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर अध्यापक के साथ द परिजन भी विशेष ध्यान दें जिससे कि पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधारआ सके।

# स्कूली वाहन चालकों-परिचालकों के लिए लगाया गया नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प

- सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानीमऊ में लगाया गया कैम्प

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**सड़क सुरक्षा** पखवाड़ा के अर्न्तगत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानीमऊ में स्कूली वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण हेतु कैम्प लगाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम स्कूलों के वाहन चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नेत्रों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाएं वितरित की। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानीमऊ मे लगाये गये नेत्र चिकित्सा कैम्प में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनोद कुमार के निर्देशानुसार नामित विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अमित, एवं डा. अर्जुन सिंह ने 35 स्कूल के चालाकों, आटो एवं टैम्पो टैक्सी के चालकों तथा परिचालकों का सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानीमऊ के डा. अमित ने नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षणकर स्कूल वाहन चालकों को निःशुल्क मल्टीविटामिन और कैल्शियम की टेबलेट वितरित की साथ ही जिन चालकों की आँखों की रोशनी कम पाई उन्हें चश्मा पहनने की सलाह दी। साथ ही निःशुल्क आई ड्राप भी वितरित किए गए।

# डूडा विभाग के उच्च अधिकारियों के हस्ताक्षेप के बाद क्रमिक अनशन समाप्त

**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**डुडा के** कर्मचारियों के खिलाफ सभासदों द्वारा तहसील परिषद में क्रमिकअंशन कल शुरू किया गया था डूडा विभाग के उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अनशन स्थल पर पहुंचकर अनशन को कराया समाप्त। डूडा विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ चल रहे क्रमिक अनशन स्थल पर चेयरमैन मनोज कुमार दुबई ने पहुंचकर अनशन कर रहा है सभासदों का मलयार्पणकर हौसला अपहजाई किया सभासदों ने तहसील परिसर में डुड़ा के कर्मचारी के खिलाफ क्रमिक अनशन की शुरुआत कल की आज डूडा विभाग के उच्च अधिकारी अनशन स्थल पर आए और सभासदों द्वारा दिन कर्मचारियों के खिलाफ अनशन किया जा रहा था उन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया सभासदों को आश्वासन दिया कि 7262 सन 2018-19 की लाभार्थियों की सूची एक सप्ताह में तहसील से डूडा विभाग में पहुंच जाएगी अनशन कर रहे हैं सभासद को जूस पिलाकर उच्च अधिकारियों ने अनशन को समाप्त कराया।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता महज खानापूर्ति

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कस्वा में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अपूर्वा सिंह ने ब्लाक स्तरीय खेल कूद का आयोजन किया। खेल कूद कार्यक्रम का वीडीओ सोनिया श्रीवास्तव ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेलकूद के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के एक सैकड़ा छात्र तक इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं दिखाई दिए। जबकि खेलकूद को लेकर सरकार अथक प्रयास कर रही है। लेकिन धरातल पर सिर्फ प्रमाण पत्र बाटने का कार्य किया जा रहा है।



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करती वीडीओ सोनिया श्रीवास्तव

ऐसा ही कुछ इस कार्यक्रम के दौरान हुआ कार्यक्रम में जलालाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय द्वितीय के छात्र काफी कम मात्रा में प्रांगण पहुँचे। छात्रों को काफी कम मात्रा में इस बात की जानकारी थी। कि परिसर में खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद जैसे जैसे अन्य बच्चो को इस बात की जानकारी हुई। तब वह वहाँ पहुँचे। देखा गया कि युवा कल्याण अधिकारी बच्चो को प्रमाण पत्र वितरित कर रही थी। तो वहाँ मौजूद लोगों ने आपत्ति जताई। इस संबंध में जब उनसे बात की गई उनका कहना था। कि यह सब अराजकतत्व है। माहौल विगाड़ने की कोशिश कर रहे है। जब कि वहाँ लोगो ने बताया कि सिर्फ मेरे सामने दो सौ मीटर दौड़ व चार सौ मीटर दौड़ कराई गयी। इस संबंध में जब बीईओ शिवेंद्र कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुझे किसी प्रकार की कोई जानकारी नही है। कि ब्लॉक स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बीइओ ने जब कार्यक्रम आयोजक से बात की तो उन्होंने यह कहकर बात को इतर कर गयी कि लेटर आपके कार्यालय भेजा था आप कार्यालय पर मौजूद नही थे। जब वीडीओ सोनिया श्रीवास्तव से बात की तो उन्होंने बताया कि जब मैं पहुँची थी। तब काफी कम मात्रा में बच्चे थे और मेरे सामने सिर्फ दो ही दौड़ कराई गई थी और अन्य कोई खेल नही कराया गया था।

# अभिषेक राठौर मनी दुबे बने चैंपियन

**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- 111 अंक लेकर उज्जैन हाउस ने जीती ट्रॉफी 76 अंक के साथ नालंदा हाउस बना विजेता



**खबरियापुर** रोड स्थित सिटी चिल्ड्रन अकादमी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ प्रतियोगिता में 111 अंक लेकर उज्जैन हाउस ने चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया 76 अंक प्राप्त कर के नालंदा उपजेता बना काशी हाउस को 68 अंक प्राप्त हुए जबकि तक्षशिला हाउस को 67 अंक प्राप्त हुए अभिषेक राठौर एवं मनीष दुबे को चैंपियन ट्रॉफी दी गई। बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई सब जूनियर 100 मीटर रेस बालक वर्ग में नंदा हाउस के रामराज कक्षा 5 का प्रथम बालिका वर्ग में नंदा हाउस की मानसी कक्षा 5 का प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की खो खो प्रतियोगिता ने उज्जैन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया 200 मीटर बालक वर्ग में काशी हाउस के अजय कुमार कक्षा 11 ए ने प्रथम बालिका वर्ग में उज्जैन हाउस की हीरा खान कक्षा 9 द ने प्रथम 100 मीटर बालक वर्ग ने तक्षशिला हाउस के ऋषभ कक्षा 11 बने प्रथम बालिका वर्ग में नंदा हाउस की दीक्षा पाल कक्षा 9 ब ने प्रथम बैडमिंटन बालक वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम बालिका वर्ग में उज्जैन हाउस कबड्डी बालक वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम बैडमिंटन बालक वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम बालिका वर्ग में उज्जैन हाउस कबड्डी बालक वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम जैवलिन थ्रो बालक वर्ग में नालंदा हाउस अर्जुन कक्षा 9 ए ने प्रथम बालिका वर्ग में उज्जैन हाउस की प्रतिष्ठा कक्षा 9 आने प्रथम 400 वर्ग मीटर रिले बालक वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम बालिका वर्ग में तक्षशिला हाउस ने प्रथम डिस्कस थ्रो में नालंदा की संतुष्टि पाल कक्षा 9 आने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में काशी हाउस ने प्रथम 50 मीटर रेस बालक वर्ग में नंदा हाउस तृतीया के कक्षा 5 बा में प्रथम बालिका वर्ग में तक्षशिला हाउस की प्रतिज्ञा कक्षा 5 आने प्रथम 100 मी दौड़ बालक वर्ग में उज्जैन हाउस के देवांश कक्षा 8 आने प्रथम बालिका वर्ग में काशी हाउस की मणि दुबे कक्षा 8 आने प्रथम श्लोक साइकिल रेस में काशी हाउस के जतिन पटेल ने प्रथम 200 मीटर रेस बाल का वर्ग में काशी हाउस की मणि दुबे कक्षा 8 आने प्रथम बैडमिंट ऑन बालक वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम बालिका वर्ग में उज्जैन हाउस ने प्रथम कबड्डी बालिका वर्ग में काशी हाउस ने प्रथम लंबी कूद बालक वर्ग में नालंदा हाउस आदर्श कक्षा आठवां ने प्रथम डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में नालंदा हाउस की दीक्षत यादव सांप दाने प्रथम स्थान प्राप्त किया। घर पर प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने बच्चों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया प्रशासिका का सुधा प्रधान ने अपने संबोधन के द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया सीईओ विश्वास प्रधान ने बच्चों को जीतने के लिए सतत प्रयास करने की सलाह दी प्रबंधक प्रदीप प्रधान प्रसाद का सुधा प्रधान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु कुमारी पाल सीईओ विश्वास प्रधान मधु प्रधान शैक्षाणिक प्रमुख प्रेमानंद नायक समन्वयक यादव सलाहकार बीड़ी दीक्षित के द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक श्रीजिथ एवं यशपाल तथा विद्यालय की शिक्षिका लायना किया गया।

# बच्ची की हत्या व साक्ष्य मिटाने वाले अभियुक्त को न्यायाधीश ने सुनाई फांसी की सजा

- दो माह 15 दिन के अंदर पीड़ित परिवार को मिला न्याय
- तत्कालीन थाना कम्पिल अशोक कुमार ने की थी विवेचना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



आरोपी को ले जाती पुलिस

**चार वर्षीय** बच्ची के साथ दुष्कर्म करके साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से बच्ची की हत्या कर देने के मामले में अपर जिला विशेष पाक्सो एक्ट न्यायधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त शाहिद पुत्र इकरार हुसैन निवासी कटिया थाना कम्पिल को दोषी करार देते हुए मृत्यु दंण्ड की सजा से दंडित किया।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 12 सितम्बर 2023 को सुबह 9 बजे मेरी भतीजी चार वर्षीय घर के बाहर से खेलते समय गायब हो गयी थी। परिवारीजनों ने काफी खोजबीन की, परन्तु पता नहीं चला। मुझे लगभग 6 बजे शाम गांव के लोगों ने बताया कि सुबह 10 बजे करीब शाहिद व उसके दोस्त दारेन को मुर्गीफार्म के पीछे जाते हुए देखा। जानकारी मिलने पर हम अपने साथ अन्य लोगों के साथ शाहिद के मुर्गीफार्म की तरफ गए। वहां जाकर खोजबीन की। मुर्गीफार्म से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बच्ची का शव मिला था। मेरी भतीजी के साथ शाहिद व दारेन ने दुष्कर्म कर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचक थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने विवेचना कर आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की। मुकदमा विचारण के दौरान अभियुक्त दारेन की पत्रावली किशोर न्यायालय में पृथक हो गयी। अभियोजन पक्ष ने उक्त मामले में 16 गवाह प्रस्तुत किये। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त शाहिद को दोषी करार देते हुए धारा 302 के अपराध में मृत्युदंड की सजा से दंडित किया। था 1 लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर 6 माह अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। दोषसिद्ध अभियुक्त शाहिद को गर्दन से तब तक लटकाया जाए जब तक उसकी मृत्यु ना हो जाए। धारा 5/6 के आरोप मृत्युदंड की सजा से दंडित किया तथा 1 लाख रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया। अदा न करने पर 6 माह के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया। धारा 201 में 3 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के जुर्माना, अदा न करने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाए।

## शासकीय अधिवक्ताओं की प्रबल पैरवी से मिला न्याय



शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, अनुज कटियार, विकास कटियार

**फर्रुखाबाद।** दुष्कर्म, पास्को व हत्या जैसे जघन्य अपराध में अभियुक्त को मृत्युदण्ड की सजा से न्यायालय द्वारा दंडित किये जाने पर शासकीय अधिवक्ता विकास कटियार ने बताया कि दो माह के अंदर इस अपराध में न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर अभियुक्त को दोषी करार देते हुए मृत्यु दंण्ड की सजा से दंडित किया। इससे न्यायालय के प्रति समाज में और अधिक विश्वास बढ़ा है और पीड़ित को न्याय मिला है। वहीं शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह का कहना है कि इस फैसले से ऐसा जघन्य अपराध करने की सोच रखने वाले लोगों में कानून का भय और बढ़ेगा। शासकीय अधिवक्ता अनुज कटियार ने कहा कि न्याय विभाग पर सभी को भरोसा है। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए हम व हमारे शासकीय अधिवक्ता साथियों ने जमकर बहस की। तो वहीं विवेचक तत्कालीन थानाध्यक्ष कम्पिल अशोक कुमार ने भी विवेचना के दौरान पुख्ता साक्ष्य व सबूत एकत्रित किये। कोर्ट मोहर्रर कां0 स्वाती, पेशकार धर्मेन्द्र कुमार सभी कुशल पैरवी से दुष्कर्मी को मृत्युदण्ड दिलाने में सफलता मिली।

## विवेचना व प्रभावी पैरवी के चलते अभियुक्त को मिली सजाः एसपी

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाना कम्पिल में दो माह पूर्व बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से हत्या करने वाले दो अभियुक्तों में से एक को न्यायालय द्वारा मृत्यु दंड की सजा से दंडित किये जाने पर कहा कि पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्व तत्कालीन कम्पिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार विवेचक व प्रभावी पैरवी के चलते दो माह 15 दिन के अंदर न्यायालय ने अभियुक्त को मृत्यु दण्ड की सजा से दंडित किया। यह पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है।

## न्यायाधीश सुमित प्रेमी अब तक दो लोगों को दे चुके हैं मृत्युदंड की सजा

**फर्रुखाबाद।** अपर जिला विशेष पाक्सो एक्ट न्यायधीश सुमित प्रेमी इससे पहले भी पास्को व हत्या के मामले में अभियुक्त को मृत्यु दंड की सजा सुना चुके है। 29 अगस्त 2023 को न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त राधेश्याम पुत्र राजाराम निवासी ग्वालटोली कानपुर को पास्को हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में मृत्यु दण्ड की सजा से दंडित किया था। कम्पिल में दो माह पूर्व बच्ची के साथ दुष्कर्म, हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में अभियुक्त शाहिद को मृत्यु दण्ड से दंडित किया। अभी तक के कार्यकाल में अपर जिला विशेष पाक्सो एक्ट न्यायधीश सुमित प्रेमी दो को मृत्यु दंड की सजा से दंडित कर चुके है।

# बुखार से पीड़ित चल रही केजीबीवी की छात्रा की मौत

- परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हाईवे किया जाम
- सीओ व तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से की वार्ता

राजेपुर, समृद्धि न्यूज



मृतक बालिका का फाइल फोटो



हाईवे पर जाम लगाये ग्रामीण व मौजूद सीओ व थानाध्यक्ष

**बुखार से** पीड़ित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा की मौत हो गयी। परिजनों ने विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इटावा-बरेली हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे सीओ व तहसीलदार ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम गाँधी में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय है। जिसमें थाना अमृतपुर के ग्राम रतनपुर पमारान निवासी 9 वर्षीय आयशा पुत्री उमेश कुशवाह कक्षा 6 की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार बीते लगभग पांच दिनों से उसे बुखार आ रहा था। आयशा के परिजनों के अनुसार कई दिनों से उसे बुखार आने के बाद भी इसकी सूचना उसके परिजनों को नहीं दी गयी। साथ ही इलाज भी सही से नहीं कराया गया। लिहाजा बुधवार को उसकी अचानक मौत हो गयी। छात्रा की मौत की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को इटावा-बरेली हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया।

जानकारी होने पर सीओ सिटी प्रदीप कुमार, तहसीदार कर्मवीर मौके पर आ गये। कई थानों का फोर्स भी मौके पर आ गया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शव को हटाकर जाम खुलवाया। इसके बाद परिजनों शव को पुनः स्कूल में रखा दिया। परिजनों से अभी अधिकारियों की वार्ता चल रही है।

# एसपी के आदेश पर मजदूर को पीटने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खेतों में मजदूरी करने से मना करने पर मजदूर को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अखमेलपुर निवासी छेदालाल पुत्र मौजी लाल ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित सीधासाधा एवं खेतों में मजदूरी करने वाला व्यक्ति है। पीड़ित के गांव के संदीप पुत्र सुरेश चंद्र, मोहित पुत्र शिव नरेश, नन्हें पुत्र शिवनरेश निवासी ग्राम उपरोक्त थाना कमालगंज के निवासी हैं। जो अत्यंत ही चालक एवं झगड़ालू किस्म के व्यक्ति हैं। उपरोक्त लोग आये दिन भोलेभाले व्यक्तियों के साथ झगड़ा एवं मारपीट करते रहते हैं। पीड़ित के पुत्र आदेश ने उक्त संदीप के खेतों में काम करने से काफी समय पूर्व मना कर दिया था, क्योंकि उपरोक्त संदीप पैसे नहीं देते एवं पैसे मांगने पर मारपीट पर आमादा हो जाते है। दिनांक 26 अक्टूबर को समय करीब 2.30 बजे पीड़ित अपने घर के दरवाजे पर बैठा था, तो उपरोक्त संदीप पुरानी रंजिश के कारण मोहित एवं नन्हें के साथ हाथों में लाठी-डंडा लेकर आया और पीड़ित के साथ मारपीट करने के लिए उसके घर के दरवाजे पर आए। उपरोक्त लोगों को देखकर पीड़ित भागकर अपने घर के अंदर घुस गया। उसके पीछे उक्त सभी लोग पीड़ित के घर के अंदर घुस गए और मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए हाथों में लाठी-डंडा एवं लात-घुसों से मारपीट करने लगे। उसके चिल्लाने पर भाई चुन्नालाल एवं पुत्र अभय कुमार गांव के लोगों के साथ आ गए। जिन्होंने पीड़ित को बचाया। मारपीट में भाई चुन्नालाल के सर में काफी चोटें आयीं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# खबरें चलते-चलते

## संदिग्ध परिस्थितियों में निर्वाचन कार्यालय में लगी आग

- दीवार तोड़कर बुझायी गयी आग, ईवीएम मशीनें भी जलीं



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्वाचन कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। जिससे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन भीतर जानने का रस्ता सुरक्षित ना होने पर निर्वाचन कार्यालय की दीवार को तोड़ा गया। आग से ईवीएम जलने की भी जानकारी मिली है। जानकारी के अनुसार बुधवार को अचानक निर्वाचन कार्यालय में आग लग गयी। आग लगनेसे उसका धुआं भवन की खिड़कियों से बाहर आया, तो लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। जिसके मौके पर भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस बल व अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकल को ही मौके पर बुलाया गया। जिसके बाद दमकल नें कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल लोकसभा चुनाव सिर पर है और निर्वाचन कार्यालय से ही चुनाव के कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं। इस समय निर्वाचन कार्यालय में आग लगने की घटना नें सबको सकते में डाल दिया। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जांच के लिए नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में कमेटी बना दी गयी है। जो अपनी रिपोर्ट देंगी। कुछ ईवीएम मशीनं जो ठीक नही थी वह रखी थी। वह ही जली हैं।

## मारपीट के मामले में दस पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दबंगों ने ग्रामीणों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दस नामदर्ज लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना मऊदरवाजा के ग्राम डाल नगला भिड़ौर निवासी रामऔतार पुत्र स्व0 जय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 17 दिसम्बर को सुबह 9:30 बजे मैं अपने भाई महावीर, सूरज पाल व प्रमोद पुत्र महावीर, अवनीश पुत्र रामऔतार, सीता, सचिन के साथ खेत पर पानी लगाने गये थे, तभी खेत में पहले से मौजूद अनन्तराम पुत्र लालू, अरविन्द, राजेश, संजू पुत्रगण अनन्तराम निवासीगण छोटी गुलरिया कुबेरपुर घाट, रामविलास, विजेन्द्र पुत्रगण लालाराम, मुकेश पुत्र महिपाल, सचिन उर्फ सुधीर, आदेश पुत्रगण रामविलास निवासीगण रुपपुर मंगलीपुर, अखिलेश निवासी मोहल्ला जाफरी ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दिया। तथा जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे हम लोग बाल-बाल बच गये। आसपास के लोगों के आ जाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर मां बेटी को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी करिश्मा उम्र 17 वर्षीय पुत्री राधेश्याम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि एक माह पूर्व मलिखान का मोबाइल चोरी हो गया था। मेरे छोटे भाई कौशल ने मोबाइल गौरी शंकर से खरीदा था। कौशल मोबाइल चला रहा था, तभी मलिखान ने मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए मेरे भाई कौशल को गाली देने लगा। मैंने मलिखान को मोबाइल फोन वापस कर दिया। इसी खुन्नस मे मलिखान मेरे घर पर आकर गाली-गलौज करने लगा। मेरे द्वारा विरोध करने पर मलिखान मेरे साथ मारपीट करने लगा। हमे पिटता देख बीच बचाव को आई मेरी माँ सुनीता को भी उसने मारापीटा। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर माँ बेटी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# अपहरण व हत्या के मामले में आजीवन कारावास

- 25 वर्षों पूर्व घटित हुई थी घटना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपहरण कर** युवक की हत्या करने के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने कल्लू पुत्र फूल सिंह निवासी पृथ्वीपुर मिर्जापुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 49 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

बीते 25 वर्ष पूर्व थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी जोगराज पुत्र निरंजन सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 5 नवंबर 1998 को सुबह मेरा पुत्र दल सिंह शौच करने गया था। गांव के ही लोग अपने खेतों में अपना-अपना काम कर रहे थे, तभी कल्लू, सतीश यादव अपनी -अपनी घोड़ी पर सवार होकर और मुख्त्यार पैदल आये और मेरे पुत्र दल सिंह को अपने साथ पकड़कर ले गए। तब मैंने अपने परिजनों के साथ काफी खोजबीन की, दूसरे दिन समय लगभग 4 बजे गॉव सादिकपुर के किनारे धान के खेत में मेरे पुत्र की लाश पड़ी मिली। जिसके शरीर में गोलियां लगी थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने माधौ, कल्लू, गिरीश, सतीश, मुख्त्यार के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। साक्ष्य के अभाव से माधौ को दोष मुक्त कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान गिरीश और सतीश की मृत्यु हो गयी थी। मुख्त्यार की पत्रावाली पृथक हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चंद्र वैश्य ने कल्लू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 49 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# अनियंत्रित रोडवेज ने तीन बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत





खड्डे में जा घुसी रोडवेज बस समृद्धि न्यूज



रोते बिलखते मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

राजेपुर, समृद्धि न्यूज

- एक अन्य की भी हालत गम्भीर लोहिया अस्पताल में भर्ती

**अनियंत्रित रोडवेज** तीन बाइक सवार को रौंदती हुई खड्ड में चली गयी। जिससे सवारियों में अफरा-तफरी मच गयी। इस घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो को भर्ती कर लिया। इसमें भी एक की हालत गम्भीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसरा थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम महमदपुर निवासी 30 वर्षीय अमित उर्फ प्रमोद कुमार पुत्र शेरसिंह कुशवाह सातनपुर आलू मंडी में पल्लेदारी करने के लिए बाइक से निकला। उसके साथ में गाँव के ही 22 वर्षीय सूरज पुत्र रामपाल वाल्मीकि, 23 वर्षीय गोविन्द पुत्र रामनरेश यादव भी बैठे थे। तीनों बाइक से जैसे ही मुख्य मार्ग पर आये, तो फर्रुखाबाद से सुबह 9 बजे सवारियां लेकर आ रही शाहजहाँपुर डिपो की रोडबेज बस ने सामने से आ रहे तीनों बाइक सबारों को रौंद दिया और अनियंत्रित होकर खड्ड में चली गयी। तीनों घायलों को उपचार के लिए निजी वाहन से लोहिया अस्पताल भेजा गया। लोहिया अस्पताल के चिकित्सक ने अमित कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि सूरज की हालत नाजुक बतायी जा रही है। तीसरे गोविन्द के मामूली चोट आयी। मृतक अमित चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। मृतक अमित की पत्नी किरन व माँ छोटी बिटिया का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के एक ढाई साल का पुत्र मयंक है। दुर्घटना की सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक उदय नारायण मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाँच पड़ताल की। दुर्घटना के बाद रोडबेज चालक बस छोड़कर भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे दौड़कर पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# एंटी करप्शन टीम ने लिपिक को दस हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज





पुलिस हिरासत में रिश्वतखोर लिपिक

**एंटी करप्शन** की टीम ने रिश्वत लेते हुए पंचायती राज विभाग के लिपिक को रंगे हाथों दबोच लिया और उसे कोतवाली ले गयी।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ विकास भवन के कमरा नम्बर 28 में पंचायत राज विभाग के कार्यालय में तैनात लिपिक राकेश कुमार ने कुंअरपुर डूंगरसी में तैनात सफाई कर्मी राजेश बाथम से 10 हजार रूपये रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के मुताबिक सफाई कर्मी निलंबित हो गया था। निलंबन की समयावधि का रुपया निकालने के लिए लिपिक राकेश कुमार ने 80 हजार रूपये रिश्वत की मांग की थी। सफाई कर्मी का कुल 1 लाख 83 हजार रूपये निकलना था। जिसके बाद सफाई कर्मी ने एंटी करप्शन टीम से सम्पर्क किया। बुधवार को लिपिक को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन टीम ने अपना जाल बिछाया। सफाई कर्मी ने बताया कि उसने जैसे तैसे कर्ज लेकर 10 हजार की व्यवस्था की। जब उसने लिपिक को 10 हजार रूपये दिये, तो उसी दौरान एंटी करप्शन टीम नें उसे धर दबोचा। जिसके बाद उसे कोतवाली फतेहगढ़ लेकर पहुंची। पुलिस घटना की जाँच कर रही है। कोतवाल हरी श्याम सिंह ने बताया कि जांच के बाद मुकदमा लिखा जायेगा।

# पोल से गिरकर विद्युत संविदा हैल्पर की दर्दनाक मौत

- परिजनों ने लगाया जाम, कार्रवाई की मांग पर अड़े



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते एक और संविदा कर्मी हेल्पर की काम करते समय करंट लगकर नीचे गिर जाने से मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया।

जानकारी के अनुसार कुलदीप सैनी 28 वर्षीय निवासी दाउद खां थाना मऊदरवाजा देर रात लाइनमैन गौतम के साथ ड्यूटी पर था। वह बिजली विभाग में संविदा पर हैल्पर के पद पर कार्यरत था। बीबीगंज क्षेत्र में लाइनमैन के कहने पर पोल पर बिजली ठीक करने के लिए चढ़ गया। काम करते समय बिजली सप्लाई चालू हो जाने पर उसे करंट लग गया और वह नीचे आ गिरा। जिसे उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पीड़ित परिवार के अलावा स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंच गये और यातायात अवरुद्ध कर विभागीय बड़े अधिकारी को बुलाने व मुआवजे की मांग व दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर विद्युत विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप का दो वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। एक वर्ष का पुत्र है। वह अपने तीन भाईयों में सबसे छोटा था। समाचार लिखे जाने तक कोई उच्चाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

कार्रवाई

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शुरु की कार्रवाई

# महिला की हत्या में सौतेले पिता सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** न्यायालय के आदेश पर महिला को जहर देकर हत्या करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार सन्तोष पुत्र कलेक्टर निवासी ग्राम हुसैनपुर नौखण्डा बहेलियन नगला थाना कोतवाली फतेहगढ़ का निवासी है। पीड़ित की शादी दिनॉक 11 दिसंबर 2021 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में नेहा पुत्री नामालूम, मॉ कमलेश निवासी ग्राम हुसैनपुर नौखण्डा थाना कोतवाली फतेहगढ़ के साथ हुई थी। शादी के पश्चात पीड़ित की पत्नी नेहा की विदा उसके सौतेले पिता पूरन सिंह के कहने पर मॉ कमलेश ने नहीं की थी और एक साल बाद विदा करने की कहा था। एक साल बाद पीड़ित ने विदा करने को कहा, तो पूरन सिंह व कमलेश कुमारी ने टाल मटोल कर विदा नहीं की। उसने इस बावत पंचायतें डलवायीं, लेकिन विदा नहीं की। जबकि उसकी पत्नी नेहा आने को तैयार थी, लेकिन पूरन सिंह सौतेला पिता होने के कारण धन के लालच में नेहा की दूसरी शादी उसकी इच्छा के बगैर जबरदस्ती कमलेश कुमारी के सहयोग से करना चाहता था। पीड़ित के सगे बड़े भाई राजकुमार को कमलेश कुमारी की बेटी दूसरी कंचन ब्याही है। जिसने भी अपनी माँ कमलेश कुमारी व सतौले पिता पूरन को काफी समझाया तथा धन के लालच में नेहा की दूसरी शादी धन लेकर दूसरी जगह करने से रोकने का प्रयास किया। जब इधर उधर से दबाव डलवाया, तो पूरन सिंह व कमलेश कुमारी काफी नाराज हो गये। पूरन सिंह का कहना है कि हमने सरकारी धन व सामान को प्राप्त करने के लिए नेहा की शादी की थी। हम नेहा की विदा नहीं करेंगे, बल्कि उसको जहर देकर मार देंगे। पीड़ित ने इस संबंध में 23 अक्टूबर 2023 को संबंधित थाने पर प्रार्थना पत्र दिये। दिनांक 25 अक्टूबर को सुबह लगभग 7 बजे पीड़ित को सूचना मिली कि उसकी पत्नी नेहा को उसके सौतेले पिता पूरन सिंह व सास कमलेश कुमारी व साले सौरभ पुत्र पूरन सिंह, जो पूरन सिंह की पूर्व पत्नी से पैदा है ने जहर देकर मार दिया है। जिस पर पीड़ित के भाई राजकुमार ने 112 नंबर पर घटना की सूचना दी तथा संबंधित थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही कोई कार्यवाही की। तब पीड़ित ने दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में 156(3) सी.आर.पी.सी के तहत प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धारा 302 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# माता-पिता को वृद्धावस्था में छोड़ने की बजाय अपने साथ रखना चाहिए: दीपा बहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा जदीद अंगूरी बाग सेवा केंद्र द्वारा रतन कोल्ड कादरीगेट में श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के द्वितीय अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी दीपा दीदी कुरुक्षेत्र का वर्णन युद्ध हिंसात्मक वह अहिंसक पर उन्होंने बहुत सुंदर आध्यात्मिक प्रवचन किया। उन्होंने कहा कि जब अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे तो उन्होंने भगवान को स्वीकार किया न की नारायणी सेना को, कौरव अर्थात दुर्योधन बुराइयों का प्रतीक है, अर्जुन अर्थात जो ज्ञान को अर्जन करने वाला है, जो अच्छाइयों से भरपूर है, जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार से परे है। जिसका साथी स्वयं भगवान हो उसे कौन हरा सकता है। माता-पिता को वृद्धावस्था में छोड़ने की बजाय अपने साथ रखना चाहिए। जिससे परिवार खुशहाल होता है। पांडव जो परमात्मा से इशारा लेकर अपना कार्य करें। बुद्धरूपी तरकश में ज्ञान रुपी बाण सुरक्षित रखें। अर्जुन का धर्म ध्वजा निष्ठा का प्रतीक है, जो मनोविकारों पर विजय प्राप्त करने के लिए परमात्मा की शरण में आते हैं, उनकी सब जगह विजय ही होती है। इंसान स्वयं का ही शत्रु या मित्र अपने कर्मों के आधार पर होता है। मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु काम विकार है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा उठो जागो और ज्ञान को प्राप्त करो, अर्थात स्वयं को आत्मा निश्चय कर परमात्मा को याद करो, शरीर क्षेत्र है, आत्मा क्षेत्रीय है जो अपनी इंद्रियों पर क्रोध पर जीत पाएगा वही अर्जुन है। 18 अक्षय योणी सेना कुरुक्षेत्र में दिखाई गई है। अर्थात इस समय सारा संसार कुरुक्षेत्र बन गया है। आपने कहा चित्र जल गए सदियों पहले परंतु चरित्र सदा गुलजार रहा। मूर्तियों की पूजा उनके चरित्र के कारण हो रही है। अस्त्र-शास्त्र पांचजन शंख अर्थात जो पांचों विकारों से मुक्त कर दे, हिंसक नहीं, अहिंसक किया गया। नकारात्मक संकल्प आने से मनुष्य कमजोर हो जाता है। व्यर्थ संकल्पों को आने ही नहीं देना है। सदा ही सकारात्मक रहे, गृहस्थ जीवन को छोड़ना नहीं है। एक दिन धन, दौलत, शरीर सब मिट्टी में मिल जाना है, ढूंढ लो ठिकाना। प्रियंका ने मैं तो शिव की पुजारिन बनूंगी, मैं तो भोले की जोगिन बनूंगी गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। ब्रह्मकुमारी राजयोगिनी शोभा दीदी ने आए हुए अतिथियों, भक्तों, श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्रह्मकुमारी भाई-बहनों ने व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर रोशनी, सीमा, ज्योति, सुधा, हर्षिता, मिथिलेश, रिंकी, संतोष, मनोज, हरि निलेश, शरद, निराली, प्रियंका, जानवी, दीपिका, ज्योति, विजय, मोहित, अरविंद, सुधीर, रवि, गंगा सिंह, हेमचंद्र, प्रवीण, हुकुम सिंह, गोलू, सुआलाल मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।



कथा में प्रवचन करती दीपा बहन मौजूद श्रोता — समृद्धि न्यूज

# तृतीय सोपान शिविर में सिखाया गया गांठबंधन



गांठबंधन सीखते स्काउट गाइड — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

स्काउट के तृतीय सोपान के तीसरे दिन गांठबंधन एवं उसका क्या महत्व है क्यों बांधना चाहिए इस पर प्रकाश डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने डाला। एमआईसी फतेहगढ़ में चल रहे तृतीय सोपान शिविर के तीसरे दिन झंडा, प्रार्थना, स्काउट नियम एवं प्रतिज्ञा के बारे में विस्तार से कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने छात्रों को जानकारी दी। लीडर चमन शुक्ला ने द्वितीय सोपान से संबंधित प्रश्नों की परीक्षा कराई तथा अपने मार्ग दर्शन में अनुभव साझा किये। गजेंद्र सिंह ने प्रेरक गीतों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया। जनपदीय सचिव डॉ0 महेश चंद्र राजपूत ने शिविर का निरीक्षण किया तथा सभी प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि सुचारू रूप से शिविर का संचालन होते रहना चाहिए। कृष्ण स्वरूप, सीता कुमारी, ममता पाल, पूजा कुमारी आदि स्काउट लीडर उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर, दिनेश चंद्र, प्रदीप जायसवाल आदि शिक्षकों ने शिविर में सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### जनपद के सनी दिवाकर ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में लेंगे भाग



ताइक्वांडों खिलाड़ी सनी दिवाकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में ताइक्वांडों खिलाड़ी सनी दिवाकर नार्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता जालंधर में 22 से 24 दिसम्बर तक चलने वाली चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। जो लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर में आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया में 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक कानपुर यूनिवर्सिटी में हुई प्रतियोगिता में सनी दिवाकर चयन हुआ है। ताइक्वांडो कोच अजय प्रताप सिंह ने बताया कि सनी दिवाकर होनहार खिलाड़ी है। उन्होंने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए कानपुर क्राइस्ट चर्च डिग्री कालेज में हुई प्रतियोगिता में विजेता बने। जिसमें उनका चयन यूनिवर्सिटी जालंधर प्रतियोगिता के लिए किया गया। सनी दिवाकर नवाबगंज के बाबू सिंह डिग्री कालेज में बीपीएड के छात्र है। 54 किलो भार वर्ग में उन्होंने अपनी जगह पक्की की है। उनके चयन होने पर सभी खिलाड़ियों व कोच ने उन्हें बधाई दी है।

### घर-घर खोजे कुष्ट रोगी, 14 दिन चलेगा अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 दिसम्बर से 4 जनवरी तक स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान महात्मा गांधी की पुण्यतिथि यानि 30 जनवरी के अवसर पर लोगों में कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने व समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसी को लेकर सिविल अस्पताल लिंजीगंज में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राणा प्रताप के निर्देशन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। डॉ0 राणा प्रताप ने कहा कि आपके दरवाजे पर जब स्वास्थ्य कार्यकर्ता आएं तो उनका सहयोग करें, जिससे पोलियों की तरह ही कुष्ठ रोग का भी उन्मूलन किया जा सके। इस दौरान डॉ0 नवनीत, डा0 संजय बाथम, अनुपम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### कोकापुर में हुई चोरी का मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर में सोमवार/मंगलवार की रात आठ लोगों के घरों के ताले तोड़कर व दीवाल फांदकर चोर नकदी जेवर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में गांव कोकापुर निवासी रामवीर सिंह यादव पुत्र दीनदयाल की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार सोमवार/मंगलवार की रात किसी समय मेरे घर का ताला तोड़कर चोर बक्से को खोलकर उसमें रखा सोने का एक हार, एक जंजीर, तीन अंगूठी, दो जोडी गुच्छा, एक कमर की करधनी, तीन जोड़ी पायल चोरी कर ले गए थे। जब सुबह मैंने कमरे का ताला खुला देखा तब मुझे ये बात पता चली। उसके बाद पता चला कि हमारे गांव के ही जोरावर कठेरिया पुत्र इतवारी लाल के घर में चोर दीवाल फांदकर घुसे और कमरे में रखे बक्से से एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी झाले, झुमकी, मंगल सूत्र, दो सोने के ओम, एक गुच्छा, एक जोड़ी तोड़ियां व सात हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। इसके बाद जानकारी हुई कि हमारे गांव के ही विपिन कुमार कठेरिया पुत्र सत्यपाल, रामवीर शाक्य पुत्र सुखवासी लाल, राकेश शर्मा पुत्र सुभाष चंद्र, अरुण कुमार दुबे पुत्र हरीशंकर व रामदास पुजारी पुत्र रामभरोसे के बंद पड़े घरों के ताले टूटे हैं। ये लोग बाहर रहते हैं। घटना की जानकारी उन्हें मिल गई है। जब वह गांव आएंगे तब कितनी चोरी हुई, का पता चल सकेगा। मेरापुर पुलिस ने सम्मिलित तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के सुपुर्द कर दी है।

### बीडीओ ने बैठक कर सचिवों को दिये कड़े निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी ने सरकारी योजनाओं को लेकर सचिवों के साथ बैठक कर समीक्षा की तथा सरकार की योजनाओं को धरातल पर दिखाने के लिए रणनीति बनायी। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर बुधवार को विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने सचिवों के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के साथ ही योजनाओं में सक्रियता बरतकर जनता को लाभ दिलाने का कार्य करने की बात कही। जिसमें विकास खंड अधिकारी ने जल्द से जल्द सरकारी आवासों को पूर्ण करने तथा क्षेत्र में बन रही राशन की दुकान, आंगनबाड़ी केंद्र तथा शौचालय पूर्ण करने के जल्द से जल्द दिए निर्देश। वहीं विकास खंड अधिकारी ने सचिवों को बताया की चुनावी वक्त है। इसलिए योजनाओं को हरहाल में सरकार की मंशा के अनुरूप धरातल पर लाकर जनता को इसका पूर्णता लाभ दिलाने का कार्य किया जाए। वहीं क्षेत्र में घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में दिया जाए। ग्राम सचिवों को बताया कि जिनके क्षेत्र में गौशाला हैं और उनके गोपालक ग्राम प्रधान या किसी लाभार्थी से गौशाला में जानवर पहुंचने के नाम पर 500 रुपये की मांग करते हैं, तो ऐसे भ्रष्ट गोपालक को तुरंत हटाने का कार्य किया जाए तथा जनता व लाभार्थियों को उसका समुचित लाभ दिलाकर जनता के बीच सामंजस्य बनाया जाए।

# मांगों को लेकर दवा प्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** उत्तराखण्ड मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रेंटिसव एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने टाउन हाल स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्र होकर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। वैधानिक कार्य नियम बनाने और बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम 1976 की सुरक्षा के लिए हमारी यूनियन की सरकार से लम्बे समय से लंबित मांगों को निस्तारित करने की मांग की है। श्रम और रोजगार मंत्रालय को पत्र पूर्व में भी दिया जा चुका है। ज्ञापन में मांग की गई है कि देश के सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को किसी वैधानिक कामकाजी नियम के अभाव में उनके नियोक्ताओं द्वारा नौकरी छूटने, प्रेरित स्थानांतरण, वेतन और परिलब्धियों को रोकने, उनकी सेवा और काम करने की स्थिति में बदलाव और अन्य अनुचित प्रथाओं के माध्यम से शिकार होना पड़ता है। देश व्यापी हड़ताल में सभी सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों द्वारा आठ सूत्रीय मांग की गई है कि जिसमें बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम 1976 की रक्षा करें। बिक्री संवर्धन कर्मचारियों के लिए वैधानिक कार्य नियम बनाये। सरकारी अस्पतालों और संस्थानों में चिकित्सक प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंध हटाये और उनके काम करने के अधिकार सुनिश्चित करें। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कीमतें कम करें और जीएसटी हटाये। डेटा गोपनीयता को सुनिश्चित रखे। बिक्री संबंधित उत्पीड़न बंद करें। ट्रैकिंग और सर्विलांस के माध्यम से गोपनीयता में कोई घुसपैठ नहीं। कार्य स्थलों में निर्बाध प्रवेश सुनिश्चित करें आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी, भूपेन्द्र सिंह, रबसान अली, अभिषेक शुक्ला, रोशन सिंह, अंकित मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव, अजीत अवस्थी, श्रवण मिश्र, विवेक मिश्रा, अविरल सिंह आदि दवा प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



टाउन हाल गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन करते दवा प्रतिनिधि

# जिला जज ने अधिवक्ता लोगों स्टीकर किया विमोचन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद न्यायाधीश द्वारा बार एसोसिएशन फतेहगढ़ द्वारा नया अधिवक्ता लोगो स्टीकर का विमोचन किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व सचिव नरेश यादव ने जनपद न्यायाधीश कक्ष पहुंचकर जिला जज के द्वारा अधिवक्ता लोगो स्टीकर का विमोचन कराया। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ता एकजुट होकर न्यायिक कार्यों में सहयोग करें। जिससे पीड़ित को न्याय मिले। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार राणा, उपाध्यक्ष गौतम वर्मा, उपसचिव पियूष दुबे, बृजेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य शिवम मोहन कटियार, शमीम खान, अनवर जमाल, ईश्वरी शक्या आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।




अधिवक्ता स्टीकर का विमोचन करते जिला जज

# गाडगे उत्थान भवन में मनाया गया निर्वाण दिवस



संत गाडगे का निर्वाण दिवस मनाते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संत गाडगे उत्थान भवन संत गाडगे नगर में संत शिरोमणि गाडगे महाराज का निर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीपी सिंह ने की। जयंती समिति के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ ने समाज को गाडगे के जीवन पर प्रकाश डाला तथा पीपी सिंह ने समाज से कहा कि जैसे गाडगे ने शिक्षा पर जोर दिया। शराब व्यसन आदि से दूर रहने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में रमेश चंद्र, राकेश सिंह, विजय कनौजिया, संतोष दिवाकर, प्रेमपाल कनौजिया, सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा, सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, वेदप्रकाश, प्रभाकर वर्धन, संदीप दिवाकर, मनोज दिवाकर आदि ने अपने विचार रखे। इस मौके पर संत गाडगे समिति की संस्थापक रहे अमृत लाल कनौजिया, आरपी दिवाकर जिनका विगत दिनों निधन हो गया था, उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में फल विक्रेता महेश चन्द्र रहे प्रथम

- द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के साथ सांत्वना पुरस्कार दिये गये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा सेठ कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिला समन्वयक दीपिका राजपूत व प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने किया। समन्वयक दीपिका राजपूत ने बताया कि प्रदर्शनी में ऐसे वर्ग जिनका शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा नहीं होता है, जैसे किसान, मजदूर, मैकेनिक, कारीगर, शिल्पकार आदि द्वारा प्रतिभाग हेतु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिससे आम जन को नव प्रवर्तन के प्रति जागरुक किया जा सकें। प्रदर्शनी में असंगठित क्षेत्र के 48 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल में डा0 सतेन्द्र कुमार, डा0 कन्हैया माहुर, विजेन्द्र पाल सिंह मथुरिया एवं कुलदीप कुमार रहे। प्रथम स्थान फल विक्रेता महेश चन्द्र प्रजापति को मिला। जो व्यर्थ फूलों से प्राकृतिक रंग गुलाल, कुलकंद, हैमरिंग पैंटिंग बनाने पर दिया गया। प्रथम पुरस्कार स्वरुप 8 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पूनम पाण्डेय को पांच हजार रुपये का पुरस्कार जो गोबर व मुल्तानी मिट्टी की सजावटी सामग्री बनाने के लिए दिया गया। तृतीय स्थान पाने वाले सचिन कुशवाहा कारीगर को तीन हजार रुपये जो ब्लाक प्रिंटिंग उपकरण बनाने में दिया गया। सांत्वना पुरस्कार में मंजू कश्यप को जरदोजी वर्क, विपिन अम्बेडकर को वर्टिकल फार्मिंग, दीपेश शंकर गुप्ता को वाटर टैंक सेंसर तकनीकी, हर्ष कुमार दीक्षित को व्यर्थ मोबाइल बैटरी की लैम्प, प्रिया दीक्षित को प्राकृतिक उबटन बनाने के लिए चयनित किया गया। प्रत्येक को 2 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रवक्ता किरन वर्मा, शिक्षिका पारुल स्वर्णकार, तनुजा सरकार व शिक्षक रामवीर सोमवंशी ने देखी। गर्जना महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग किया गया। आकांक्षा सक्सेना, सुरेन्द्र पाण्डेय, अनुराग, अभिषेक मिश्रा, प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार, हिमांशु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



पुरस्कार व प्रमाण पत्र एवं शील्ड के साथ प्रतिभागी मौजूद शिक्षक

# घर-घर कैरल्स सिंगिंग का आयोजन कर प्रभु यीशु की शान में गाये गीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष में बीती रात ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के लोगों के द्वारा घर-घर जाकर कैरल्स सिंगिंग का आयोजन किया गया। प्रभु यीशु मसीह जन्म के सुसमाचार का संदेश को घर-घर में सुनाया गया। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 2000 वर्ष पूर्व प्रभु यीशु मसीह ने इस पृथ्वी पर जन्म लिया और समस्त मानव जाति के उद्धार के लिए अपने प्राणों को भी क्रूस बलिदान कर दिया। बताया गया की प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करने मात्र ही से मानव जाति का उद्धार है। कार्यक्रम के उपलक्ष में ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान माया मसीह, पुष्पा मसीह, विशाल धनी कोषाध्यक्ष, सुनील मसीह, अमोल मसीह, अमित राज बाबू, सोनू मैसी, सचिन मैसी, हर्ष जुलियस, आशीष मसीह एवम सेंटा क्लॉज द्वारा उपहार दिए गए।



कैरल्स सिंगिंग के दौरान मौजूद मसीह समाज के लोग

# पब्लिक स्कूल कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पब्लिक** स्कूल कल्याण समिति की बैठक कुटरा में सम्पन्न हुई। 26 नवंबर को संपन्न हुई जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की अवशेष उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु सभी पदाधिकारी यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल कुटरा फतेहगढ़ में विद्यालयों के प्रबंधक व शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष डा0 प्रभात अवस्थी, महामंत्री नवनीत मिश्रा, फतेहगढ़ परीक्षा संयोजक एमएल तिवारी, फर्रुखाबाद परीक्षा संयोजक डीके शर्मा, मीडिया प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी, दामोदर सिंह, संजय यादव, दिलीप अग्निहोत्री, डा0 मुकेश राठौर, प्रभात शुक्ला, पीवी सिंह राठौर, नरेंद्र गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव आदि अनेक विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य/निदेशक मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद प्रबंधक व शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# मां अन्नपूर्ण जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना के साथ हुआ भण्डारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जानकी महालक्ष्मी मंदिर अन्नपूर्णा खाटू श्याम मंदिर नया कोठा पर्चा में माता अन्नपूर्णा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के प्रबंधक मनीष ने बताया कि माताजी का प्रातः काल मंगला दर्शन एवं उनका अभिषेक एवं सिंगर के साथ वैदिक रीति से पूजन एवं यज्ञ किया गया। सायंकाल भजन कीर्तन के साथ कन्या भोज, महा आरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रमुख पुजारी ने बताया कि माता अन्नपूर्णा ने इस धरती पर मनुष्य की जीविका के लिए अन्य का दान भगवान शंकर को दिया था। उन्होंने कहा अन्न को माता का प्रसाद समझ कर खाना चाहिए। उसे बर्बाद नहीं करना चाहिए। मनुष्य जाति के लिए प्राण दाता है, जीवन देता है, माता का भोग अमृत में खीर पूरी एवं फल मिष्ठान का भोग लगाकर भक्तों को वितरण किया। इस अवसर पर गणेश मिश्रा, अनिल त्रिपाठी आदि भक्तों ने माता का आशीर्वाद एवं प्रसाद वितरण किया। नगर में एक मात्र अन्नपूर्णा का प्राचीन मंदिर है, जिसे यह उत्सव संपन्न होता है। हजारों की संख्या में प्रातः काल से सायंकाल तक माता के मंदिर में भक्तगण पूजा करते है।



मां अन्नपूर्णा मंदिर में भण्डारा में मौजूद भक्तगण

**प्रशिक्षण शिविर** — बच्चों ने टेंट लगाकर बिना बर्तन बनाया भोजन

# स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आदर्श जनता** इंटर कॉलेज खुम्मरपुर महलई में 3 दिवसीय स्काउट गाइड के प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक डॉ0 शक्ति सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के मुख्य आयुक्त दिनेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सचिव डॉ0 महेश राजपूत और प्रमोद चंद्र गंगवार प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व धर्म प्रार्थना के साथ कराया गया। जिसमें जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी वर्मा, स्काउट मास्टर वृंदावन, गाइड कैप्टन आरती एवं समस्त स्टाफ के साथ प्रशिक्षक मंडल में स्काउट मास्टर राजकुमार, व वैभव सोमवंशी और गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य उपस्थित रहे। अंतिम दिवस पर 7 स्काउट और 7 गाइड के टेंट लगाकर विद्यालय के ग्राउंड में सजावट करते हुए स्काउटमय बना दिया और भव्यता प्रदान करते हुए गुब्बारों और रंगोली बनाकर आकर्षक रूप से सजाया। अतिथियों द्वारा टेंट का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा बनाये गये व्यंजनों का स्वाद लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा कैम्प फायर के माध्यम से देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों की हौसला अफजाई के साथ उन्हें पुरुस्कृत किया।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से आनंदपाल, शीतल बाबू, राजेश कुमार पटेल, मनोज कुमार शाक्य, आरती, आदेश कुमार, शिल्पी शर्मा, राघवेंद्र सिंह, अशोक कुमार, आनंद कुमार, जगरूप सिंह, दीपक राजपूत, विवेक राजपूत, निशा शर्मा, आशीष राजपूत आदि मौजूद रहे।




टेंट निर्माण के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें व प्रशिक्षक

# ईडी ने लालू और तेजस्वी को भेजा समन

**लालू यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे तो उन्होंने लोगों को नौकरी देने के बदले में रिश्वत के रूप में जमीन के भूखंड प्राप्त किए थे**

नई दिल्ली,एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर और उनके बेटे, बिहार के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर को तलब किया है। इससे पहले अक्टूबर में दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ इस साल जुलाई में आरोप पत्र दायर होने के बाद लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को जमानत दे दी थी। इस मामले में लालू और उनके परिवार के खिलाफ यह दूसरा आरोपपत्र था और तेजस्वी यादव को आरोपी के रूप में नामित करने वाला इस मामले का पहला आरोपपत्र भी था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल मई में लालू और उनके



परिवार के सदस्यों पर मामला दर्ज किया था और लालू, पत्नी राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव और लाभार्थियों सहित 17 लोगों को नामित किया था। पूरी प्रक्रिया, जैसा कि एफआईआर में आरोपी है। केंद्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि जब लालू यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे तो उन्होंने लोगों को नौकरी देने के बदले में रिश्वत के रूप में जमीन के भूखंड प्राप्त किए थे। इससे पहले नवंबर में ईडी ने मामले के सिलसिले में तेजस्वी यादव के करीबी कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि कात्याल एके इंफोसिस्टम के प्रमोटर हैं।

कत्याल और एके इंफोसिस्टम घोटाले के सिलसिले में सीबीआई और ईडी की जांच के घेरे में हैं। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत दायर ईडी का मामला, उन आरोपों की सीबीआई जांच से उपजा है कि लोगों को रेलवे में रोजगार दिया गया था जब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद रेल मंत्री थे। उपहार में दिए गए भूमि पार्सल के बदले में या अपने परिवार और सहयोगियों को सस्ती दरों पर बेच दिया। सीबीआई की पहली चार्जशीट के अनुसार, लालू के परिवार ने इस तरह से 1 लाख वर्ग फुट से अधिक जमीन महज 26 लाख रुपये में हासिल की, जबकि तत्कालीन सर्कल दर के अनुसार जमीन का संचयी मूल्य 4.39 करोड़ रुपये से अधिक है।

# सावधान : ओमीक्रॉन सब-वेरिएंट जेएन 1 के मिले 21 मामले

नई दिल्ली,एजेंसी

देशभर में अब तक कोविड-19 सब-वेरिएंट जेएन.1 के 21 मामले सामने आ चुके हैं। गोवा, केरल और महाराष्ट्र में नए कोरोना वायरस वैरिएंट के मामले सामने आए हैं। जबकि गोवा में अब तक कोविड उप-संस्करण जेएन.1 के 19 मामले सामने आए हैं, केरल और महाराष्ट्र में एक-एक मामले का पता चला है। ओमिक्रॉन वंश का वंशज, जेएन.1 पिछले कुछ हफ्तों में सबसे तेजी से फैलने वाले वायरस में से एक बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन1 को एक अलग रुचि के प्रकार के रूप में वर्गीकृत किया है, लेकिन कहा है कि यह कम वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। देश भर में कोविड मामलों में बढ़ोतरी के बीच, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वीके पॉल ने बुधवार को कहा



कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पॉल ने कहा कि भारत में वैज्ञानिक समुदाय नए वैरिएंट पर कड़ी नजर रख रहा है। हालाँकि, वीके पॉल ने राज्यों को कोविड की तैयारी बढ़ाने, परीक्षण बढ़ाने और अपनी निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बीच, केंद्र ने देश भर में कोविड के मामले बढ़ने के कारण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्क रहने को कहा है। सलाह में राज्यों को नियमित आधार पर सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में जिलेवार इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के मामलों की निगरानी और रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### आईसीसी रैंकिंग में नंबर वन बल्लेबाज बनें बाबर आजम



आईसीसी ने बुधवार को खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इसमें भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुबमन गिल को एक पायदान का नुकसान हुआ है। जबकि पाकिस्तानी सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर से वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बने हैं। इसके अलावा रवि विश्नोई को भी भारी नुकसान हुआ है। बता दें कि, बाबर आजम 824 रेटिंग अंक हैं। वहीं गिल 810 अंक के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। विराट कोहली 775 अंक के साथ तीसरे नंबर पर जबकि रोहित शर्मा 775 चौथे पायदान पर हैं। इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले महीने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोई भी वनडे मुकाबला नहीं खेला है। गिल ने वर्ल्ड कप के दौरान बाबर को पीछे छोड़ा था और टॉप पर काबिज हुए थे। फिलहाल भारतीय टीम इस समय साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा इस टीम का हिस्सा नहीं है। साउथ अफ्रीका के रासी वान डेर डुसेन और हेनरिक क्लासेन को नुकसान झेलना पड़ा है। दूसरी तरफ टी20 इंटरनेशनल गेंदबाजों की रैंकिंग की बात करें तो स्पिनर रवि बिश्नोई से नंबर वन की बादशाहत छिन गई है। इंग्लैंड के आदिल राशिद तीन पायदान की छलांग के साथ अब टॉप पर काबिज हो गए हैं। जबकि बिश्नोई अभी तीसरे नंबर पर लुढ़क गए हैं। दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के राशिद खान बरकरार हैं।

### मुम्बई सिटी एफसी- मोहन बागान सुपर जायंट होगें आमने-सामने

**मुंबई, एजेंसी।** मोहन बागान सुपर जायंट की टीम बुधवार शाम अपने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मैच के लिए मुम्बई फुटबॉल एरेना (एमएफए) की यात्रा करेगी, जहां मैरिनर्स का सामना मेजबान मुम्बई सिटी एफसी से होगा। यह मैच आईएसएल की दो सबसे ताकतवर टीमों के बीच हैवीवेट मुकाबला होगा। मैरिनर्स लीग में अब तक अपराजित रहे हैं, उन्हें अपने खेले सात मैचों में छह जीत और एक ड्रा से 19 अंक हासिल किए हैं। एएफसी कप की निराशा और कई चोटिल खिलाड़ियों की चिंताओं को पीछे छोड़कर मौजूदा आईएसएल लीग विनर्स शील्ड विजेता इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अपनी प्रतिभा व गुणवत्ता के साथ न्याय कर रहे हैं। आइलैंडर्स के आठ मैचों में 16 अंक हैं और वे भी अभी तक हारे नहीं हैं, लेकिन उनका लक्ष्य चार ड्रा और चार जीत के आंकड़े में एक और जीत जोड़ने का लक्ष्य रहेगा। पीटर क्रैटकी की आईएसएल में शुरुआत बहुत माकूल नहीं रही है, चेक कोच की देखरेख में उन्होंने एफसी गोवा और ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला है। ये परिणाम आगे मुम्बई सिटी को परेशान करेंगे।

### सहारा के निवेशकों ने किये 80 हजार करोड़ रुपये के रिफंड का दावा

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सहारा सहकारी समितियों से रिफंड के लिए अब तक तीन करोड़ लोगों ने 80 हजार करोड़ रुपये के रिफंड का दावा किया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार निवेशकों को रिफंड की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से शुरू की गयी है। अभी पांच हजार करोड़ रुपये इसके लिए मिले हैं और दावा किये जाने के 45 दिनों में रिफंड की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को निवेश के दावे को लेकर प्रमाण ऑनलाइन ही देना होता है और उसकी पुष्टि होने के बाद ही रिफंड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के तहत यह काम किया जा रहा है। इसके लिए जो पोर्टल बनाया गया है उस पर रिफंड के दावे के निपटान की पूरी पारदर्शी प्रक्रिया बनायी गयी है और उसी के अनुरूप रिफंड की प्रक्रिया चल रही है।

# वैश्विक सपोर्ट से नए शिखर पर पहुंचा शेयर बाजार

नई दिल्ली,एजेंसी

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने भी आज जोरदार तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की। शेयर बाजार के दोनों सूचकांक आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना कर खुले। शुरुआती कारोबार में ही इन दोनों सूचकांकों ने तेजी का रुख दिखाते हुए मजबूती के एक और नए शिखर पर पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि आधे घंटे के बाद ही मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.49 प्रतिशत और निफ्टी 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एलटी माइंडट्री, टीसीएस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आयशर मोटर्स और विप्रो के शेयर 2.31 प्रतिशत से लेकर 1.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर, सन फार्मास्यूटिकल, एक्सिस बैंक, सिप्ला, महिंद्रा एंड महिंद्रा और कोल इंडिया के शेयर 0.51 प्रतिशत से लेकर 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,988 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,385 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 603 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 6 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

# रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस को मिला एनईसीए अवार्ड

मुंबई,एजेंसी

भारत की अग्रणी निजी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस को भारत के ऊर्जा मंत्रालय के ब्यूरो आफ एनर्जी एफीशिएंसी की ओर से नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड (एनईसीए) 2023 दिया गया है। कंपनी को यह प्रतिष्ठित अवार्ड उसके द्वारा किए जा रहे पर्यावरण फ्रेंडली कार्यप्रणाली और सतत बिजनेस ग्रोथ में योगदान देने के लिए प्रदान किया गया है।

कंपनी के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा को यह अवार्ड केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं रेन्यूएबल ऊर्जा मंत्री श्री आर.के.सिंह के हाथों प्रदान किया गया। यह अवार्ड कंपनी द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाली तकनीकि का इस्तेमाल करते हुए संसाधनों के उपयोग और ऊर्जा क्षमता के कारण दिया गया है। कंपनी अपनी विस्तृत कार्यक्षमता के कारण इन लाभों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने और उस प्रभावशाली कार्यक्षमता को ग्राहकों को




अपने नवीन लाइन के उत्पादों के माध्यम तक पहुंचाने में सफल रही है। इस अवार्ड को प्राप्त करने के बाद रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ श्री आशीष वोहरा ने कहा, हमारी ऊर्जा को संरक्षित करने की यात्रा चार वर्षों पूर्व एक तरह से लागत कम करने की दिशा में उठाए गए कदमों को लेकर शुरू हुई थी। एक तरफ ऊर्जा क्षमता वाले पूंजीगत चुनाव और मोशन सेंसर जैसी कई चीजें लागू करना बुनियादी जरूरतें थीं लेकिन धीरे-धीरे हमारी प्रशासनिक टीम ने अपनी कार्बन फूटप्रिंटट को घटाने की दिशा में तेजी से काम किया और ज्यादा से ज्यादा टीमों ने मिलकर आईओटी आधारित रिमोट कंट्रोल यंत्रों का उपयोग शाखाओं में करना शुरू किया जिससे नए समाधानों की खोजें तेज हुईं। हम लगातार इस बात के प्रयास में लगे हैं कि पर्यावरण के प्रति सजग समाधानों की खोज की जाए ताकि हम उसे बढ़ाकर अपनी 700 से ज्यादा शाखाओं में लागू कर सकें, और अपने पूरे संस्थान में होने वाले ऊर्जा लागत को 34त्र तक कम कर सकें। श्री वोहरा ने आगे बताया कि कंपनी ने नेचुरल लाइटिंग और वेंटिलेशन सिस्टम का सहारा लिया है और पर्यावरण की दृष्टि से उचित कार्यप्रणाली तैयार करने के लिए स्मार्ट कूलिंग सिस्टम और लाइटिंग साल्यूशन लागू किए हैं।

## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के पार, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड 79.18 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73.44 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन कारोबार की शुरुआत ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

# हड्डियों को गला रही हैं ये 6 चीजें, आज ही बंद कर दें खाना



हड्डियां शरीर का अहम हिस्सा मानी जाती हैं परंतु लोग अपने स्वास्थ्य के चलते इसका ध्यान नहीं देते। ज्यादातर लोग अपनी डाइट में ऐसे फूड्स का सेवन कर लेते हैं जो हड्डियों को धीरे-धीरे खोखला करते हैं। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे ही चीजें बताते हैं जिन्हें आपको अपनी डाइट से बाहर कर देना चाहिए। आइए जानते हैं इन फूड्स के बारे में....



**कोल्ड ड्रिंक**

इसमें फॉस्फोरिक एसिड पाया जाता है जो हड्डियों में से कैल्शियम निकाल देता है और हड्डियों को कमजोर बनाता है। ऐसे में अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से हड्डियां कमजोर होती हैं।

**हाई फ्रक्टोज कॉन सिरप**

यह एक तरीके शुगर सिरप जैसा ही मीठा लिक्विड स्वीटर होता है जो कॉर्न स्टार्च को ब्रेक कर उसमें दूसरे एंजाइम्स मिलाकर तैयार किया जाता है। यह एक तरीके शुगर सिरप जैसा ही मीठा लिक्विड स्वीटर होता है जो कॉर्न स्टार्च को ब्रेक कर उसमें दूसरे एंजाइम्स मिलाकर तैयार किया जाता है।



**कैफीन**

सामान्य मात्रा में कैफीन का सेवन शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता लेकिन कॉफी, एनर्जी ड्रिंक्स और कैफीन वाला चीजें शरीर को कैल्शियम अवशोषण की प्रक्रिया बाधित करती हैं जिससे बोन डेंसिटी कम होने लगती हैं।

**नमक की मात्रा कम कर दें**

कुछ लोग खाने के ऊपर से नमक डालकर खाते हैं इसके अलावा कुछ पदार्थ नमक से भरपूर होते हैं जैसे प्रॉसेस्ड और फास्ट फूड यह शरीर में से यूरीन के जरिए कैल्शियम को निकालते रहते हैं, जिससे धीरे-धीरे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और इसके कारण ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क बढ़ जाता है।

**प्रोटीन बढ़ा सकता है समस्या**


प्रोटीन अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक होता है लेकिन अत्यधिक प्रोटीन का सेवन लोग नॉन वेजिटेरियन से करते हैं जिसके कारण प्रोटीन शरीर से कैल्शियम को निकालने लगता हैं। ऐसे में यदि आप भी ज्यादा मात्रा में प्रोटीन खाते हैं तो सावधानी बरतें।

**फास्ट फूड**

फास्ट फूड में अनहेल्दी फैट, हाई सोडियम पाया जाता है और इसमें पोषक बिल्कुल भी मौजूद नहीं होते। ज्यादा समय तक इसका सेवन हड्डियों में परेशानी पैदा करता है। ऐसे में यदि आप हड्डियों की समस्या से जूझ रहे हैं तो फास्ट फूड को अपनी डाइट से बाहर कर दें।

# कई मान्यताओं को संजोए हुए है कपिलेश्वर महादेव मंदिर

उत्तराखंड के कुमाऊं का इतिहास बेहद समृद्ध रहा है। यहां कई राजवंशों ने राज किया था। कुमाऊं के कत्यूरी वंश के शासन काल को इतिहास में कुमाऊं का स्वर्ण काल कहा जाता है। कत्यूरी राजा शैव धर्म के अनुयायी थे। इसी वजह से उन्होंने उत्तराखंड में कई शिव मंदिरों का निर्माण भी करवाया था। जिनकी शैली आज भी लगभग एक जैसी है। ऐसा ही एक प्रसिद्ध मंदिर नैनीताल से लगभग 70 किमी. दूर स्थित कपिलेश्वर महादेव का है। मान्यता है कि कपिलेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में एक रात में कत्यूरी वंश के राजाओं ने किया था। इस मंदिर को बनाने के लिए स्थानीय हल्के भूरे रंग के पत्थरों का प्रयोग किया गया है। कत्यूर राजाओं के द्वारा बनाए जाने के कारण इस मंदिर की निर्माण शैली भी कत्यूरों के अन्य मंदिरों के निर्माण शैली की तरह ही है। मंदिर के ऊपर पत्थर का बना एक विशालकाय गुंबद है और मंदिर के प्रवेश द्वार पर कत्यूरों के अन्य मंदिरों की तरह ही दो मूर्तियां लगी हुई हैं। फडक़ा और शकुनि नदी के संगम पर है ये मंदिर- नैनीताल जिले के मौना ल्वेशाल से लगभग 11 किमी. नीचे की तरफ



शकुनि और फडक़ा नदी के संगम में कपिलेश्वर धाम स्थित है। शकुनि नदी का उद्गम स्थल अल्मोड़ा जिले का चायखान गांव है, वहीं फडक़ा नदी का उद्गम स्थल अल्मोड़ा जिले का मोतियापथर गांव है। कपिलेश्वर महादेव मंदिर नैनीताल और अल्मोड़ा की सीमा में स्थित कत्यूरी राजाओं द्वारा एक रात में निर्मित प्राचीन शिव मंदिर है। एक रात में हुआ था मंदिर का निर्माण- मंदिर के पुजारी किशन गिरी गोस्वामी के अनुसार उनकी कई पीढियां इस मंदिर की देखरेख और पूजा करती आ रही हैं। लगभग 1200 से 1300 साल पुराने कपिलेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में 9 लाख चंद राजाओं द्वारा एक रात में किया गया था। चिता भूमि में बना ये मंदिर दो नदियों के संगम में स्थित है। यहां भगवान शिव की पूजा की जाती है। इस मंदिर में स्थित शिवलिंग स्वयं ही धरती से उत्पन्न हुआ था। जिसकी पूजा का अधिकार यहां रहने वाले नाथ परंपरा को निभाने वाले गोस्वामी परिवारों को ही है। जो कई सदियों से इस मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं। क्या है कत्यूरी वंश के शासकों की मंदिर निर्माण की मान्यता-उत्तराखंड में कत्यूरी वंश के शासकों ने कई मंदिरों का निर्माण करवाया था, क्योंकि कत्यूर राजा शैव धर्म के अनुयायी थे। उन्होंने कई शिवालयों का निर्माण करवाया था। स्थानीय निवासी मान सिंह ने बताया कि ऐसा कहा जाता है कि कत्यूर वंश के शासक एक रात में मंदिरों का निर्माण करते थे। उन्होंने बताया कि जिस जगह एक लाख कत्यूर काम में लग जाते थे, तो सुबह होने तक उस निर्माण को पूरा करते थे। अगर सुबह होने तक निर्माण पूरा नहीं हो पाया तो उस निर्माण को वो अधूरा ही छोड़ देते थे। यही वजह थी कि कपिलेश्वर महादेव मंदिर का पिछला हिस्सा अधूरा रह गया था, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा ही पूरा किया गया था। क्यों हो गया मुख्य मंदिर टेढ़ा- कत्युरों द्वारा बनाए गए इस कपिलेश्वर महादेव का मुख्य मंदिर टेढ़ा हो गया है, इसकी वजह स्थानीय लोगों द्वारा कई किवदंतियों के माध्यम से सुनाई जाती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां दो नागों का युद्ध हुआ था। यही वजह है कि ये मंदिर थोड़ा झुक गया। कुछ लोगों का मानना है कि भू-धंसाव के कारण कपिलेश्वर महादेव मंदिर थोड़ा झुक चुका है।

# आयुर्वेद से कैंसर और हार्ट प्रॉब्लम का सफल इलाज सम्भव

**लखनऊ।** किडनी फेल, लिवर फेल, कैंसर और हार्ट प्रॉब्लम का सफल इलाज आयुर्वेद से पूरी तरह संभव है। यह बातें हिम्स के डॉक्टर ने 20 दिसंबर 2023 को हिम्स लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। हिम्स आयुर्वेद के संस्थापक आचार्य मनीष आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर सक्रिय हैं और लोगों को अपनी पुरानी विरासत से जागरूक कर निरोग काया का मंत्र दे रहे है। हिम्स लखनऊ में की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि हिम्स में शरीर की अंदरूनी शक्ति बढ़ाकर किडनी, कैंसर, लिवर, शुगर, बीपी और दिल के रोगों को रिवर्स करने पर जोर दिया जाता है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर अभिषेक शिवहरे भी शामिल थे। संबोधन के अवसर पर डॉक्टर अभिषेक ने कहा कि विभिन्न अस्पतालों में बहुत समय और पैसा खर्च करने के बाद विभिन्न डायलिसिस रोगी हमारे अस्पताल में आते हैं। हिम्स में हमारी टीम उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करती है और हमने अपने कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को कुछ



महीनों के भीतर ही पूरी तरह से ठीक किया है। योग और मेडिटेशन गुरु और हिम्स के संस्थापक आचार्य मनीष ने कहा, हिम्स में, हमारा लक्ष्य किसी भी बीमारी के मूल कारण का पता लगाना है। इसके लिए हम विशेष तौर पर इंटीग्रेटेड विज्ञान का इस्तेमाल करके किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी का इलाज कर सकते है। न जाने कितने ही किडनी, लीवर, हार्ट और कैंसर के मरीजों के लिए हमारा आयुर्वेदिक इलाज उनके जीवन में आशा की किरण बनकर आया है। हमारे पास कई ऐसे मरीज भी आये है जो कि ठीक होने की उम्मीद पूरी तरह से खो चुके थे परन्तु आज बिल्कुल स्वस्थ है। हिम्स में डॉ. अमर सिंह आजाद, डॉ. खादर वल्ली, डॉ. पांडे और डॉ. बीआरसी जैसे विशेषज्ञों की देखरेख और नेतृत्व में पुरानी से पुरानी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।

# कैल्शियम, अनिद्रा और जोड़ों का दर्द, हर तरह की कमजोरी दूर करेगा ये स्पेशल दूध



आजकल की भागदौड़ वाली लाइफस्टाइल और गलत खान- पान की वजह से शरीर में कमजोरी रहती है और जोड़े में दर्द की समस्या आम बात हो गई है। ऐसे में आप मखाने और दूध का मिलाकर सेवन कर सकते हैं। मखाने कैल्शियम का भंडार होते हैं और इसमें कई सारे पौष्टिक गुण होते हैं। वहीं दूध के पोषक तत्व मखानों को और ज्यादा पौष्टिक बना देते हैं। इसे रात को पीकर सोने से नींद भी बहुत अच्छी आती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। आइए आपको बताते हैं दूध और मखाने मिलाकर लेने के हेल्थ इमदमपिजे और इसके सेवन का तरीका...

**हड्डियां होती हैं मजबूत**

मखाने में भरपूर मात्रा में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और मैंगनीज जैसे तत्व पाए जाते हैं। दूध भी कैल्शियम और विटामिन क् का एक बेहतरीन स्त्रोत है। दूध में भिगोए मखाने इन दोनों सुपरफूड्स के गुणों को एक साथ लेकर आते हैं। ये हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**डायबिटीज के लिए फायदेमंद**

मखानों में मौजूद भरपूर मात्रा में फाइबर और मैग्नीशियम रक्त शर्करा के स्तर को कंट्रोल करने में मदद करता है, जो डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है।

**स्किन की बढ़ती है ग्लो**

मखानों में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स और अमीनो एसिड होता है जो त्वचा के लिए बहुत लाभकारी होता है। एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की कोशिकाओं को फ्री रेडिकल्स के नुकसान से बचाते हैं और इसे चमकदार बनाए रखने का काम करता है। वहीं इससे फाइन लाइंस



और झुर्रियों कम हो जाती हैं।

**मखाने वाले दूध के लिए सामग्री**

**दूध- 1 ग्लास**
**मखाने**
**बादाम- 10/12**
**खसखस**
**मिश्री या गुड़- 2/3 चम्मच**
**घी**

**बनाने की विधि**

1. सब से पहले बादाम और मिश्री को मिक्सी में दरदरा पीस लें। दोनों से अलग-अलग निकाल लें।
2. अब मखाने को ड्राई रोस्ट कर लें, जब तक ये क्रिस्पी न हो जाएं।
3. कुछ तवेंजमक मखानों को अलग कर लें और कुछ को मिक्सी में दरदरा पीस कर अलग निकाल लें।
5. एक पैन में आधा चम्मच घी लें और उसमें आधा चम्मच खसखस डालकर रोस्ट कर लें।
6. अब इसमें दूध डाल दें ।
7. इसके बाद ऊपर से कूटे हुए बादाम और मखाने डाल दें और दूध में उबाल आने दें।
8. अब बचे हुए साबत मखाने और स्वादानुसार मिश्री डाल दें।
9.बड़ा उबाल आने पर गैस की प्लेम लो करें और 2 मिनट तक दूध को पकने दें।
10. अब गैस बंद कर दें। इस मखाने वाले दूध का सेवन गुनगुना ही कीजिए।

**नोट- इस दूध को 7-8 दिन तक हर दिन रात को सोने से पहले लें। इससे आपको बहुत अच्छी नींद आएगी और सुबह आप बहुत तरो-ताजा महसूस करेंगे। सर्दियों में कई लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत रहती है, उन्हें इसका सेवन जरूर करना चाहिए।**